सुप्रभात
रांची, शनिवार
03.05.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक


# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | बैशाख, शुक्ल पक्ष, षष्ठी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 I वर्ष : 12 I अंक : 286




06 भारत को महाशक्ति क्यों नहीं बनना चाहिए

# सरायकेला-खरसावां एवं गुमला के डीसी मिले सीएम से





- **पीएम अवार्ड के लिए सीएम हेमंत सोरेन ने दी बधाई**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को सरायकेला-खरसावां जिला के डीसी रवि शंकर शुक्ला और गुमला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी को शिष्टाचार भेंट के दौरान बधाई दी। दोनों डीसी को प्राइम मिनिस्टर अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन से सम्मानित किया गया है। दरअसल, यह अवार्ड लोक प्रशासन में उत्कृष्टता और नवाचार पहलों के लिए दिया जाता है। सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया प्रखंड को आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के प्रभावशाली और नवोन्मेषी क्रियान्वयन के लिये पूरे देश में अव्वल स्थान प्राप्त करने के लिये यह अवार्ड दिया गया है। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास के लिये सरकार प्रतिबद्ध है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक जनहित से जुड़ी योजनाओं को पहुंचाने में अधिकारियों की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि इस सम्मान से पूरा राज्य गौरवान्वित हुआ है। आने वाले दिनों में झारखंड विकास योजनाओं के बेहतर और सफल क्रियान्वयन में नये कीर्तिमान स्थापित करेगा। यह अवार्ड 21 अप्रैल को सिविल सेवा दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों डीसी को सम्मानित किया।

## सिर्फ गलत पॉलिसी नंबर पर मुआवजा से इनकार नहीं कर सकती बीमा कंपनी : हाईकोर्ट

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने पिछले दिनों अपने एक आदेश में कहा है कि बीमाकर्ता अपनी ओर से सही पॉलिसी प्रस्तुत करने में असफल रहता है तो बीमा कंपनी सिर्फ इस आधार पर अपने दायित्व से मुक्त नहीं हो सकती कि दावेदारों ने गलत पॉलिसी नंबर दिया है। हाईकोर्ट ने यह फैसला रिलायंस जनरल इंश्योरेंस की उस अपील पर दिया, जिसमें उसने पाकुड़ की निचली अदालत द्वारा दिये गये 20 .49 लाख रुपये मुआवजे के फैसले को चुनौती दी थी। दरअसल पाकुड़ की लालमुनि ने अपने पति और पिता की सड़क दुर्घटना में मृत्यु के बाद मुआवजे का दावा किया था। उसका कहना था कि ड्राइवर की लापरवाही से हादसा हुआ, जिसमें दो लोगों की मौत हुई। इनमें से एक परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। हालांकि, सुनवाई के दौरान बीमा से जुड़ी सही पॉलिसी कोर्ट में नहीं पेश की गयी थी, फिर भी ट्रिब्यूनल ने मुआवजा देने का आदेश दिया। बीमा कंपनी ने इसी आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय द्विवेदी की कोर्ट में हुई।


## पी.एम. श्री जवाहर नवोदय विद्यालय-2, लंगर कोट, जपला, हुसैनाबाद, पलामू

### निविदा सूचना 2025-26

पी.एम. श्री जवाहर नवोदय विद्यालय-2, लंगर कोट, जपला, हुसैनाबाद पलामू में जून-2025 से मई-2026 की अवधि में आपूर्ति हेतू निबंधित एवं प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान/व्यवसायी (जो निम्न सामग्रियों की आपूर्ति हेतू पंजीकृत हों तथा जिन्होंने अद्यतन वाणिज्यकर स्वच्छता प्रमाण पत्र GST एवं जमा रसीद की प्रति बाणिज्यकर विभाग से प्राप्त कर लिया हो) से दिनांक 02.05. 2025 से 19.05.2025 के अपराहन 04:00 बजे तक विहित प्रपत्र में भरे हुए मुहर बंद निविदायें (प्रमाण पत्रों की प्रति, अग्रधन राशि निविदा प्रपत्र की क्रय की प्राप्ति रसीद) एवं अमानत राशि जो बैंक ड्राफ्ट प्राचार्य, जवाहर नवोदय विद्यालय, जपला, पलामू को देय होगा के साथ निबंधित डाक द्वारा आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा दाता भरी हुई निविदा को पंजीकृत डाक/हाथों हाथ/कोरियर द्वारा विद्यालय में भेज सकते हैं। निविदादाता लिफाफे पर वस्तु का नाम मोटे अक्षरों में अवश्य लिखें जिसके लिए निविदा दी जा रही है। एक लिफाफे में एक से अधिक निविदा मान्य नहीं होगा। पहला लिफाफा में आवश्यक कागजात होगें जिसके उपर Technical Bid एवं निविदा मद का नाम लिखा होगा तथा दूसरा लिफाफा में निविदा दर एवं अग्रधन राशि का ड्राफट होगा, जिसपर Finanfcial Bid एवं निविदा मद का नाम लिखा रहेगा।

निविदा एवं नियमावली प्रपत्र जवाहर नवोदय विद्यालय-2, जपला, पलामू से दिनांक दिनांक 03.05.2025 से 19.05.2025 के दरम्यान कार्यालय कार्य दिवस में 04:00 बजे अपराहन तक प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा प्रप्रत्र जमा करने की अंतिम तिथि 19.05.2025 को 04:00 बजे अपराहन तक ही है। निविदा प्रपत्र का मूल्य 500 मात्र रू० प्रति मद है। जिसका ड्राफ्ट ही मान्य होगा।

निविदा दिनांक 21.05.2025 को 10:00 बजे पूर्वाहन प्राचार्य कक्ष, जवाहर नवोदय विद्यालय, लंगर कोट, जपला, हुसैनाबाद में क्रय सलाहकार समिति के सदस्यों के समक्ष खोली जायगी। निविदाओं को पूर्णतया या आंशिक रूप से बिना कारण बताये स्वीकृत अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अध्यक्ष, विद्यालय क्रय सलाहकार समिति के पास सुरक्षित रहेगा। मदवार अग्रधन राशि की सूची निम्नवत है:-

| क०सं० | मद का नाम | अग्रधन | क०सं० | मद का नाम | अग्रधन |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खाद्यान्न सामग्री | 50000 | 11 | कम्प्यूटर एवं CCTV Camera मरम्मत/ maintenance of computer & AMC | 5000 |
| 2 | हरी सब्जी, एवं फल | 10000 | 12 | किराए वाहन | 10000 |
| 3 | दूध एवं मिठाई, | 5000 | 13 | बिजली संबंधित समान | 5000 |
| 4 | आलू एवं प्याज | 10000 | 14 | Fire Extinguisher Refilling | 5000 |
| 5 | मांसाहार (मछली, अण्डा मीट) | 5000 | 15 | विज्ञान/गणित प्रयोगशाला उपकरण | 5000 |
| 6 | गणवेश (यूनिर्णाम) | 10000 | 16 | खेल-कुद सामाग्री | 5000 |
| 7 | छात्र एवं कार्यालय लेखन सामग्री | 10000 | 17 | गद्दा/तकिया मरम्मती | 2000 |
| 8 | दैनिक उपयोग सामग्री | 5000 | 18 | कपड़ा प्रेस एवं घुलाई | 1000 |
| 9 | विछावन सामग्री | 10000 | 19 | बाल कटाई | 500 |
| 10 | यूनिफार्म सिलाई | 5000 | 20 | टक शॉप | 1000 |

**(अशहर रूमी)**
**प्रभारी प्राचार्य**



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, राँची (जिला समाज कल्याण अन्तर्गत)

### अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 02 / 2025–26

1. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,राँची।
2. परिमाण विपत्र, बिक्री की तिथि / स्थान :– दिनांक 09.05.25 को 3.00 बजे तक। विकास भवन, राँची।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि / स्थान :– दिनांक 10.05.25 को 3.00 बजे अपराह्न तक जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
4. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 10.05.25 को 3.30 बजे अपराह्न ।
5. कार्य का विवरण।

| क्र0 सं0/ ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि/ प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि | यंत्र संयंत्र का स्वामित्व |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | रातु | रातु प्रखण्ड के झखराटॉड़ में आंगबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 11,08,200.00 | 22,500/- | 2500/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 2 | रातु | रातु प्रखण्ड के झखराटॉड़ हरिजन मोहल्ला में आंगबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 11,08,200.00 | 22,500/- | 2500/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 3 | रातु | रातु प्रखण्ड के बड़का टोली पूर्वी में आंगबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 11,08,200.00 | 22,500/- | 2500/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 4 | रातु | रातु प्रखण्ड के आमटॉड़ पूर्वी में आंगबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 11,08,200.00 | 22,500/- | 2500/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 5 | रातु | रातु प्रखण्ड के आमटॉड़ पश्चिम में आंगबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 11,08,200.00 | 22,500/- | 2500/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 6 | रातु | रातु प्रखण्ड के रातु चट्टी में आंगबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 11,08,200.00 | 22,500/- | 2500/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 7 | रातु | रातु प्रखण्ड के गुटुवा टोली में आंगबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 11,08,200.00 | 22,500/- | 2500/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 8 | रातु | रातु प्रखण्ड के गरिया टोली में आंगबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 11,08,200.00 | 22,500/- | 2500/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 9 | रातु | रातु प्रखण्ड पाली उत्तरी में आंगबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 11,08,200.00 | 22,500/- | 2500/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 10 | रातु | रातु प्रखण्ड के पाली मध्य में आंगबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 11,08,200.00 | 22,500/- | 2500/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 11 | रातु | रातु प्रखण्ड के गुटू टोंका टोली में आंगबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 11,08,200.00 | 22,500/- | 2500/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 12 | रातु | रातु प्रखण्ड के डंबई हेहल –1 में आंगबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 11,08,200.00 | 22,500/- | 2500/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 13 | रातु | रातु प्रखण्ड के डंबई हेहल –2 में आंगबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 11,08,200.00 | 22,500/- | 2500/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 14 | रातु | रातु प्रखण्ड के अगडु पश्चिम में आंगबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 11,08,200.00 | 22,500/- | 2500/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 15 | रातु | रातु प्रखण्ड के कमड़े उपर टोली में आंगबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 11,08,200.00 | 22,500/- | 2500/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 16 | रातु | रातु प्रखण्ड के फुटकलटोली मुस्लिम मोहल्ला में आंगबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 11,08,200.00 | 22,500/- | 2500/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 17 | रातु | रातु प्रखण्ड के शांतिनगर चटकपुर में आंगबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 11,08,200.00 | 22,500/- | 2500/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 18 | रातु | रातु प्रखण्ड के सिमलिया मुस्लिम मुहल्ला–1 में आंगबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 11,08,200.00 | 22,500/- | 2500/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 19 | रातु | रातु प्रखण्ड के सिमलिया मुस्लिम मुहल्ला–2 में आंगबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 11,08,200.00 | 22,500/- | 2500/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 20 | ईटकी | ईटकी प्रखण्ड के महुआ टिकरा में आंगबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 11,08,200.00 | 22,500/- | 2500/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 21 | ईटकी | ईटकी प्रखण्ड के दरहा टाँड़ में आंगबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 11,08,200.00 | 22,500/- | 2500/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 22 | ईटकी | ईटकी प्रखण्ड के मौसी बाड़ी में आंगबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 11,08,200.00 | 22,500/- | 2500/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 23 | ईटकी | ईटकी प्रखण्ड के कुन्दी –2 में आंगबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 11,08,200.00 | 22,500/- | 2500/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 24 | ईटकी | ईटकी प्रखण्ड के रानी खटंगा –2 में आंगबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 11,08,200.00 | 22,500/- | 2500/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 25 | ईटकी | ईटकी प्रखण्ड के चचली टोली (रानी खटंगा) में आंगबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 11,08,200.00 | 22,500/- | 2500/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 26 | ईटकी | ईटकी प्रखण्ड के मुस्लिम टिकरा टोली (रानी खटंगा) में आंगबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 11,08,200.00 | 22,500/- | 2500/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 27 | ईटकी | ईटकी प्रखण्ड के ईटकी स्टेशन (रानी खटंगा) में आंगबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 11,08,200.00 | 22,500/- | 2500/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 28 | नगड़ी | नगड़ी प्रखण्ड के केनके में आंगबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 11,08,200.00 | 22,500/- | 2500/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 29 | सिल्ली | सिल्ली प्रखण्ड के बुढ़ा बेहरा –1 में आंगबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 11,08,200.00 | 22,500/- | 2500/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 30 | सिल्ली | सिल्ली प्रखण्ड के बुढ़ा बेहरा –2 में आंगबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 11,08,200.00 | 22,500/- | 2500/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 31 | सिल्ली | सिल्ली प्रखण्ड के जारू में आंगबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 11,08,200.00 | 22,500/- | 2500/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |

Note ; कार्य अनुभव प्रमाण पत्र अन्तिम 3 वर्ष का Affidavite के साथ ।

कार्यपालक अभियंता
एन0आर0ई0पी0 – 1, राँची

PR 351538 NREP(25-26)D


झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसायटी की गवर्निंग काउंसिल की 11वीं बैठक में मुख्य सचिव ने कहा

# स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी खोलने की प्रक्रिया करें शुरू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड में खेल-कूद की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिये खेल विश्वविद्यालय खुलेगा। इसका संचालन झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसायटी और सीसीएल के संयुक्त तत्वावधान में होगा। शुक्रवार को मुख्य सचिव अलका तिवारी ने इसकी प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। उन्होंने कमिटी बनाकर बिहार के राजगीर में खुले खेल विश्वविद्यालय सहित अन्य राज्यों के खेल विश्वविद्यालयों का अध्ययन करने को कहा। उन्होंने खेल गांव में 200 एकड़ में फैले 4 इनडोर और 6 आउटडोर स्टेडियम सहित अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर के समुचित उपयोग पर बल दिया।

उन्होंने 5 साल तक के बच्चों को स्पोर्ट्स एकेडमी से जोड़ने की पहल करने का सुझाव दिया। बैठक में स्पोर्ट्स एकेडमी से जुड़े बच्चों की शिक्षा के लिये वहां सरकारी प्लस-2 स्कूल खोलने के सुझाव को स्वीकार करते हुये स्कूली शिक्षा सचिव को इसकी प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया गया।

**200 एकड़ के कैंपस में चल रही स्पोर्ट्स एकेडमी :** मालूम हो कि झारखंड में खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिये झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसायटी और सीसीएल के बीच 50-50 प्रतिशत के योगदान से 2015 में 30 साल के लिये एमओयू हुआ था। दोनों के संयुक्त तत्वावधान में 2016 से खेलगांव में स्कूली खेल प्रतिभाओं का चयन कर उन्हें निखारने के लिये रहने, खाने, पढ़ने के साथ विभिन्न खेलों के प्रशिक्षण की सुविधा दी गयी है। यहां 1400 बच्चों के प्रशिक्षण की सुविधा है। लेकिन अभी यहां 92 लड़के और 128 लड़कियों को मिलाकर कुल 220 बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रशिक्षक और सपोर्ट स्टाफ की संख्या 47 हैं। मुख्य सचिव ने इसकी संख्या बढ़ाने पर बल दिया। बैठक में बताया गया कि फिलहाल स्पोर्ट्स एकेडमी में 11 खेलों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। चार अन्य खेलों का प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। इसके लिये प्रशिक्षकों के चयन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। 2021-22 से अभी तक स्पोर्ट्स एकेडमी से प्रशिक्षित 1628 बच्चे विभिन्न स्पर्धाओं में कई मेडल जीते हैं। इसमें अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में 4 गोल्ड, चार सिल्वर और 6 कांस्य पदक, राष्ट्रीय स्पर्धा में 74 गोल्ड, 70 सिल्वर और 118 कांस्य पदक सहित राज्यस्तरीय स्पर्धाओं में 763 गोल्ड 352 सिल्वर और 227 कांस्य पदक शामिल हैं।

बैठक में स्पोर्ट्स एकेडमी के पार्टनर सीसीएल ने स्पोर्ट्स एकेडमी की गतिविधियों में बिजली की भारी खपत को देखते हुये खेल गांव में 5 मेगावाट का सोलर सिस्टम लगाने का प्रस्ताव रखा। इसका खर्च सीसीएल अपने सीएसआर फंड से करेगा। बताया गया कि बिजली बिल की बचत के पैसे का उपयोग खेल गतिविधियों को और उन्नत बनाने में किया जायेगा। वहीं खेल-कूद विभाग की ओर से बताया गया कि खेल गांव में स्थित इंफ्रास्ट्रक्चर 15 साल पुराना हो चुका है।

बैठक में गृह सचिव वंदना दादेल, खेल-कूद विभाग के सचिव मनोज कुमार, स्कूली शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह, सीसीएल के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह समेत स्पोर्ट्स एकेडमी से जुड़े पदाधिकारी शामिल थे।

## जमीन फर्जीवाड़ा मामले में शेखर कुशवाहा की जमानत पर फैसला सुरक्षित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े 8.46 एकड़ जमीन फर्जीवाड़ा मामले के आरोपी जमीन कारोबारी शेखर प्रसाद महतो उर्फ शेखर कुशवाहा की जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी करने के बाद हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। फर्जी दस्तावेज बनाने के मास्टर माइंड मोहम्मद सदाम हुसैन से पूछताछ के आधार पर ईडी ने झामुमो नेता अंतु तिर्की, जमीन कारोबारी बिपिन सिंह समेत नौ लोगों के ठिकाने पर छापामारी की थी। मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, भानु प्रताप प्रसाद, शेखर कुशवाहा समेत 10 के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया गया है। जमीन घोटाला मामले में शेखर कुशवाहा के ठिकाने पर ईडी दो बार 22 अप्रैल 2023 एवं 16 अप्रैल 2024 को छापेमारी कर चुकी है।

बाद में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उसे गिरफ्तार किया गया था। शेखर कुशवाहा बड़गाई अंचल की एक जमीन की खरीद-बिक्री में शामिल है। शेखर कुशवाहा ने अपने सहयोगी प्रियरंजन सहाय, सद्दाम हुसैन, विपिन सिंह, इरशाद अंसारी, अफसर अली के साथ मिलकर राजस्वकर्मी भानु प्रताप प्रसाद की मिलीभगत से वर्ष 1971 का फर्जी सेल डीड तैयार किया था। कोलकाता के रजिस्ट्री कार्यालय में रखे मूल दस्तावेज से छेड़छाड़ कर इस सेल डीड को तैयार किया गया था। 4.83 एकड़ जमीन एक भोक्ता परिवार का है, जिसका नाम बदलकर दूसरे के नाम से सामान्य प्रकृति का जमीन बनाया गया था। इसके बाद 22.61 करोड़ की जमीन को 100 करोड़ रुपए में बेचने की तैयारी थी।

## अस्पतालों के कचरा निस्तारण पर उपायुक्तों के जवाब नहीं देने पर हाईकोर्ट नाराज

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** राज्य के अस्पतालों और नर्सिंग होम से निकलने वाले कचरों को निष्पादित करने के मामले पर जिलों के उपायुक्तों की ओर से जवाब दाखिल नहीं किए जाने पर हाईकोर्ट ने शुक्रवार को नाराजगी जताई। चीफ जस्टिस एमएस रामंचद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि फरवरी में ही कोर्ट ने सभी जिलों के उपायुक्तों को मेडिकल वेस्ट के निस्तारण का शपथपत्र दाखिल करने को कहा गया था, लेकिन उपायुक्तों ने जवाब दाखिल नहीं किया। यह गंभीर मामला है। इस पर राज्य सरकार की ओर से जवाब देने के लिए छह सप्ताह का समय मांगा गया, लेकिन अदालत ने इस आग्रह को नामंजूर करते हुए आठ मई तक सभी उपायुक्तों को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

फरवरी 2025 को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने राज्य के सभी जिलों के डीसी से पूछा था कि उनके जिले में स्थित नर्सिंग होम एवं अस्पतालों से निकलने वाले बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण की क्या व्यवस्था है। कोर्ट ने सभी उपायुक्तों से शपथपत्र के माध्यम से जानकारी मांगी थी। प्रार्थी का बायो मेडिकल वेस्ट डिस्पोजल मैनेजमेंट रूल लागू कराने का आग्रह पूर्व की सुनवाई के दौरान झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि झारखंड में अभी लोहरदगा, रामगढ़, पाकुड़, धनबाद एवं आदित्यपुर में बायोमेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट चल रहे हैं। देवघर में बायोमेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट बन रहा है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को इन वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट को चालू रखने के लिए अनुमति देना था, जिसे उसने दे दिया है। प्रार्थी झारखंड ह्यूमन राइट कंफेडरेशन ने याचिका में झारखंड में पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत बायो मेडिकल वेस्ट डिस्पोजल मैनेजमेंट रूल लागू कराने का आग्रह किया है।

# विकसित भारत बनाने में सहायक होगी जातिगत जनगणना : डॉ प्रदीप वर्मा

- **भाजपा सांसद ने कहा कि कांग्रेस की नीति में आदिवासी, दलित पिछड़ा विरोध**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने केंद्रीय कैबिनेट द्वारा जाति जनगणना के निर्णय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आम जनता की ओर से आभार प्रकट किया है। उन्होंने सस्ती लोकप्रियता के लिये श्रेय लेने की होड़ में शामिल कांग्रेस- झामुमो पर भी तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि आजाद भारत में पहली बार आम जनगणना के साथ जाति जनगणना कराने का निर्णय केंद्र की मोदी सरकार ने लिया है। यह निर्णय 2047 के विकसित भारत बनाने के लक्ष्य को बनाने की दिशा में सहायक सिद्ध होगा।



उन्होंने कहा कि यह निर्णय एकाएक नहीं लिया गया है बल्कि पिछले 11 वर्षों से मोदी सरकार सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की नीति पर कार्य कर रही है। सबका साथ सबका विकास हमारी प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के सभी कार्यक्रमों में मूल लक्ष्य सामाजिक न्याय ही रहा है। अंत्योदय हमारा मूल मंत्र है। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने भाजपा की सच्ची नियत और कांग्रेस पार्टी के खोखले नारों में फर्क साफ साफ देखा है। उन्होंने कहा कि वर्षों तक कांग्रेस की सरकारों ने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक मान्यता प्रदान नहीं किया। उन्होंने झारखंड की हेमंत सरकार जो पिछले 6 वर्षों से कांग्रेस के समर्थन से चल रही उसने पंचायत चुनाव में पिछड़ों को आरक्षण से वंचित रखा और आज तक ट्रिपल टेस्ट नहीं कराए जिसके कारण राज्य में निकाय चुनाव लंबित हैं। उन्होंने कहा कि 2021 में देश की जनगणना प्रस्तावित थी जो कोविड के कारण स्थगित हुई। लेकिन अभी मोदी सरकार द्वारा जनगणना के साथ जाति जनगणना कराने का निर्णय वंचित वर्गों को उनका हक अधिकार दिलाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि आज सामाजिक न्याय और संविधान की बात करने वाली कांग्रेस ने बाबा साहब अम्बेडकर को भारत रत्न से वंचित रखा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का चरित्र अवसरवादी और वोटबैंक की राजनीति करने वाला रहा है। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक और प्रदेश प्रवक्ता अजय साह भी उपस्थित थे।

# झारखंड राज्य दो दिन से डीजीपी विहीन : बाबूलाल मरांडी

- **मुख्यमंत्री अविलंब राज्य में डीजीपी की नियुक्ति करें**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा है। श्री मरांडी शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दो दिनों से झारखंड संवैधानिक रूप से डीजीपी विहीन राज्य है। इतना ही नहीं, झारखंड में एसीबी, सीआईडी और पुलिस सभी के डीजीपी का पद रिक्त है। उन्होंने कहा कि अनुराग गुप्ता द्वारा दिये जा रहे निर्देश, निर्णय भारत सरकार के निर्देश के आलोक में पूरी तरह असंवैधानिक हैं। उन्होंने कहा कि एक आईपीएस अफसर जिस पर भ्रष्टाचार, पक्षपात और फ्रॉड का आरोप हो, कोई भी सरकार अपने राज्य और जनता की सुरक्षा उसके हवाले कैसे कर सकती है। उन्होंने कहा कि 1990 बैच के आईपीएस अनुराग गुप्ता के ऊपर आरोपों की लिस्ट काफी लंबी है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने खुद इन्हें 24 फरवरी 2020 से 9 मई 2022 तक निलंबित किये रखा। लेकिन, इस दौरान हेमंत सोरेन और अनुराग गुप्ता की नजदीकियां इतनी बढ़ीं कि निलंबन की अवधि खत्म होते ही अनुराग गुप्ता को वापस झारखंड में ही नियुक्ति दे दी। उन्होंने कहा कि हेमंत का अनुराग गुप्ता के प्रति नफरत के अचानक निकटता में बदलने की वजह के बारे में जानने की जिज्ञासा हुई तो पता चला कि इनकी नियुक्ति की शर्त यह थी कि उन्हें ईडी के मुकदमों को मैनेज करना होगा और सरकार के भ्रष्टाचार का खुलासा करने वाले गवाहों पर झूठे केस चलाकर दबाव बनाना होगा। तभी से यह अटूट साझेदारी चली आ रही है। वरना झारखंड प्रशासन में वरिष्ठ और योग्य आईपीएस अफसरों की कोई कमी न तो पहले थी, न ही आज है। उन्होंने कहा कि अनुराग गुप्ता के प्रयास से ईडी के अफसरों को डराने और काम से रोकने के लिये तीन-तीन मुकदमे पुलिस में दर्ज करवाये गये। इनकी जांच और कार्रवाई पर हाईकोर्ट को रोक लगानी पड़ी है। उन्होंने कहा कि हाल में ईडी के तीन गवाहों को पुलिस केस कर जेल भेजा गया। राज्य सेवा के कुछ अफसर जिनके बयान एवं कार्रवाई पर ईडी ने कार्रवाई कर बड़ी मछलियों को पकड़ा वैसे अफसरों पर एसीबी और पुलिस के जरिये कार्रवाई कर उन पर ईडी के खिलाफ बोलने का दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्या कारण है कि जनवरी 2025 से अबतक पूजा सिंघल, छवि रंजन, आलमगीर आलम समेत दस से भी ज्यादा सरकारी लोगों पर प्रॉसिक्यूशन सैंक्शन के लिये ईडी ने झारखंड सरकार को अनुरोध भेजा हुआ है। लेकिन, एक भी मामले में झारखंड सरकार ने अबतक सैंक्शन नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि 2024 में चुनाव आयोग ने डीजीपी अनुराग गुप्ता को अपने पद का दुरुपयोग करने का दोषी पाया और उन्हें हटाकर दूसरे डीजीपी की नियुक्ति की। लेकिन हद तो तब हो गई जब मुख्यमंत्री बनने के कुछ घंटों के अंदर ही हेमंत सोरेन ने अनुराग गुप्ता को डीजीपी का अतिरिक्त प्रभार दे दिया।

उन्होंने कहा कि कोर्ट के आदेश की अवहेलना करके अनुराग गुप्ता को कार्यवाहक डीजीपी बनाया गया। फिर सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद 7 जनवरी को आनन-फानन में ऑल इंडिया सर्विस रूल्स 1958 को दरकिनार करते हुये सरकार ने डीजीपी की नियुक्ति के लिये एक नई नियमावली ही बना डाली। राज्य सरकार ने सारे नियम-कानूनों को धत्ता बताते हुये 3 फरवरी को उन्हें झारखंड का डीजीपी नियुक्त कर दिया। जानबूझकर रिटायरमेंट के 2 महीने पहले नियुक्ति करना दर्शाता है कि वे नियुक्ति के बाद कम से कम दो साल डीजीपी बनाये रखने वाले नियम का इस्तेमाल अपने राजनीतिक फायदे के लिये कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस असंवैधानिक नियुक्ति के संदर्भ में गृह मंत्रालय ने झारखंड सरकार को जो पत्र लिखा है, उसके जवाब में हेमंत सोरेन गृह मंत्रालय को ही पुनर्विचार करने को बोल रहे हैं। सरकार नियमों को ताक पर रखकर संवैधानिक पदों की गरिमा समाप्त कर रही है।

उन्होंने कहा यह सिर्फ डीजीपी की नियुक्ति तक ही सीमित नहीं है, झारखंड में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो और सीआईडी का कार्यभार भी गैर कानूनी तरीके से यही संभाल रहे हैं। अनुराग गुप्ता के कार्यकाल में कोयले की चोरी में बेतहाशा वृद्धि हुई है। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही। उन्होंने अविलंब राज्य में डीजीपी नियुक्त करने की मांग की। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रवक्ता अजय साह भी उपस्थित थे।

सुप्रभात
रांची, शनिवार
03.05.2025
नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | बैशाख, शुक्ल पक्ष, षष्ठी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 286 | 12





'वेव्स' सरकार की एक खूबसूरत पहल


## न्यूज डायरी

### झारखंड मंत्रिमंडल की बैठक सात को

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक सात मई को होगी। बैठक शाम चार बजे से प्रोजेक्ट भवन में शुरू होगी। इस बैठक में कई अहम फैसले लिये जा सकते हैं। जानकारी के अनुसार उद्योग महिला बाल विकास, सहित अन्य विभागों के प्रस्तावों को मंजूरी मिल सकती है।

### पलामू में टीएसपीसी से मुठभेड़, नक्सली भागे

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के तरहसी थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती उदयपुरा टू पंचायत के सिंजो महुअरी के जंगल में टीएसपीसी के 10 लाख के ईनामी जोनल कमांडर शशिकांत के दस्ते के साथ शुक्रवार को पुलिस की मुठभेड़ हुई। दोनों ओर से कईराउंड फायरिंग हुई। पुलिस को भारी पड़ता देख नक्सली फरार हो गये।

### गणेश टुडू फिर झारखंड मजदूर संघ के अध्यक्ष बने

**जमशेदपुर।** करनडीह दिशोम जाहेरथान के गुरु गोमके सभागार में झारखंड मजदूर संघ ने एक दिवसीय वार्षिक महाधिवेशन में पुरानी कमेटी को भंग कर नयी कमेटी का चुनाव किया गया। इसमें गणेश टुडू को झारखंड मजदूर संघ का केंद्रीय अध्यक्ष के रूप में सर्वसम्मति से चुना गया।

### नेशनल हेराल्ड : सोनिया और राहुल को नोटिस

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में एक विशेष अदालत ने नेशनल हेराल्ड धन शोधन मामले में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को शुक्रवार को नोटिस जारी किया। इससे पहले इडी सोनिया, राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ अदालत में कार्यवाही के लिए नयी शिकायत दायर की थी। इसमें संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ धन शोधन निवारक अधिनियम 2002 की धारा 44 और 45 के तहत आरोप लगाये गये हैं।

### पाक पीएम का यूट्यूब अकाउंट भी किया बंद

**नयी दिल्ली।** सीमा पर तनाव के बीच भारत ने पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ का यूट्यूब अकाउंट सस्पेंड कर दिया है। इससे पहले भी पाकिस्तान के क्रिकेटर्स, मीडिया संस्थानों समेत कई के यूट्यूब और ट्विटर अकाउंट्स को बंद कर दिया था। भारत पड़ोसी देश के खिलाफ लगातार कड़े ऐक्शन ले रहा है।

### पहलगाम हमले के हैंडलर पाक में : अब्दुल्ला

**नयी दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने पहलगाम आतंकी हमले को दर्दनाक बताया। साथ ही पाकिस्तान पर कड़े एक्शन की मांग की। उन्होंने दावा किया कि इस हमले के पीछे वही होंगे जो उरी, पुलवामा, पठानकोट, पुंछ और मुंबई अटैक में शामिल थे। ये बात सभी लोग जानते हैं कि हैंडलर तो पाकिस्तान बैठे हैं।

## कार्टून कोना




---

### पाकिस्तान दहला पहली बार हुआ ऐसा सैन्य अभ्यास

# गंगा एक्सप्रेस-वे पर गरजा राफेल, मिराज, सुखोई

**टच-डाउन और लैंडिंग का किया अभ्यास**

एजेंसी

**शाहजहांपुर।** यूपी के मेरठ से प्रयागराज की ओर जाने वाले महत्वाकांक्षी गंगा एक्सप्रेस-वे पर शुक्रवार को भारतीय वायुसेना ने फ्रंट लाइन फाइटर, हेलिकॉप्टर और ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट ने टच-डाउन और लैंडिंग का अभ्यास किया। इस ड्रिल में फाइटर राफेल, सुखोई-30, जगुआर, मिग 29 और मिराज 2000 शामिल रहे। ट्रांसपोर्ट में सी-130जे सुपर हर्क्यूलिस, एएन-32 और एमआइ-75वी5 हेलिकॉप्टर की लैंडिंग हुई। सुबह से ही इंतजार कर रहे लोग इस अद्भुत दृश्य को देख कर रोमांचित हो गये। जब एक्सप्रेस-वे पर गाड़ियों की जगह शक्तिशाली लड़ाकू विमान उतरते और उड़ान भरते नजर आये। आसमान में इन विमानों ने हैरतअंगेज करतब भी दिखाये।



भारत ने यह सैन्य प्रदर्शन पाकिस्तान सीमा से महज 816 किमी दूर किया। इसे देख कर पाकिस्तान में खौफ और बढ़ गया।

**रात में भी लड़ाकू विमानों की लैंडिंग :** खास बात यह है कि इस हवाई पट्टी पर फाइटर प्लेन दिन और रात दोनों वक्त उतर सकते हैं। नाइट लैंडिंग के लिए वायुसेना ने विशेष इंतजाम किया। बता दें कि युद्ध के समय यह हवाई पट्टी बेहद महत्वपूर्ण साबित होगी।

**हाइवे इमरजेंसी एयर स्ट्रिप की तैयारी :** नेशनल हाइवे पर इमरजेंसी लैंडिंग स्ट्रिप बनाने के लिए सड़क एवं परिवहन मंत्रालय जुटा हुआ है। अलग-अलग राज्यों में 19 और इमरजेंसी लैंडिंग स्ट्रिप तैयार करने के प्लान पर काम जारी है। यमुना एक्सप्रेसवे, लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे, नेशनल हाइवे 925 बाड़मेर, जम्मू-कश्मीर के नेशनल हाइवे 44 अनंतनाग, आंध्र प्रदेश नेशनल हाइवे 16 बापटला में तैयार है। पूरे प्लान में राजस्थान में 3, प. बंगाल में 3, तमिलनाडु में 1, आंध्र प्रदेश में 2, गुजरात में 2, हरियाणा में 1, पंजाब में 1, जम्मू-कश्मीर में 1 और असम में 5 इमरजेंसी लैंडिंग स्ट्रिप शामिल हैं।

**सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण है ये एक्सप्रेस-वे :** एक्सप्रेस-वे पर हवाई पट्टी के निर्माण अडानी ग्रुप द्वारा कराया गया है। राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से यह एक्सप्रेस वे खास है। हवाई पट्टी आवश्यकता पड़ने पर लड़ाकू विमानों के लिए एक वैकल्पिक रनवे के रूप में इस्तेमाल की जा सकेगा। इस हवाई पट्टी से चीन बॉर्डर की दूरी करीब 250 किलोमीटर है। एक्सप्रेस-वे पर 3.5 किमी लंबी हवाई पट्टी का निर्माण किया गया है।

---

### 'हिज्ब उत तहरीर' के झारखंड मॉडयूल की जांच कर रही एटीएस

# आतंकी संगठन से जुड़ा पांचवां युवक 'अम्मर याशर' धनबाद से गिरफ्तार

**गिरफ्तार आतंकियों की कुंडली खंगाल रही है एटीएस की टीम, इनका हैंडलर देसी या विदेशी, हो रही पूरी पड़ताल**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आतंकी संगठन 'हिज्ब उत तहरीर' के झारखंड मॉडयूल की जांच कर रही झारखंड एटीएस की टीम को बड़ी सफलता मिली है। एटीएस को गुप्त सूचना मिली थी कि 'हिज्ब उत तहरीर' एवं अन्य प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े कुछ व्यक्ति राज्य के अन्य युवकों को अपने नेटवर्क से जोड़कर सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से गुमराह कर रहे हैं। इसके साथ ही अवैध आर्म्स का व्यापार तथा राष्ट्र विरोधी गतिविधियों का संचालन कर रहे हैं। 26 अप्रैल को सूचना से प्राप्त तथ्यों के आलोक में धनबाद जिले के विभिन्न संदिग्ध स्थानों पर तलाशी एवं छापामारी की गयी। इस दौरान गुलफान हसन, अयान जावेद, शहजाद आलम और शबनम प्रवीण को गिरफ्तार किया गया। जिनके पास ने आग्नेयास्त्र, कारतसू, कई इलेक्ट्रॉनिक्स डिवाईस तथा भारी मात्रा में प्रतिबंधित संगठनों से संबंधित दस्तावेज बरामद किये गये। इस संबंध में एटीएस रांची में मामला दर्ज कर चारों अभियुक्तों को 27.04.2025 को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

इस मामले में गंभीरता बरतते हुए झारखंड एटीएस की टीम ने 30 अप्रैल को गिरफ्त में आये अभियुक्त अभियुक्त गुलफाम हसन, अयान जावेद, शहजाद आलम और शबनम प्रवीण को पुलिस रिमाण्ड पर लेकर गहन पूछताछ की गयी। जिसमें अयान जावेद ने बताया कि अम्मर याशर शमशेर भी इनलोगों के साथ प्रतिबंधित संगठन से जुड़ा हुआ है। इस पर एटीएस ने फौरन कार्रवाई करते हुये 30 अप्रैल को अम्मर याशर को गिरफ्तार कर लिया। इसके मोबाइल में प्रतिबंधित संगठन से संबधित कई संदिग्ध दस्तावेज मिले। जिन्हें जब्त कर लिया गया है। पूछताछ में अम्मर याशर ने बताया कि ये पहले इंडियन मुजाहिद्दीन प्रतिबंधित संगठन से जुड़ा हुआ था। जिसके आरोप में वर्ष 2014 में जोधपुर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा था। करीब 10 वर्षों तक जेल में रहने के बाद मई-2024 में जमानत पर मुक्त हुआ। उसके बाद धनबाद के अपने साथी अयान जावेद और अन्य अभियुक्तों के संपर्क में रहकर प्रतिबंधित संगठन से जुडे हुए थे। अम्मर याशर का पूर्व आपराधिक इतिहास रहा है।

■ गिरफ्तार सभी पांच संदिग्धों के पास से बरामद डिजिटल एविडेंस से हिज्ब उत तहरीर से संपर्क होने की पुख्ता जानकारी मिली

**रांची।** आतंकी संगठन हिज्ब उत तहरीर (एचयूटी) के गिरफ्तार पांच संदिग्धों का हैंडलर कौन था, वह विदेशी था या भारत देश में ही रहने वाला कोई शख्स था। धनबाद से धराये ये लोग इस्लामिक जिहाद से कैसे जुड़े। इन सभी सवालों का जबाब जब एटीएस जुटा लेगी, तब झारखंड में संदिग्धों की संख्या और बढ़ेगी। यह भी पता लगाया जा रहा है कि इन्हें देश में ही प्रशिक्षण मिला या विदेशों में। अब तक की जांच में यह बात सामने आयी है कि वासेपुर से गिरफ्तार सभी पांचों संदिग्ध डार्क नेट के माध्यम से देश विदेश के हिज्ब उत तहरीर एजेंटों के संपर्क में थे। झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि इस मामले में और गिरफ्तारियां होनी बाकी है, मामले की तफ्तीश इस बेहद गहरायी से चल रही है।



**स्लीपर सेल की तलाश**

झारखंड में हिज्ब उत तहरीर की जड़ें कितनी गहरी है, प्रतिबंधित संगठन के कौन-कौन से स्लीपर सेल अभी भी एक्टिव हैं इसकी जांच चल रही है। यह तो साफ हो चुका है कि आतंकी संगठन हिज्ब उत तहरीर झारखंड में भी अपना मॉड्यूल तैयार कर रहा था।

---

### वीजा खत्म होने के बावजूद भारत में रहने का आरोप

# छह पाकिस्तानियों के डिपोर्टेशन पर सुप्रीम कोर्ट ने लगायी रोक

**कोर्ट का आदेश**

जब तक इन लोगों के आइडेंटिटी डॉक्यूमेंट्स वेरिफाई नहीं हो जाते, तब तक उनको डिपोर्ट नहीं किया जाए



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को श्रीनगर के अहमद तारिक बट्ट के परिवार के छह सदस्यों को पाकिस्तान डिपोर्ट करने पर रोक लगा दी। कहा- जब तक इन लोगों के आइडेंटिटी डॉक्यूमेंट्स वेरिफाई नहीं हो जाते, तब तक उनको डिपोर्ट नहीं किया जाए।

दरअसल, पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने देश में रहने वाले पाकिस्तानी नागरिकों को देश छोड़ने का आदेश दिया था। बट्ट परिवार को भी देश छोड़ने का नोटिस मिला। इसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी।

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने परिवार को यह स्वतंत्रता दी कि यदि वे डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन आदेश से खुश नहीं हैं तो जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट में अपील कर सकते हैं। कोर्ट ने ये भी कहा कि इस मामले में दिया कोर्ट का आदेश मिसाल के तौर पर इस्तेमाल नहीं किया जाए।

**786 पाकिस्तानियों ने अब तक भारत छोड़ा**

24 अप्रैल से लेकर 29 अप्रैल की शाम 5 बजे तक अटारी-वाघा बॉर्डर के से 786 पाकिस्तानी वापस लौटे। केंद्र सरकार ने 27 अप्रैल को आदेश जारी कर रहा था कि डेडलाइन में भारत नहीं छोड़ने वाले पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार कर केस चलाया जाएगा। उन्हें तीन साल जेल या तीन लाख रुपए जुर्माना या फिर दोनों की सजा हो सकती है।

---

### 15 मई तक मिल सकती है मंईयां योजना की राशि, हो रही तैयारी

**खुशखबरी**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना के तहत लाभार्थी अप्रैल माह की किस्त का इंतजार कर रही हैं। जानकारी के अनुसार 15 मई से पहले लगभग 43 लाख लाभार्थियों को अपैल और मई दो महीने की किस्त एक साथ 5,000 रुपये जारी करने की तैयारी चल रही है। बता दें कि अपात्र लाभार्थियों और बैंक खातों में गड़बड़ी की जांच के बाद होली से पहले 38 लाख लाभार्थियों को तीन महीने की एकमुस्त राशि दी गयी थी। शेष लाभार्थियों की जांच अभी भी चल रही है।




**आधार सीडिंग का काम :** जिला स्तर पर आधार सीडिंग का काम तेजी से चल रहा है। इसके लिए विशेष शिविर लगाकर खातों को अपडेट किया जा रहा है। रांची में 29 अप्रैल को एक दिन का शिविर लगाया गया था, जबकि कई अन्य जिलों में 5 मई तक आधार सीडिंग का काम चलेगा। बता दें कि चुनाव से पहले सरकार ने प्रति माह 2,500 रुपये देने की घोषणा की थी, जिसे जनवरी 2025 से लागू किया गया।

---

### सीएम हेमंत ने मंत्रियों के साथ साझा किया विदेश यात्रा का अनुभव

# झारखंड में अब औद्योगिक निवेश के दरवाजे खुलने शुरू होंगे: हेमंत सोरेन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी विदेश यात्रा के अनुभवों को कैबिनेट के साथियों के साथ साझा किया। इस दौरान वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर और कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मुख्यमंत्री आवास में उनसे मुलाकात की।

वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि मुख्यमंत्री की विदेश यात्रा का उद्देश्य राज्य में निवेश लाना था। उन्होंने कहा कि जिस तरह एक चिड़िया अपने घोंसले के लिए दूर-दूर तक जाकर दाना लाती है। उसी तरह मुख्यमंत्री ने भी राज्य के विकास के लिए निवेश लाने का प्रयास किया है।



कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि मुख्यमंत्री ने उन्हें बताया कि कैसे इस विदेश यात्रा से राज्य में निवेश के नये अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि इस दौरे से राज्य में निवेश के दरवाजे खुल रहे हैं। आने वाले समय में इसका लाभ राज्य को मिलेगा। उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन के विदेश दौरा की हर तरफ चर्चा हो रही है। मैंने भी तेलंगाना दौरा के क्रम में कृषि, पशुपालन, मत्स्य के क्षेत्र में भविष्य की संभावना से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। तेलंगाना में उन्नत कृषि के क्षेत्र में नई तकनीक से लेकर पशुपालन और मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए अपनाई जा रही विधि की जानकारी दी है।

---

### गृह मंत्री अमित शाह 10 को आयेंगे रांची

**रांची।** पूर्वी क्षेत्र अंतरराज्यीय परिषद की बैठक में भाग लेने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 10 मई को रांची आयेंगे। बैठक में भाग लेने बिहार, ओड़िशा और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री भी रांची आयेंगे। श्री शाह की अध्यक्षता में झारखंड समेत पूर्वी क्षेत्र अंतरराज्यीय परिषद की बैठक रांची में 10 मई को होने जा रही है। बैठक में झारखंड, बिहार, ओड़िशा और बंगाल की मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और कई अधिकारी भाग लेंगे। इस दौरान झारखंड, बिहार, प.बंगाल और ओड़िशा के बीच अंतरराज्यीय समन्वय, केंद्र-राज्यों के बीच परस्पर देनदारी, उग्रवाद उन्मूलन, परिसंपत्तियों के बंटवारे, नशीले पदार्थों के कारोबार पर नियंत्रण जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी।

---

### पीएम ने विझिंजम पोर्ट देश को किया समर्पित, भारत की समुद्री सुरक्षा में बड़ी उपलब्धि

# कई लोगों की नींद हराम हो जायेगी : मोदी

**उपलब्धि**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने कहा कि विझिंजम इंटरनेशल बंदरगाह नये युग के विकास का प्रतीक है। यह भारत की समुद्री क्षमता में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह लोगों के लिए नये अवसर खोलेगा। विशेष रूप से यह महत्वाकांक्षी परियोजना देश का पहला समर्पित कंटेनर ट्रांसशिपमेंट पोर्ट है और यह वैश्विक व्यापार में भारत की स्थिति को मजबूत करने, दक्षता बढ़ाने और कार्गो ट्रांसशिपमेंट के लिए विदेशी बंदरगाहों पर निर्भरता को कम करने में योगदान देगा। उन्होंने कहा, परिस्थिति अब बदल रही है, देश का पैसा अब देश के काम आयेगा। उन्होंने कहा, बंदरगाह का उद्घाटन समारोह कई लोगों की रातों की नींद हराम कर देगा। पीएम शुक्रवार को केरल के तिरुवनंतपुरम में 8,900 करोड़ रुपये की लागत वाले विझिंजम इंटरनेशनल डीपवाटर मल्टीपर्पज सीपोर्ट राष्ट्र को समर्पित कर एक जनसभा में बोल रहे थे। समारोह में सीएम पिनाराई विजयन, कांग्रेस नेता शशि थरूर समेत कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।



**देश का पैसा देश में ही खर्च होगा :** पीएम ने कहा कि इस बंदरगाह से केरल वैश्विक समुद्री मानचित्र के शीर्ष पर आ जायेगा। यहां पर अब दुनिया के बड़े मालवाहक जहाज आसानी से आ-जा सकेंगे। अब तक भारत का 75 फीसदी ट्रांसशिपमेंट का कार्य देश के बाहर के पोर्ट्स पर होता था। इससे बड़ा आर्थिक नुकसान होता था। खास बात यह है कि इस बंदरगाह को भारत के सबसे बड़े पोर्ट डेवलपर और अडानी ग्रुप के अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड ने पीपीपी के तहत विकसित किया है। उन्होंने कहा कि पहले विदेश में खर्च होने वाला पैसा अब घरेलू विकास में लगाया जायेगा। देश की संपत्ति सीधे तौर पर उसके नागरिकों को लाभ पहुंचाए।

**बहुउद्देशीय बंदरगाह :** विझिंजम अंतर्राष्ट्रीय गहरे पानी वाला बहुउद्देशीय बंदरगाह है, जो नये युग के विकास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ट्रांसशिपमेंट हब की क्षमता निकट भविष्य में तीन गुनी हो जायेगी। इसे बड़े मालवाहक जहाजों को समायोजित करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो एक महत्वपूर्ण आवश्यकता को पूरा करता है। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में, हमने अपने बंदरगाहों की क्षमता को दोगुना कर दिया है और अपने जलमार्गों का आठ गुना विस्तार किया है। भारत अब गर्व से वैश्विक जहाज निर्माण में शीर्ष 20 देशों में शामिल है।

---

### आंधी, गर्जन और वज्रपात की चेतावनी जारी

# झारखंड में चार मई तक बारिश से राहत मिलने की संभावना नहीं



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में चार मई तक बारिश से राहत नहीं मिलने वाली है। इस दौरान गर्जन, वज्रपात और तेज हवा चलने की भी आशंका है। मौसम विभाग ने तीन मई को राज्य के उत्तर-पूर्वी जिले पलामू, गढ़वा, चतरा, लातेहार, कोडरमा और लोहरदग्गा को छोड़ कर शेष जिलों में गर्जन, वज्रपात और 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की आशंका जतायी है।

इधर रांची सहित कई जिलों में हुई बारिश के चलते तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। बारिश के चलते ठंड का एहसास हो रहा है। रांची में पिछले 24 घंटों के दौरान 12.6 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई, जबकि राज्य भर में सबसे बारिश धनबाद जिले के पुटकी में 38.6 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई।

## स्पीड न्यूज

### मोहम्मदगंज में विधायक ने किया राइडिंग क्वालिटी सुधार कार्य का शिलान्यास



मोहम्मदगंज पलामू। विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने गुरुवार को कादलकुर्मी में मोहम्मदगंज दंगवार पथ में 15 किमी तक पथ मजबूतीकरण /राइडिंग क्वालिटी सुधार कार्य का शिलान्यास विधिवत पूजा पाठ के साथ नारियल फोड़कर किया। मौके पर विधायक यादव ने कहा कि जनहित के मूल कार्य सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा सिंचाई और स्वास्थ्य के अधूरे कार्य को पूरा करना उनकी प्राथमिकता है। विधायक यादव ने मौके पर उपस्थित संवेदक को गुणवत्तापूर्ण तरीके से कार्य को समय के साथ पूरा करने का निर्देश दिया। मौके पर रवि यादव, बालेश्वर यादव, गुड्डू पांडेय, खुर्शीद खान, पपू रजवार, गणेश मेहता, रामवचन मेहता, बिनोद पासवान, रामरेखा मेहता, रवि तिवारी सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### रामगढ़ प्रखंड स्तरीय रुवार कार्यशाला 2025 का आयोजन



चैनपुर/रामगढ़। प्रखंड रामगढ़ प्रखंड स्तरीय रुवार कार्यशाला 2025 का आयोजन- प्रखंड सभागार रामगढ़ में स्कूल रुवार 2025 कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रखंड प्रमुख प्रेमनी देवी और उपप्रमुख एवं बीडीओ रामगढ़ कुणाल सिंह एवं पंचायत के सभी मुखिया के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में विषय प्रवेश करते हुए प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रोहित कुमार ने बताया कि विद्यालय में बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन एवं ठहराव जरूरी है। बीडीओ कुणाल सिंह ने कहा कि गांव स्तर पर जनसंपर्क कर अभिभावकों को प्रेरित करके छीजित बच्चों को विद्यालय से जोड़ना है अगर अभिभावक जागरूक हो जाएंगे तो विद्यालय स्तर पर छीजन कम होगा। कार्यक्रम का संचालन बीआरजी अजय कुमार पांडेय के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में रामगढ़ प्रखंड के मुखिया उमाशंकर प्रसाद, नावाडीह मुखिया दयानंद प्रसाद, चोरहट के मुखिया मोतीलाल प्रसाद, हुटार मुखिया, बभंडी मुखिया प्रवीण ओझा, प्रखंड साधन सेवी कैसर अंसारी, ओमप्रकाश भारती, सभी बीआरपी शिक्षक महेंद्र प्रसाद, गिरवा प्रजापति, संजय पांडे, हरेंद्र प्रजापति, सुलोचना कुमारी तथा प्रखंड के सभी प्रधानाध्यापक ने भाग लिया। समापन की घोषणा संजय कुमार पांडे के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

### पाटन बीडीओ ने पेयजल समस्या समाधान के लिए कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की



पाटन पलामू। पाटन प्रखंड के बीडीओ अमित कुमार झा ने पलामू डीसी के निर्देश पर भीषण गर्मी को देखते हुए प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में खराब व बंद पड़े चापानलों की मरम्मति एवं पेयजल की समस्याओं के समाधान के लिए पाटन प्रखंड में कंट्रोल रूम की स्थापना की है। इसे लेकर बीडीओ ने कर्मियों को अगले आदेश तक प्रतिनियुक्त किया है। इनमें जनसेवक आलोक कुमार पांडेय, मनोज कुमार, वाँश समन्वयक आनंद कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर आशुतोष कुमार, चापानल मिस्त्री अरबिंद सिंह का नाम शामिल है। बीडीओ ने उक्त कर्मियों की प्रतिनियुक्ति करते हुए निर्देश जारी किया है कि प्रतिदिन पूर्वाह्न 10 बजे से संध्या पांच बजे तक कंट्रोल रूम में उपस्थित होकर खराब व बंद पड़े चापानलों की मरम्मति व पेयजल की समस्याओं से संबंधित कार्यों पर त्वरित गति से निष्पादन करना सुनिश्चित करेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से मान्य होगा।

### थाना प्रभारी ने पनशाला का किया उद्घाटन



हरिहरगंज पलामू। स्थानीय थाना परिसर में शुक्रवार को पनशाला खोला गया। इसका उद्घाटन पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने किया। मौके पर उन्होंने कहा कि गर्मी लगातार बढ़ रही है इसलिए देशी घड़ा में पानी की व्यवस्था की गई है। ताकि दूर दराज से आनेवाले गर्मी से प्रभावित लोगों को शुद्ध व शीतल जल मिल सके। इस अवसर पर एसआई डीके गोप, नंदलाल साहिनी हेमंती बास्के सहित कई पुलिसकर्मी व ग्रामीण उपस्थित थे।

### बिश्रामपुर सीएचसी से मिशन परिवार विकास रथ रवाना



विश्रामपुर (पलामू)। विश्रामपुर सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र से शुक्रवार को मिशन परिवार विकास रथ को रवाना किया गया। रथ को चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेंद्र सिंह ने हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। डॉ राजेंद्र ने बताया कि मिशन विकास रथ पूरे क्षेत्र में घूम घूम कर लोगों को परिवार नियोजन के प्रति जागरूक करेगा। जिसमें स्थाई और अस्थाई विधि की जानकारी और निदान किया जाएगा। मौके पर बीपीएम पंकज कुमार पांडेय, मिथलेश दुबे, सतेंद्र कुमार, फिरोज अंसारी, इशरार हवारी, मुजफर सहित कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### दो बाइक के बीच जोरदार टक्कर, रामगढ़ के युवक की मौत



रामगढ़ पलामू । पलामू से सटे गढ़वा जिले के रमकंडा थाना क्षेत्र के धावा मुडखुड़ में दो बाइक के बीच जोरदार टक्कर होने से रामगढ़ कॉलोनी मोड़ के पास रहने वाले 22 साल के सत्यनारायण सिंह पिता देवधारी सिंह की भी मौत हो गई। इस घटना में मृतक का ममेरा भाई जनेवा के सुशील सिंह गंभीर रूप से जख्मी है। उसका इलाज किया जा रहा है। बताते चलें कि बुधवार रात हुई इस घटना में दो युवकों की मौत हुई है। दूसरा युवक रमकंडा का रहने वाला है। सत्यनारायण की मौत होने पर परिजन बिना पोस्टमार्टम कराये डेड बॉडी गुरुवार सुबह 7 बजे लेकर घर पहुंचे। सत्यनारायण बुधवार की शाम अपने ममेरे भाई सुशील सिंह के साथ मोटरसाइकिल से उलडंडा पंचायत के बानालात रिश्तेदार के घर शादी समारोह में गया था। वहां से ममेरे भाई के साथ किसी दूसरी जगह जाने के लिए निकला था। इसी क्रम में धावा मुडखुड़ में दो बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। दूसरी बाइक पर चार युवक सवार थे। टक्कर के बाद सभी जख्मी हो गए। सत्यनारायण समेत अन्य युवकों को इलाज के लिए पहले रंका के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया, जहां से उन्हें गढ़वा सदर अस्पताल भेजा गया। गढ़वा से फिर रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। रांची ले जाने के क्रम में सत्यनारायण की मौत हो गई। दूसरी बाइक पर सवार एक अन्य युवक की भी मौत हुई। परिजनों के अनुसार सत्यनारायण रविवार को हैदराबाद से काम करके लौटा था। वह वहां टावर किरान चलाता था। दो भाई एवं एक बहन में भाई से छोटा था। घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल बना हुआ है। सत्यनारायण की मौत की सूचना मिलने पर ग्रामीण मृतक के घर पहुंचे हैं। शोक संवेदना व्यक्त की जा रही है।

### रेलवे ट्रैक से शव बरामद

मोहम्मदगंज पलामू। मोहम्मदगंज-सतबहिनी रेलखंड के पोल संख्या 344/11 भीम चूल्हा टनल के पास गुरुवार दोपहर अप लाइन ट्रैक में एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति का शव मिला है। राहगीरों की नजर शव पर पड़ते ही उन्होंने इसकी सूचना मोहम्मदगंज थाना को दी। सूचना पाकर एएसआई मो कयामुद्दीन अंसारी और आरपीएफ इंस्पेक्टर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु अस्पताल भेज दिया गया। मृतक की उम्र करीब 55 से 65 वर्ष के बीच बताई जा रही है। उसके सिर में गंभीर चोट के निशान हैं। पुलिस को आशंका है कि अधेड़ व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया होगा।

### परीक्षा 4 मई को, पलामू में बनाये गये 4 केंद्र, गिरोह व अवांक्षित व्यक्तियों पर प्रशासन की कड़ी नजर

# कदाचारमुक्त करायें नीट (यूजी) की परीक्षा : डीसी शशि रंजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित नीट (यूजी) 2025 परीक्षा 4 मई को होगी। इसके लिए पलामू जिले में 4 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। सभी परीक्षा केंद्र प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर में हैं, जहां अपराह्न 2 से 5 बजे तक परीक्षा संचालित होगी। पलामू में 1623 परीक्षार्थी परीक्षा में भाग लेंगे। कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन को लेकर पलामू डीसी शशि रंजन की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में पदाधिकारियों की बैठक हुई। डीसी शशि रंजन ने जिले में कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर केंद्राधीक्षक/पर्यवेक्षक, दंडाधिकारी के साथ-साथ पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। वहीं सभी परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राधीक्षक कक्ष एवं सभी कमरों में सीसीटीवी, जैमर तथा बायोमेट्रिक उपस्थिति यंत्र का अधिष्ठापन कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि परीक्षा आयोजन को लेकर गिरोह एवं अवांक्षित व्यक्तियों पर प्रशासन की कड़ी नजर है। इसमें संलिप्त लोगों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने परीक्षा केन्द्र के अन्दर केवल परीक्षा संचालन से संबंधित पदाधिकारी एवं वीक्षक तथा कर्मी ही प्रवेश करें। उन्होंने कोई भी गैर व्यक्तियों को परीक्षा केन्द्र के अंदर प्रवेश नहीं करने देने का निर्देश दिया है। डीसी ने सदर अनुमंडल पदाधिकारी को परीक्षा अवधि में भ्रमणशील रहकर परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण करते हुए कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने का निर्देश दिया है। उपायुक्त ने एम्बुलेंस के साथ मेडिकल टीम की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया है। वहीं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को परीक्षा केन्द्रों पर आने वाले दिव्यांग परीक्षार्थियों के लिए पर्याप्त संख्या में व्हील चेयर की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। डीसी ने परीक्षार्थियों से अपील किया है कि नीट द्वारा निर्धारित वस्तु ही परीक्षा केन्द्र पर लायें। बैठक में डीडीसी शब्बीर अहमद, नगर आयुक्त जावेद हुसैन, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार व अन्य पदाधिकारी, आदि उपस्थित थे।

**अभ्यर्थियों की जांच के बाद प्रवेश**

डीसी ने स्टैटिक दंडाधिकारी/पुलिस पदाधिकारियों को जांच टीम द्वारा अभ्यर्थियों की जांच कराकर ही प्रवेश दिलाने का निदेश दिया है। उन्होंने कहा कि महिला अभ्यर्थियों की जांच महिला टीम एवं पुरूष अभ्यर्थियों की जांच पुरूष टीम द्वारा कराएं, ताकि अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र में किसी प्रकार की कोई अवांछित वस्तु, चिट-पुर्जा आदि केंद्र के अंदर नहीं ले जा सकें।

## जलयात्रा के साथ ही शतचंडी महायज्ञ व भगवती प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान प्रारंभ



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हरिहरगंज पलामू।** नगर पंचायत क्षेत्र के अररुआ कला ग्राम में जलयात्रा के साथ ही चार दिवसीय शतचंडी महायज्ञ व भगवती प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान शुक्रवार से प्रारंभ हो गया। जलयात्रा में सैंकड़ों महिला पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। जो मध्य विद्यालय के समीप बने यज्ञशाला से प्रारंभ होकर चरकेरिया होते हुए बटाने नदी के तुरी घाट पहुंची। जहां यज्ञाचार्य सुधीर दास जी के नेतृत्व में मंत्रोच्चार के साथ मुख्य यजमान अभय कुमार सिंह, अरविन्द पासवान, कृष्ण कुमार सिंह, नवनीत पासवान, रामजी पासवान सहित अन्य श्रद्धालुओं ने जल कलश भर कर यज्ञशाला में स्थापित किया गया। जलयात्रा में पूर्व जिप उपाध्यक्ष विनोद सिंह, राजीव रंजन, महादेव यादव, कामेश शर्मा, मनीष पटेल, मृत्युंजय सिंह, अवधेश मेहता, अखिलेश मेहता, सुरेन्द्र सिंह पटेल, अजय सिंह, राजकुमार राम सहित यज्ञ कमिटी के सदस्य उपस्थित थे।

## ऊंचाई को पाने के लिए विद्यार्थी अपने अंदर छिपे जुनून को उजागर करें : गंगेश्वर सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक गंगेश्वर सिंह का भव्य स्वागत किया

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ के राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक सह पश्चिम बंगाल के पूर्व डीजीपी गंगेश्वर सिंह के पलामू आगमन पर राष्ट्रीय संयोजक अवधेश सिंह चेरो एवं भरदुल कुमार सिंह के नेतृत्व में संघ कार्यकर्ताओं ने परिसदन भवन में औपचारिक मुलाकात कर पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं संगठन की मजबूती एवं सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक तथा अन्य बिंदुओं पर विशेष चर्चा की गई। साथ ही साथ उन्होंने संगठन विकास हेतु तन मन धन से सहयोग करने का भरपूर आश्वासन दिया। अपने सफलता का राज बताते हुए कहा कि आज के परिवेश में पढ़ने वाले छात्रों गरीबी को बाधा ना समझें। ऊंचाई को पाने के लिए विद्यार्थी अपने अन्दर जुनून का आग पैदा करने की आवश्यकता है। कहा कि वे पैतृक गांव मेराल पाटन से मेदिनीनगर पैदल पढ़ाई करने आया करता था। उन्होंने वर्तमान विधायक रामेश्वर उरांव को अपने सफलता का प्रेरणा स्रोत बताया। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन सिंह, प्रदेश सचिव मृतुन्जय कुमार सिंह, विजय बहादुर सिंह, राष्ट्रीय मिडिया प्रभारी हृदया सिंह, प्रेम कुमार सिंह, पलामू जिला अध्यक्ष उपाध्या सिंह, मनोज सिंह, प्रमोद सिंह उपस्थित थे।

### आनन्दमार्ग आवासीय उच्च विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया 20वां वार्षिक उत्सव

# जल्द शुरू होगा व्यवसायिक शिक्षा : चांदनी चंद्रण





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा पलामू।** आनन्दमार्ग आवासीय उच्च विद्यालय में धूमधाम से 20 वां वार्षिक उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में महान प्रतापी महाराजा मेदिनी राय तथा आनन्दमार्ग के संस्थापक श्री श्री आनन्दमूर्ति जी के तस्वीर पर पुष्प आर्पित कर किया गया। कार्यक्रम का उदघटन आचार्य हरिकृपानन्द अवधूत, अवधूतिका प्रीतिमाया आचार्या, मुखिया गिरवर राम, अशोक राम पंचायत समिति, संतोष उरांव मुखिया, श्यामसुंदर मिस्त्री, सुनील कुमार ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर विद्यालय के निदेशक रामलखन सिंह ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि वार्षिकोत्सव के शुभ अवसर पर बच्चे सालभर के कमाई कला-संस्कृति के माध्यम से प्रस्तुत करेंगे। वहीं विद्यालय के प्राचार्या चांदनीचंद्रण ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे में सर्वांगीण विकास करने का हर संभव प्रयास कर रहा है। हम अपेक्षाकृत कम खर्च में उत्तम शिक्षा देने का कोशिश कर रहे हैं। अगर अभिभावकों का सहयोग मिलता रहा तो हम जल्द ही व्यावसायिक शिक्षा शुरू करेंगे। 10 बच्चों से पढ़ाई शुरू किये गये आज विद्यालय में 200 बच्चे हैं। 30 बच्चे होस्टल में रहकर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इस दौरान बच्चों के द्वारा अंग्रेजी, हिंदी, बंगला में डांस, ड्रामा प्रस्तुत किया गया तथा क्विज, भाषण प्रतियोगिता की गई। विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। मौके पर शिक्षक रौशन कुमार, सोनू, अंजलि, पूजा, केशव, शिवम, बालमुकुंद, सलाहकार समिति सदस्य अमरेश कुमार (डीसीओ) तथा मनोज कुमार प्राउटिस्ट व काफी संख्या में अभिभावक मौजूद थे।

## मानसून के पूर्व हुई वर्षा ने नगर निगम की व्यवस्था की खोली पोल

**गजेंद्र कुमार**



**मेदिनीनगर।** गर्मी का मौसम समाप्त होने ही वाला है। इस बीच तेज धूप व प्रचंड गर्मी के कारण पलामूवासी परेशान थे। वहीं गुरूवार को बेमौसम के हुई बारिश से लोग चैन की सांस लिये लेकिन बेमौसम के हुई बर्षा में जेलहाता, सर्वोदय नगर, रेड़मा, बारालोटा क्षेत्र, पहाड़ी मुहल्ला, धोबी मुहल्ला, मुस्लिम नगर समेत कई ईलाकों में जल जमाव होने के कारण तालाब बन गया। इससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बे मौसम की वर्षा ने नगर निगम के व्यवस्था का पोल खोल दिया है, इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है आनेवाले वर्षा के समय नगर निगम क्षेत्र का क्या हाल होगा यह तो उपरवाला ही बता सकता है। जल जमाव वाले मुहल्लेवासियों का कहना है कि नगर निगम द्वारा लगातार विभिन्न मद में लोगों से टैक्स वसूला जाता है उसके बावजूद भी सफाई की व्यवस्था पर्याप्त नहीं है।

## रुआर 2025 के तहत कार्यशाला का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतबरवा पलामू।** प्रखंड कार्यालय सभागार कक्ष में शुक्रवार को रुआर 2025 कार्यक्रम के तहत प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रखंड प्रमुख रीमा देवी, बीडीओ सह सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की, मुखिया संघ अध्यक्ष गिरवर प्रसाद राम, शिक्षा विभाग के बीपीएम सबया कुमारी, विवेक सिंहा, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ जयराम सिंह के साथ अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। संचालन करते हुए सीआरपी सुधीर कुमार मिश्रा ने कहा कि रुआर कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के साथ अभिभावक और पदाधिकारी की सहभागिता जरूरी होनी चाहिए इससे बच्चों में स्कूल आने के प्रति रुझान बढ़ता है। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए डॉ जयराम सिंह ने कहा कि सीएचसी से जिन स्कूलों को मेडिकल किट की आवश्यकता होगी वह अपने आवेदन साथ लेकर आए और मेडिकल किट स्वास्थ्य केंद्र से ले जाएंगे ले। कल्याण पदाधिकारी राजीव रंजन ने कहा कि छात्रों को कल्याण विभाग से मिलने वाली सभी सुविधाएं मिले इसके लिए विभाग हमेशा तैयार रहता है। बीपीएम सब्याकुमारी ने कहा कि 5 से 18 साल के बच्चों को स्कूल लाने की पहल करने में सभी की भागीदारी होनी चाहिए।

### साईबर ठगों ने युवकों से की लाखों की ठगी

पाटन पलामू। प्रखंड के कारिहार ग्राम निवासी रंजन शर्मा पिता अर्जुन शर्मा एवं सुकन शर्मा पिता स्व लखन शर्मा से साइबर ठगों के द्वारा लाखों रुपए ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। भुक्तभोगी रंजन शर्मा से अस्सी हजार रुपए एवं सुकन शर्मा से पच्चीस हजार रुपए कि ठगी कर लिया गया है। ठगों ने अपने को पाटन प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्र का कर्मचारी बताते हुए कहा कि आपका कुछ काम फंसा हुआ है। आप अपने मोबाइल से ओटीपी बताइये आपका काम हो जायेगा। भुक्तभोगी के द्वारा अपने मोबाइल से ओटीपी बताया गया जिसके बाद पैसा एकाउंट से उड़ गया। भुक्तभोगी दोनों ही इस घटना से दूखी हैं।

### पैसे के लेन देन में दो पक्षों में मारपीट, कई घायल



पाटन पलामू। पाटन थाना क्षेत्र के किशुनपुर में पैसे के लेन देन के मामले में दो पक्षों में मारपीट हो गयी। इस घटना में दोनों पक्षों के लोग घायल हो गये। इस संबंध में किशुनपुर निवासी शुभम क्रांति ने पांच नामजद सहित आठ लोगों पर मामला दर्ज कराया है। दूसरे पक्ष के कुम्हवा निवासी गजेंद्र सिंह ने जवाहर ज्योति व शुभम क्रांति पर केस कराया है। इस संबंध कुम्हवा के हरेंद्र सिंह ने शुभम क्रांति पर आरोप लगाया है कि 18 माह पहले सात लाख सतरह हजार रूपये शुभम क्रांति को दिया था। पैसा मांगने पर शुभम बार बार टाल मटोल करता था। शुभम द्वारा दिया गया दो बार चेक बाउंस हो गया। हरेंद्र ने कोर्ट में केस दर्ज कराया। जिसके बाद चेक भुनाने की बात शुभम ने कहा। हरेंद्र ने गुरूवार को अपने भाई गजेंद्र सिंह को शुभम के पास पैसे के लिए भेजा था जहां विवाद बढ़ गया। शुभम की पिटाई की गई। इसके बाद गजेंद्र के परिजन वहां पहुंचकर भी शुभम की पिटाई की। गजेंद्र का सिर फट गया है। उसका इलाज पाटन स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। इस मामले में पाटन थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

### वज्रपात से लगी आग, ट्रांसफरमर फटा



चैनपुर पलामू। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत महुगावां पंचायत के खुंटार खुर्द में आंधी तूफान से बिजली ट्रांसफरमर पर वज्रपात होने से ट्रांसफार्मर का तेल रिसाव होने लगा। वहीं आग विकराल रूप लेने लगा था लेकिन ग्रामीणों के द्वारा अधिकारियों से संपर्क कर के बिजली कटवाइ गई तब जाकर आग पर काबू हुआ। 24 घंटे से गांव में अंधेरा है। इससे ग्रामीणों को परेशानी हो रही है।

### आगजनी की घटना में ढाई लाख का नुकसान

विश्रामपुर (पलामू)। रेहला थाना क्षेत्र के तोलरा गांव निवासी डॉ अरुण कुमार तिवारी के बागवानी व निजी पुस्तकालय में 30 अप्रैल की देर शाम आग लग गयी। आगजनी की इस घटना में ढाई लाख की संपति जलकर राख हो गयी। तिवारी ने इस संबंध में बिश्रामपुर बीडीओ को एक लिखित आवेदन देकर क्षतिपूर्ति की मांग की है। बीडीओ को दिये आवेदन में उन्होंने कहा है कि 30 अप्रैल की शाम 7 बजे के आसपास बागवानी में लगे बांस के बखार में एकाएक आग की लपटें निकलने लगी। जिससे बागवानी में लगा सभी पौधा जल गया। आग की लपटें खलिहान तक पहुंच गयी, जिससे खलिहान में रखा 50 बोझा गेहूं जलकर खाक हो गया। इसके अलावा बगल में अवस्थित निजी पुस्तकालय में भी आग पकड़ लिया और उसमें रखी पुस्तकें व सारा सामान भी जल गया। अगलगी की इस घटना में दो लाख 50 हजार का नुकसान हुआ है। डॉ अनिल तिवारी ने बिश्रामपुर बीडीओ से अगलगी में हुये नुकसान की भारपाई आपदा राहत कोष से करने का आग्रह किया है।

## अभाविप के नगर अध्यक्ष अजीत व मंत्री उत्कर्ष बने

**अजीत दुबे**



**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पलामू जिला के मेदिनीनगर इकाई का पूर्ण गठन किया गया। जिसका संचालन जिला संयोजक नितीश दुबे ने किया। अध्यक्षता प्रदेश छात्रा सह प्रमुख दीक्षा सिंह ने किया। बैठक में झारखंड प्रदेश के प्रदेश सह मंत्री अभय वर्मा उपस्थित थे। प्रदेश सह मंत्री अभय वर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन करते हुए सभी नवीन दायित्वान कार्यकर्ताओं को बधाई दिया। मौके पर दीक्षा सिंह ने सभी नवीन कार्यकर्ताओं से अपेक्षा करते हुए कहा कि वर्तमान समय में विवि से लेकर के राष्ट्र स्तर तक हमारी आवश्यकता हम अपनी दायित्व का निर्वहन करते हुए यह बताएंगे कि भारत की युवाओं में विश्व की नेतृत्व की क्षमता है। सर्व सहमति से नगर अध्यक्ष अजीत सेठ और नगर मंत्री उत्कर्ष तिवारी को बनाया गया। शेष कार्यकारणी बनाये गये। इनमें नगर उपाध्यक्ष धीरज उपाध्याय, निकिता कश्यप नगर सह मंत्री कौशल मिश्रा, गगन सिंह, जिया सिंह, नगर कार्यालय मंत्री ऋतिक कुमार, सह कार्यालय मंत्री पार्थ कुमार नगर +2 प्रमुख अभिषेक पांडे,+2 सह प्रमुख कृष गोस्वामी, नगर प्रमुख आकाश वर्मा, आदि बनाये गये है।

## झारखंड के युवक का बिहार के गया जिले में मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के खड़गपुर पार पहाड़ गांव निवासी रामजीत यादव के 35 वर्षीय पुत्र रामराज यादव का शव सीमावर्ती बिहार के गया जिला अंतर्गत बोधि बिगहा थाना क्षेत्र के हुरमेठ टोला स्थित जमुनिया खाला के समीप से गुरुवार को बरामद हुआ है। आशंका जताई जाती है कि उसकी हत्या पीट पीट कर की गई है। उसके चेहरे पर जख्म के निशान तथा मुंह और नाक से काफी खून गिरा पड़ा देखा गया। शव के पास से उसकी बाइक व मोबाइल के साथ ही कुछ ही दूरी से उसके ट्रैक्टर की बरामदगी हुई है। सूचना के बाद बिहार के बोधि बिगहा थाना पुलिस तथा हरिहरगंज थाना के पथरा ओपी पुलिस सदल बल मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दी है। उक्त युवक अपने ट्रैक्टर चालक के बुलाने पर बुधवार की देर शाम बाइक से घर से निकला था। घटना के बाद परिवार जनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक के स्वजन ने कहीं और हत्या कर शव को दूसरे जगह फेंक दिए जाने की बात कही है।

# ईनामी नक्सली शशिकांत के दस्ता के साथ मुठभेड़

### तरहसी थाना क्षेत्र के सिंजो जंगल में हुआ सामना : पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन

नक्सल उन्मूलन अभियान में मिली सफलता, पुलिस को भारी पड़ता देख नक्सली भागने में हुए सफल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर/तरहसी।** पलामू जिला के तरहसी थाना क्षेत्र के ग्राम सिंजो में स्थित महुअरी जंगल में पुलिस एवं प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के 10 लाख का ईनामी जोनल कमांडर शशिकांत गंझू के दस्ता के साथ पुलिस का मुठभेड़ हुआ। इस मुठभेड़ में नक्सली संगठन के लोगों ने पुलिस को लक्ष्य कर गोलीबारी शुरू की। जिसमें पुलिस ने नक्सलियों को सरेंडर करने का आह्वान किया। अंत में पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई करते हुए गोली चलाना शुरू किया। पुलिस को भारी पड़ता देख नक्सली जंगल व पहाड़ का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। ज्ञात हो कि झारखंड से नक्सली उन्मूलन के खिलाफ डीजीपी ने राज्य के सभी एसपी को आवश्यक दिशा निर्देश दे रखे हैं। इसके आलोक में पलामू जिला में भी नक्सलियों के खिलाफ पुलिस द्वारा सर्च अभियान चलाया जा रहा है। इसी बीच एसपी रीष्मा रमेसन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर तरहसी थाना क्षेत्र के ग्राम सिंजो के महुअरी जंगल में एएसपी अभियान के नेतृत्व में सर्च अभियान चलाया गया। जहां पर पुलिस की मुठभेड़ प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के साथ हुआ। इस मुठभेड़ में शशिकांत गंझू के साथ नगीना, गौतम, मुखदेव समेत कई नक्सली शामिल थे। इस अभियान में एएसपी अभियान राकेश कुमार सिंह, तरहसी थाना प्रभारी नीरज कुमार, पांकी थाना प्रभारी राजेश रंजन, मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव, तरहसी थाना प्रभारी अमलेश कुमार, आरक्षी संतन मेहता, राकेश कुमार, तकनीकी शाखा एवं अन्य सशस्त्र बल शामिल थे। मुठभेड़ के बाद पुलिस द्वारा घेराबंदी कर सर्च अभियान चलाया गया। जिसमें नक्सलियों के दैनिक उपयोग में खाने का सामान, दवा, चटाई, कंबल, गोली का खोखा व अन्य सामान बरामद किये गये हैं। एसपी ने कहा कि तरहसी थाना क्षेत्र के सिंजो जंगल में शशिकांत गंझू का दस्ता किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए मौजूद थे जिसे पुलिस ने समय रहते नक्सलियों के मंसूबे पर पानी फेर दिया।

# पूर्वडीहा की चांदनी यूपीएससी सीडीएस परीक्षा में देश में 8वां स्थान की प्राप्त

**प्रेम रंजन तिवारी**



चांदनी दूबे।

**चैनपुर पलामू।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पूर्वडीहा गांव निवासी अशोक दूबे की पुत्री चांदनी दूबे ने यूपीएससी सीडीएस की लिखित परीक्षा में पूरे देश में 8वां स्थान प्राप्त की है। आठ लाख परीक्षार्थियों में 8वां स्थान प्राप्त करने से परिवार और गांव के लोगों में बहुत ही खुशी का माहौल है।

बचपन से ही पढ़ने में मेधावी रही चांदनी ने दसवीं की परीक्षा डीएवी पांडूपारा (छत्तीसगढ़) से तथा 12वीं डीपीएस रांची से उत्तीर्ण की, तत्पश्चात ग्रेजुएशन दिल्ली युनिवर्सिटी, दिल्ली से पूर्ण कर नौकरी की तैयारी में लग गई । पिता अशोक दूबे अपनी पुत्री की कामयाबी पर बहुत गौरवान्वित हैं। वे छत्तीसगढ़ सीसीएल में कार्यरत हैं, मां सरिता दूबे गृहिणी हैं जिनका बच्चों के शिक्षा दिलाने में बहुत अहम योगदान रहा है। चांदनी से बात करने पर उन्होंने कहा कि सीडीएस 2025 की लिखित परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर, अब उनका अगला कदम ओटीए (औफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी), चेन्नई में शामिल होने के लिए एसएसबी (सर्विस सेलेक्शन बोर्ड) इंटरव्यू की तैयारी करना है। सैन्य सेवा के साथ-साथ वह यूपीएससी सीएसई (सिविल सेवा परीक्षा) की तैयारी भी कर रही हैं और उनका सपना है कि वे प्रशासनिक सेवा में आकर समाज में और लड़कियों के बीच सकारात्मक परिवर्तन लाएं। चांदनी के इस कामयाबी से उनके चाचा कृष्ण कुमार दूबे सहित पूरे पूर्वडीहा गांव के लोग हर्षित हैं।

स्पीड न्यूज

## सड़क दुर्घटना में तीन लोग हुए घायल

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के नगड़ी ढलान के समीप मोटरसाइकिल सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए। घायलों में सलगी पीड़हा पत्थल निवासी कार्तिक असुर,कालेन्द्र असुर व मनोज लोहरा के नाम शामिल है। तीनों घायलों को ग्रामीणों के सहयोग से 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद कालेन्द्र असुर और मनोज लोहरा को गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार तीनों युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर घाघरा से सलगी पीड़हा पत्थल लौट रहे थे। इसी क्रम में विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल से अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराया। जिससे तीनों घायल हो गए।

## स्वामी जगन्नाथ मंदिर का वार्षिकोत्सव मनाने का निर्णय

**बसिया।** बसिया प्रखंड अंतर्गत निनई गाँव में स्वामी जगन्नाथ मंदिर के वार्षिक उत्सव मनाने को लेकर ग्रामीणों की बैठक आयोजीत की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वामी जगन्नाथ मंदिर का वार्षिक उत्सव मनाया जाएगा। जिसके लिए रविवार 4 मई को प्रातः 7 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी और दोपहर 1 बजे अखण्ड हरि कीर्तन प्रारंभ किया जाएगा।वहीं सोमवार दोपहर पूणाहुति महाआरती एवं भंडारा आयोजित की जाएगी। बैठक में सोमरा कंसारी,तिजेंद्र यादव, सहदेव राम, रंथु राम,आत्मा पंडा, छटकू राम,कर्ण सुलंकी, सावना साहू सहित कई उपस्थित थे।

## चैनपुर थाना क्षेत्र में अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के तिगावल गांव में स्थानीय पुलिस ने बहुरा तुरी के खिलाफ विधिवत इश्तेहार उसके घर पर चिपकाया। यह कदम भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत बहुरा तुरी के द्वारा किए गए गंभीर अपराधों की जानकारी देने के लिए उठाया गया है। चैनपुर थाना के एसआई दिनेश कुमार ने बताया कि बहुरा तुरी पर भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 148, 149, 332, 333, 353 तथा 307 सहित 436, 427 जैसी गंभीर धाराएँ लगाई गई हैं। इसके अतिरिक्त, शस्त्र अधिनियम की धारा 1, 3, और 4 तथा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 17 के तहत भी बहुरा तुरी के खिलाफ कार्रवाई की गई है। जिसको लेकर ढोल-नगाड़ों एवं ग्रामीणों के साथ इश्तेहार तमिल किया गया। जिसमें स्थानीय लोगों को इस अपराधी के खिलाफ सचेत किया गया। एसआई दिनेश कुमार ने कहा कि यह एक ठोस संदेश है कि कानून को अपने हाथ में लेने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## बच्चों ने निकाला जागरूकता रैली

**जारी।** लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्थान के नेतृत्व में जारी प्रखंड अन्तर्गत राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सिकरी के बच्चों एवं शिक्षको के द्वारा शुक्रवार को जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली मे बच्चों के द्वारा बाल विवाह मिटाना है, बोझ न समझो बेटी को अब आजादी दो बेटी को , शिक्षा जीवन का आधार है, इसके बिना जीवन बेकार है, हम सबका है एक विचार बाल विवाह मुक्त परिवार, सुनो गौर से देश वासी अब ना होगी बच्चों की शादी ,आओ मिलकर बढ़ाए कदम बाल विवाह मिलकर करें खत्म, बाल विवाह अपराध है, लड़का हो या लड़की दोनों के लिए श्राप है, बाल मजदूरी पाप है इसके जिम्मेदार हम और आप है, श्रम मुक्त भारत, हर बच्चा स्कूल जाए और बचपन को न छिने उन्हें पढ़ने दे जैसे नारा लगाये गया। मौके पर उपस्थित लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्थान के सीएसडब्लू नीलम बेक ने कहा कि बाल श्रम बच्चों के अधिकारों का उलंघन है और इसे समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है। मौके पर राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सिकरी के प्रधानाध्यापक प्रभुदास तिग्गा एवं स्कूल के सभी बच्चे उपस्थित थे।

### वक्फ कानून रद्द करने की मांग को लेकर मुस्लिम समाज ने निकाला विशाल जुलूस

# वक्फ संशोधन बिल मुस्लमानों को उनके मौलिक अधिकार से वंचित कर देगा: अंजुमन इस्लामिया

### जुलूस के बाद राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन प्रतिनिधि मंडल ने सौंपा उपायुक्त को

खबर मन्त्र संवाददाता






जुलूस का नेतृत्व करते अंजुमन के सदर, सचिव, विधायक व अन्य, वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ जुलूस में शामिल मुस्लिम समाज के लोग

**गुमला।** वक्फ कानून रद्द करने की मांग को लेकर शुक्रवार को अंजुमन इस्लामिया गुमला के बैनर तले मुस्लिम समाज के लोगों ने जुम्मे की नजाम के बाद जामा मजिस्द थाना रोड से शांति पूर्ण जुलूस निकाला।

जुलूस जामा मस्जिद से आरंभ होकर थाना रोड, टावर चौक, मेन रोड, लोहरदगा रोड होते हुए जामा मस्जिद पहुंचकर समाप्त हुई। जुलूस के बाद प्रतिनिधि मंडल ने वक्फ कानून रद्द करने की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन उपायुक्त गुमला को सौंपा गया। इधर जुलूस में शामिल लोग हाथों में वक्फ कानून के विरोध में तख्तियां लेकर निकले। जिसमें वक्फ काला कानून रद्द करने, वक्फ बोर्ड को सुरक्षित करने, वक्फ को बचाने, न्याय की मांग, वक्फ संशोधन के नाम पर जमीन लूटने नहीं दिया जाएगा आदि नारे लिखे हुए थे। जुलूस में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग तिरंगा भी साथ में लेकर चल रहे थे। इधर राष्ट्रपति के नाम सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया है कि केंद्र सरकार के द्वारा लाया गया वक्फ संशोधन कानून 2025 का ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के गाईडलाइन के अनुसार अंजुमन इस्लामियां शांति पूर्ण प्रोटेस्ट कर अपना विरोध जताती है। ज्ञापन में कहा गया है कि देश के संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 में प्रत्येक धार्मिक समुदाय को न केवल अंतरात्मा की स्वतंत्रता प्रदान करती है ब्लकि अपने धर्म के पालन करने प्रचार-प्रसार करने तथा धार्मिक व परोपकार कार्यों हेतु संस्थाएं स्थापित कर अपने अनुसार संचालित करने का अधिकार देती है। वर्तमान वक्फ संशोधन बिल मुस्लमानों को इस मौलिक अधिकार से वंचित कर देगा। केंद्रीय वक्फ परिषद और वक्फ बोर्डो के गठन से संबंधित संशोधन इसका जीवंत प्रमाण है।

इस प्रकार वक्फ दाता पर पांच वर्ष प्रेक्सटिसिंग मुस्लिम होने का शर्त न केवल संविधान के अनुच्छेद 25 के विरूद्ध है। जिन अधिकारों और संरक्षणों का लाभ अन्य धार्मिक समुदायों हिंदू, सिख, ईसाई, जैन और बौद्ध की वक्फ संपतियों को प्राप्त है।

उनसे मुस्लिम वक्फ को वंचित कर दिया गया है। मौजूदा संशोधन से वक्फ की जमीन व वक्फ की संपतियों में सरकारी भू माफिया और पूंजीपति का अवैध कब्जा होने का अंदेशा है। जिसपर सहानुभूति पूर्वक विचार करने के बाद वक्फ संशोधन कानून 2025 को रद्द करने की मांग की गई। जुलूस में अंजुमन इस्लामियां के सदर मोशाहिद आजमी, सचिव मकसुद आलम, विधायक भूषण तिर्की, नप के पूर्व उपाध्यक्ष मो. कलीम अख्तर, मौलाना इनाम रब्बानी, मो. लड्डन, चैनपुर के सदर शकील खान, सलमान अंसारी, अख्तर आलम कल्लू, मो. तसलीम खान, अकील रहमान, कलाम आलम, मुख्तार आलम, फिरोज आलम, मो. ज्ञायस, जुन्नू रैन, मो. सब्बू, मो. सहामुल खान, आशिक अंसारी, डैजी राणा, खुर्शीद आलम, मो. मिन्हाजुद्दीन, आफताब आलम लाडले, आनऊताब अंजुम, उस्मान खान, मो.गुलाब,मो. फिरोज सहित भारी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग शामिल थे।

## भीठा में विवाहिता महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**भंडरा।** भंडरा थाना क्षेत्र के भीठा गांव से गुरुवार को बेहद दुखद घटना सामने आई है। यहां 28 वर्षीय विवाहिता एक महिला का शव फांसी के फंदे से लटका मिला है, जो पिछले एक वर्षो से अपने मायके मे रह रही थी। मृतका की पहचान भीठा गांव निवासी संतोषी कुमारी पिता जतरू उरांव के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक संतोषी कुमारी की अपने ससुराल मे उसके सौतन से काफी समय से विवाद चल रहा था जिसके कारण संतोषी एक वर्षो से अपने मायके मे ही रह रही थी। मंगलवार को घर मे संतोषी अकेले थी। दरवाजा अंदर से बंद था। बुधवार को संतोषी का घर का दरवाजा नहीं खुला गुरुवार की सुबह पडोसी को घर से दुर्गन्ध आ रही थी। जिससे ग्रामीणों को आशंका हुई तो कमरे में झांककर देखा तो संतोषी साड़ी के फंदे से लटकी हुई थी।

### उप विकास आयुक्त ने कहा पोषण ट्रैकर ऐप में डेटा को अद्यतन करे व

# बच्चों के परिजनों का आधार कार्ड अपलोड करें: डीडीसी

खबर मन्त्र संवाददाता



समीक्षा बैठक में निर्देश देते डीडीसी


**गुमला।** जिला समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक शुक्रवार को उप विकास आयुक्त श्री दिलेश्वर महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने पोषण ट्रैकर ऐप में पंजीकृत एवं आधार सत्यापित लाभुकों की संख्या, वजन माप, गृह भ्रमण, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, कुपोषण उपचार, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, सेविका-सहायिका की रिक्तियों, आंगनवाड़ी केंद्रों की आधारभूत संरचना एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की। उप विकास आयुक्त ने पोषण ट्रैकर ऐप में डेटा को अद्यतन करने और सभी बच्चों के परिजनों का आधार कार्ड अपलोड करने का निर्देश दिया। साथ ही वजन मापन की सौ प्रतिशत इंट्री सुनिश्चित करने की बात कही। गृह भ्रमण को लेकर सभी महिला पर्यवेक्षिकाओं को गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी देने एवं लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए गए।

इसके अलावा उप विकास आयुक्त ने मातृ वंदना योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना और मुख्यमंत्री कन्यादान योजना जैसी योजनाओं के प्रति महिलाओं को जागरूक करने पर जोर दिया। उन्होंने सभी सीडीपीओ को लक्ष्य निर्धारित कर मातृ वंदना योजना के सभी पात्र लाभुकों को जोड़ने का निर्देश दिया। सेविका-सहायिका के चयन को गति देने, आंगनबाड़ी केंद्रों के मरम्मत, नवीनीकरण, शौचालय, बिजली और पानी जैसी सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए भी आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके साथ ही पालकोट,बसिया एवं सिसई के कई आंगनबाड़ी केंद्रों में खराब पड़े चापाकल को यथाशीघ्र ठीक कराने हेतु निर्देश दिया गया। बढ़ती गर्मी को देखते हुए सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल की व्यवस्था को दुरुस्त करने की बात कही गई।

बैठक में सभी प्रखंडों के सीडीपीओ ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया। इसके अलावा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी भी बैठक में उपस्थित थे।

## हथियार के साथ युवक गिरफ्तार




गिरफ्तार युवक के साथ पुलिस अधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा पुलिस ने एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सैम वर्मा उर्फ कृष वर्मा (27 वर्ष) पिता वीरेंद्र वर्मा, पावरगंज दुगार्बाड़ी लेन, लोहरदगा के रूप में हुई है।आरोपी के पास से एक देशी पिस्तौल और एक जीवित कारतूस बरामद हुआ है। इस संदर्भ में सदर थाना कांड संख्या 71/2025 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मैना बगीचा निवासी नरेंद्र दसौंधी पिता नारायण दसौंधी को शेम वर्मा हमेशा धमका रहा था। इस क्रम में गुरुवार शाम को नरेंद्र दसौंधी को अकेला पाकर उसपर हमला कर दिया। सरेबाजार हुई इस घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने सदर थाना पुलिस को दी। जिसपर फौरी कार्रवाई करते हुए पुलिस निरीक्षक सह सदर थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर की टीम ने आरोपी को पावर गंज चौक से गिरफ्तार कर लिया। निहत्थे सअनि तारकेश्वर कुमार ने साहस का परिचय देते हुए आरोपी को दबोच लिया। वही पुलिस आरोपी के पास हथियार कहा से आया है और कौन सप्लायर है इसका पता लगा रही है।

## उपायुक्त ने कराटे खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**लोहरदगा।** कानपुर के द स्पॉट हब में आयोजित प्रथम इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में लोहरदगा जिला के कराटे खिलाड़ियों द्वारा बेहतर प्रदर्शन के लिए उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा समाहरणालय सभागार में सभी खिलाड़ियों कोमेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शोतोकान स्कूल कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया के द्वारा 18 से 20 अप्रैल 2025 तक आयोजित इस चैंपियनशिप में लोहरदगा जिला कराटे संघ एवं एसएस स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन के 11 कराटे खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था।

# पैसे निकासी करने पहुंचा वृद्ध लोगों के धक्का मुक्की से बैंक में गिरकर हुआ बेहोश

### ग्रामीणों ने एक घंटे बाद किया मदद, पानी पीलाने के बाद आया होश

खबर मन्त्र संवाददाता



बैंक परिसर में होश आने के बाद बैठा वृद्ध

**घाघरा।** बैंक ऑफ इंडिया शाखा घाघरा में शुक्रवार को अत्यधिक भीड़ व धक्का मुक्की के कारण बड़काडीह ग्राम निवासी तेम्बा उरांव भीड़ के बीचों बीच जमीन पर गिर गया और बेहोश हो गया। लगभग 1 घंटे तक जमीन पर पड़ा रहा। किसी ने उसकी मदद नहीं की और ना ही बैंक कर्मियों के द्वारा किसी भी तरह की सहायता पहुंचाई गई। लगभग 1 घंटे व जमीन पर बेसुध पड़ा रहा। जिसके बाद बैंक में उपस्थित ग्रामीणों के द्वारा उसे पानी पिलाकर व शांत जगह पर ले जाकर लेटाया गया। जिसके बाद वह होश में आया। तेम्बा ने बताया कि वह अपना वृद्धा पेंशन का पैसा निकालने के लिए बैंक आया था। अहले सुबह से ही वह लाइन पर लगा था। जैसे ही बैंक खुला सभी अचानक बैंक के अंदर घुसने लगे। चूकि तेम्बा उरांव बुजुर्ग है उसे धकेलते हुए लोग बैंक के अंदर घुसने लगे। इसी दौरान वह गिरकर बेहोश हो गया। ग्रामीणों ने कहा कि यह कोई पहली घटना नहीं प्रत्येक दिन लोग बेहोश होते हैं। अब तो गर्मी का मौसम भी आ गया है। अब ना जाने कितने लोग प्रत्येक दिन बेहोश होंगे। गिनती भी करना मुश्किल हो जाएगा। बैंक ऑफ इंडिया में खाता धारको की संख्या अधिक है। बावजूद बैंक के द्वारा किसी भी तरह का सुविधा बहाल नहीं किया जा रहा है। जिससे ग्रामीण परेशान है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि मुसीबत में आने के बाद भी पैसा नहीं निकाल पाते है। यहां बता दे की बैंक आफ इंडिया में खाताधारक रात 2 बजे से ही लाइन में खड़ा हो जाते है। कई ऐसे खाताधारक हैं जो सुदूरवर्ती इलाका से आते काम नहीं होने के कारण निराश लौटने के बजाय रात में बैंक के नीचे ही सो जाते हैं और 2 बजे रात से लाइन में लग जाते है।

### भय के माहौल में जी रहे हैं लोग, हाथी को भगाने में वन विभाग असफल, लोगों में आक्रोश

# चार दिनों से हाथी का उत्पात जारी, हाथियों के हमले में पारा शिक्षक घायल

खबर मन्त्र संवाददाता



घायल पारा शिक्षक

**भंडरा।** चार दिनों से हाथी के आतंक से भंडरा प्रखंड क्षेत्र के लोग भयभीत हैं, हाथी बगुला पतरा में अड्डा जमाए हुए है।

शाम में हाथी पतरा से निकलता है। आसपास के गांव में उत्पाद मचाता है। दिन में वह पतरा में रहता है। कुम्हारिया गांव के लोगों के अनुसार हाथी कभी-कभी दिन में भी निकल जाता है। एक मई को हाथी 12बजे दिन में ही पतरा से निकलकर कुम्हारिया गांव के पास घूमने लगा। लोग भय से भाग खड़े हुए। हाथी के द्वारा कई घरों को एवं किसानों के फसलों को नुकसान पहुंचाया जा चुका है। बगुला पतरा के बगल में कुम्हारिया गांव के किसान तरबूज की खेती बड़े पैमाने पर किए हैं। हाथी तरबूज को बड़े चावल से खाता है और पतरा के अंदर घुसकर आराम फरमाता है। कुम्भरिया गांव के लुंदरू साहू के खेत में लगे मिर्च के फसल को भी हाथी द्वारा काफी छाती पहुंचाई गई है।

30 मई की रात एक बजे को हाथी हाटी कुम्भाटोली गांव पहुंच गया। गांव में अपरा तफरी मच गई. लोग घरों से निकलकर भागने लगे। लोगों को बचाने के क्रम में हाटी कुंबटोली गांव के पारा शिक्षक सोहराय उरांव गंभीर रूप से घायल हो गए। शिक्षक का हाथ टूट गया। हाटी गांव में हाथी झरिया उरांव का खिड़की एवं दरवाजा तोड़ दिया। सोमरा उरांव का एस्बेस्टस सीट का घर को ध्वस्त कर दिया। हाथी से परेशान लोग भय के माहौल में जी रहे हैं।

इन्हें डर लगा रहता है कि किसी भी समय हाथी से भेंट हो जाएगी तो नुकसान हो सकता है। हाथी के अन्यत्र भागने की मांग आसपास के गांव के लोग वन विभाग से कर रहे हैं परंतु वन विभाग अभी तक हाथी को दूसरे स्थान पर भेजना या पहचाने में असफल साबित हो रहा है।

एक नजर में

## डीसी ने जनता दरबार में सुनीं लोगों की समस्याएं, त्वरित समाधान का दिया निर्देश



समस्या सुनते डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** डीसी शेखर जमुआर ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनके निराकरण के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया। जनता दरबार में विभिन्न प्रकार की समस्याओं को लेकर ग्रामीण पहुंचे थे, जिनमें राशन, पेंशन, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, आवास, मुआवजा, योजनाओं का लाभ, अतिक्रमण, रोजगार सृजन, बकाया मजदूरी भुगतान समेत अन्य समस्याएं शामिल थीं। डीसी ने सभी समस्याओं को सुनकर संबंधित पदाधिकारियों को यथाशीघ्र निराकरण के लिए निर्देशित किया। रंका प्रखंड के चुटिया पंचायत से आए विनोद राम ने अबुआ आवास योजना के तहत आवास नहीं मिलने की शिकायत की, जिस पर डीसी ने जांच कराकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। गढ़वा सदर ब्लॉक से आई मीरा देवी ने अपने विवादित जमीन के मामले में अंचल अधिकारी को कार्रवाई करने का अनुरोध किया। ग्राम खजूरी से आए सीताराम पासवान ने अपनी जमीन पर दबंगों द्वारा कब्जा करने की शिकायत की, जिस पर डीसी ने जांच कराकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। प्रखंड रमना के ग्राम करचा से आई तंमयी देवी ने अपने मकान के मुआवजे के संबंध में एक माह का समय देने का अनुरोध किया। डीसी श्री जमुआर ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमलोगों को देने की दिशा में जिला प्रशासन की टीम तत्परता के साथ कार्य कर रही है। योजनाओं का सीधा लाभ जरूरतमंद व योग्य व्यक्तियों को मिले, इसके लिए प्रशासन द्वारा लगातार कार्य किए जा रहे हैं। जनता दरबार में आए सभी फरियादियों को आश्वस्त किया गया कि उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

## रमना में स्कूल रूआर 2025 कार्यक्रम की सफलता हेतु कार्यशाला आयोजित



उद्घाटन करते अतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

**रमना।** प्रखंड के मडवनिया पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को स्कूल रूआर 2025 कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, बीडीओ विकास पांडेय, मडवनिया पंचायत की मुखिया स्वीटी वर्मा, रमना पंचायत की मुखिया दुलारी देवी और सिलीदाग पंचायत की मुखिया अनिता देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

मौके पर जिप अध्यक्ष शांति देवी ने कहा कि विभागीय स्तर पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के संचालन एवं विशेष सुविधा मिलने के बावजूद बच्चों के नामांकन और ठहराव में अपेक्षित सुधार नहीं होना चिंता का विषय है। बच्चे, शिक्षक, अभिभावक एवं समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित कर ही हम इस अभियान को सफल बना सकते हैं। इसके लिए उन्होंने विभाग की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन ईमानदारी पूर्वक करने की अपील उपस्थित शिक्षकों से की। बीडीओ ने कहा कि बच्चों को विद्यालय में वापस लाने एवं उनका ठहराव सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक रूप से मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है। बीपीओ ने इस कार्यक्रम के तहत स्कूलों में 16 दिनों तक चलने वाले गतिविधियों की विस्तृत जानकारी शिक्षकों को दी। वहीं शिक्षक नंदकिशोर चौबे ने रूआर कार्यक्रम के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सुरेंद्र गुप्ता ने किया। मौके पर सीआरपी सतीशधर दुबे, कुमार गौरव, एमआईएस विजय कुमार, रिसोर्स टीचर उपेंद्र कुमार, हेडमास्टर फुलेंद राम, विष्णुदेव मांझी, राकेश पांडेय, रामदयाल सिंह, संतोष राम, रंजन सिंह, मनोज देव, राजेश पांडेय, मनोज कुमार सिंह, दिवाकर सिंह, सरोज देव, प्रमोद सिंह, जितेंद्र शर्मा, अशोक खलको, चंद्रिका मांझी, रवि कुमार, मुखिया प्रतिनिधि दिलीप ठाकुर, राकेश कुमार सहित कई प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

## भवनाथपुर में सड़क मरम्मत कार्य का भूमि पूजन विधायक ने किया



शिलापट्ट का अनावरण करते विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर से केतार होते हुए पाचाडुमर मुख्य पथ के मरम्मत कार्य का भूमि पूजन शुक्रवार को मुकसैनी चपरी मोड़ के समीप विधायक अनंत प्रताप देव ने विधिवत पूजा-अर्चना कर नारियल फोड़कर तथा शिलापट्ट का अनावरण कर किया। करीब 14 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस सड़क का निर्माण पथ निर्माण विभाग के तहत कराया जाएगा। विधायक श्री देव ने बताया कि इस सड़क का ऑनलाइन शिलान्यास मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा किया गया था। हालांकि संवेदक ने भूमि पूजन के बिना ही चुपचाप निर्माण कार्य शुरू कर दिया था, जिसे रोककर आज विधिवत भूमि पूजन किया गया। उन्होंने विभागीय पदाधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण के लिए सख्त निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का उद्देश्य राज्य में बड़े उद्योग स्थापित कर बेरोजगारी दूर करना है।

खबर मन्त्र
रांची. शनिवार .03 मई 2025

अभिव्यक्ति



# जात की बात...

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिसंबर 2023 में यह कहकर चीजों को सरल बनाने की कोशिश की थी कि देश में चार ही जातियां हैं- महिलाएं, युवा, किसान और गरीब। यही वजह है कि ध्रुवीकरण की अपनी ताकत के प्रति आश्वस्त भगवा पार्टी ने विपक्ष को जाति का कार्ड खेलने दिया। हालांकि, इसका झटका भाजपा को 2024 के लोकसभा चुनाव में लगा। ये परिणाम भाजपा के लिये आंख खोलने वाला था। हालांकि, वह नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल युनाइटेड और चंद्रबाबू नायडू की तेलुगू देशम पार्टी के सहयोग से किसी तरह सरकार बनाने में कामयाब हो गई। इस बात में कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि गठबंधन की मजबूरियों के चलते ही भाजपा को जाति जनगणना के मुद्दे पर यह फैसला लेना पड़ा है। हालांकि, कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के दबाव ने भी इस निर्णय में बड़ी भूमिका निभाई है। कोई भी राजनीतिक दल सामाजिक न्याय के उनके महान सपने को पूरा करने के लिये आधे-अधूरे दृष्टिकोण को अपनाने का जोखिम नहीं उठा सकता, खासकर भाजपा। कहा जा रहा है कि जाति जनगणना के जरिये नीति निमार्ताओं को विशिष्ट समुदायों की आवश्यकता के अनुसार कल्याणकारी योजनाएं बनाने में मदद मिलेगी। जाति आधारित जनगणना में पारदर्शी सूचनाओं के संग्रह और डेटा के सार्थक उपयोग से सामाजिक असमानताओं को दूर करने में काफी हद तक मदद मिल सकती है। साथ ही यह भी जरूरी है कि इसके लिये समय सीमा तय की जाए, क्योंकि पहले ही जनगणना में काफी देरी हो चुकी है। यह भी हकीकत है कि केंद्र सरकार के लिये अगली जनगणना के साथ ही जाति गणना कराने का फैसला खासा चुनौतीपूर्ण है। मुद्दा जात का हो या आरक्षण का देश हित सबसे उपर होना चाहिए और विकास की गति बनी रहे यह जरूरी है।




**मेष :** बुद्धि व धन का दुरुपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

**वृष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5

**मिथुन :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8

**कर्क :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8

**सिंह :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9

**कन्या :** अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9

**तुला :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7

**धनु :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8

**मकर :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8

**कुंभ :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8

**मीन :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# भारत को महाशक्ति क्यों नहीं बनना चाहिए

हम 2047 में स्वतंत्रता के 100 साल मनाएंगे; हमें आने वाले दशकों में भारत को फिर से महान बनाने के लिए कैसे प्रयास और ध्यान केंद्रित करना चाहिए, शांति, आनंद और बढ़ी हुई सामाजिक आर्थिक ताकत के साथ? आइए देखें कि हम इस शानदार राष्ट्र के भाग्य को बदलने के लिए कैसे मिलकर काम कर सकते हैं।




## भारत को महाशक्ति क्यों नहीं बनना चाहिए

जब हमने अमृत काल में प्रवेश किया और 2047 तक भारत के विश्वगुरु बनने की कामना की। इसका क्या मतलब है? क्या यह संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस या चीन जैसी महाशक्ति को संदर्भित करता है? बिल्कुल नहीं। हम महाशक्ति नहीं बनना चाहते, जिसका अर्थ है अहंकार, लालच, अनैतिकता, प्राकृतिक संसाधनों का दोहन, विकासशील और अविकसित राष्ट्रों को नियंत्रित करने के लिए संघर्ष और युद्ध की संस्कृति, आर्थिक अनियमितताएं इत्यादि। तो, 2047 में भारत कैसा दिखना चाहिए, जब हमारे पास 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था, सबसे बड़ी रक्षा सेना और विशाल कार्यबल होगा?

## विश्वगुरु का वास्तव में क्या अर्थ है?

हमें एक ऐसा राष्ट्र बनाना चाहिए जिसमें प्रत्येक नागरिक व्यक्तिगत और राष्ट्रीय चरित्र का विकास करे। दीनदयाल उपाध्याय जी ने इसे इस तरह से कहाः हम एक राष्ट्र हैं, देश नहीं और हम अतीत के जीवंत उदाहरण रहे हैं। अगर हम अपने ऐतिहासिक तथ्यों का अध्ययन करें तो हम एक जीवंत राष्ट्र के रूप में अपनी महान विरासत को जान पाएंगे।

जब नागरिकों में यह मानसिकता जागृत होती है तो लोग और समाज सद्भाव से रहते हैं, जीवन जीने का बंधन बनाते हैं और एक साथ बाधाओं को पार करते हैं, खुशी बढ़ती है। हम सिर्फ आर्थिक स्तर बढ़ाने में विश्वास नहीं करते हैं। यह समझना महत्वपूर्ण है कि जीडीपी या किसी अन्य आर्थिक मीट्रिक के संदर्भ में आर्थिक विकास व्यक्तिगत शारीरिक, मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य को खतरे में डालकर समाज को कमजोर करने की कीमत पर नहीं होना चाहिए, जो अंततः समाज और राष्ट्र को कमजोर करेगा। जब हम दुनिया की वर्तमान आर्थिक स्थिति को देखते हैं, तो हम देख सकते हैं कि शराब, कई रूपों में नशीले पदार्थ, दवाइयां और चिकित्सा आवश्यकताएं, प्राकृतिक संसाधनों का दोहन और पर्यावरण और प्राकृतिक आवासों का विनाश, सभी जीडीपी में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। यदि राष्ट्र को इन अप्राकृतिक, अनैतिक कार्यों के परिणामस्वरूप अधिक धन प्राप्त होता है, तो ऐसा जीडीपी सराहनीय नहीं है।



- पंकज जयस्वाल

> हमारे राजनीतिक दलों ने हमारी पीढ़ियों के लिए सबसे बुरा काम किया है, जिसके परिणामस्वरूप सभी मोर्चों पर कमजोर विकास हुआ है और भारत की मौलिक पहचान को नुकसान पहुँचा है। मोदी सरकार ने आवश्यक बदलावों को लागू करने के लिए एक नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पेश की है।

भारत राष्ट्र के रूप में हमें यह सोचना चाहिए कि हम सनातन धर्म के सिद्धांतों को आधार बनाकर शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक स्वास्थ्य के मामले में एक स्वस्थ व्यक्ति और समाज बनाने के लिए काम करेंगे। हमें ऐसे किसी भी आर्थिक विस्तार को त्याग देना चाहिए जो व्यक्तियों, समाज और राष्ट्र के स्वास्थ्य को खतरे में डालता हो। याद रखें कि एक कमजोर समाज एक कमजोर राष्ट्र को जन्म देता है, इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि हम दुनिया को आर्थिक ताकत दिखाने के लिए व्यक्तिगत या सामाजिक स्वास्थ्य का त्याग न करें। सनातन धर्म जीवन के सभी पहलुओं में जीवन को अधिक सार्थक बनाता है। वास्तविक जीवन में सनातन सिद्धांतों का ज्ञान और कार्यान्वयन जीवन कौशल और ज्ञान को बढ़ाता है, जिससे समाज और राष्ट्र की मजबूती में योगदान मिलता है।

## उज्ज्वल भविष्य के लिए आत्मनिर्भर भारत

आत्मनिर्भरता राष्ट्र को मजबूत बनाने की कुंजी है। आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित करने से रोजगार के अवसर पैदा करने, उद्यमियों को आगे बढ़ाने, वैश्विक बाजारों का विस्तार करने, प्रौद्योगिकी को उन्नत करने और कौशल और ज्ञान का निर्माण करके राष्ट्र को लाभ होता है। मोदी सरकार ने आत्मनिर्भर भारत की शुरूआत की और हम राष्ट्रीय शक्ति के संदर्भ में इसके परिणाम देख रहे हैं। सरकारों, उद्योगपतियों और समाज को सेमीकंडक्टर, रक्षा, विनिर्माण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, कृषि उपज, खाद्य प्रौद्योगिकी, फार्मास्यूटिकल्स, स्वास्थ्य सेवा, डिजिटल दुनिया और पर्यावरण प्रबंधन सहित हर क्षेत्र को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए।

## आर्थिक विकास के लिए अनुसंधान और विकास

कोई भी राष्ट्र सामाजिक-आर्थिक रूप से विकसित नहीं हो सकता है यदि वह अनुसंधान और विकास, नवीन विचारों और रचनात्मकता के लिए पर्याप्त संसाधन समर्पित नहीं करता है। अनुसंधान किसी भी राष्ट्र की प्रगति के लिए आधार का काम करता है। भारत में अनुसंधान और नवाचार का एक लंबा इतिहास है, ऋषि कणाद, भास्कराचार्य द्वितीय और आचार्य सुश्रुत, सूची लंबी है लेकिन जब मुगलों और फिर अंग्रेजों ने हम पर आक्रमण किया, तो हमने अपना अनुसंधान-उन्मुख दृष्टिकोण खो दिया और मैकाले की शिक्षा प्रणाली ने हमें गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाया। इस दृष्टिकोण में मोदी सरकार के प्रयास कई क्षेत्रों में शानदार परिणाम दे रहे हैं, जिनमें स्टार्ट-अप और यूनिकॉर्न शामिल हैं। स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में और अधिक प्रयासों की आवश्यकता है, विशेष रूप से आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक उपचारों में। रक्षा, शिक्षा, इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर, सॉफ्टवेयर और कृषि सभी को विकास पर अधिक ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

## नई शिक्षा प्रणाली पर जोर

अंग्रेजों द्वारा महान भारत, जिसकी सांस्कृतिक विरासत बहुत बड़ी है और जो तमाम बाधाओं के बावजूद महान राष्ट्र है, उसके खिलाफ सबसे खतरनाक खेल खेला गया, वह था सबसे बेहतरीन शिक्षा प्रणाली से मैकाले की सबसे खराब शिक्षा प्रणाली पर स्विच करना, जिसने हमें कमजोर बना दिया और गुलाम मानसिकता को स्थापित किया। स्वतंत्रता के बाद भी, हमारी औपनिवेशिक मानसिकता कायम रही, जिसने हमें अपनी पूरी क्षमता तक बढ़ने और विकसित होने से रोका। शिक्षा वह नींव है जिस पर एक बच्चे का मासूम दिमाग विकसित होता है, जो एक ऐसे युवा को जन्म देता है जो देश के भाग्य को आकार देता है। यहाँ, हमारे राजनीतिक दलों ने हमारी पीढ़ियों के लिए सबसे बुरा काम किया है, जिसके परिणामस्वरूप सभी मोर्चों पर कमजोर विकास हुआ है और भारत की मौलिक पहचान को नुकसान पहुँचा है। मोदी सरकार ने आवश्यक बदलावों को लागू करने के लिए एक नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पेश की है।

हर माता-पिता, स्कूल, विश्वविद्यालय और समुदाय को आगे आकर इस नीति का समर्थन करना चाहिए, जो हमारी आने वाली पीढ़ियों में सकारात्मक बदलाव लाएगी। आधुनिक और प्राचीन शिक्षा हमारी आने वाली पीढ़ियों को जीवन, समाज और राष्ट्र के सभी तत्वों के लिए तैयार करेगी।

## लेटर टू एडिटर

### जिम्मेदारी निभाएं कश्मीरी

हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाया गया, जो मानवता पर कलंक है। पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के लिए पाकिस्तान को माफ नहीं किया जा सकता। आतंकियों के घाटी में छिपने से यह स्पष्ट है कि उन्हें स्थानीय मदद मिल रही है। सभी नागरिकों, विशेषकर स्थानीय कश्मीरियों को चाहिए कि वे देशभक्ति दिखाते हुए आतंकवाद का विरोध करें।

**-अंकित सोनी, रांची**

### देश की एकता के लिए

हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में स्वीकार किया गया था, लेकिन कुछ दक्षिणी राज्यों ने इसे ह्रासाम्राज्यवादी भाषाह्न मानकर विरोध किया। हिंदी, अंग्रेजी और स्थानीय भाषाओं का त्रिभाषी फामूर्ला सभी राज्यों को स्वीकार करना चाहिए ताकि देश की एकता बनी रहे।

**-अनिल , जमशेदपुर**

### पाक की साजिश

पाक आतंकियों द्वारा पहलगाम में 26 पर्यटकों की हत्या देश में सांप्रदायिक तनाव भड़काने की साजिश थी। लेकिन देशवासियों ने एकजुटता और संयम दिखाकर इस नापाक मंसूबे को नाकाम किया।

**- रमेश सिंह, गढ़वा**

## ट्वीट

**पहलगाम** हमले में मारे गए लोगों के परिवारों के दुख में, शहीद के दर्जे की उनकी मांग में, मैं साथ खड़ा हूं।

प्रधानमंत्री से आग्रह है कि वो इस त्रासदी में जान गंवाने वालों को यह सम्मान देकर उनके परिवारों की भावना का आदर करें।

**- राहुल गांधी, सांसद**

# अगले साल तक कैसे खत्म हो पाएगा लाल आतंक

**उमेश चतुर्वेदी**

सामयिक

नक्सलवाद को लेकर कहा जाता रहा है कि जहां विकास नहीं पहुंचा, जहां शोषण की अर्थव्यवस्था रही, वहीं नक्सलवाद को पनपने का ज्यादा मौका मिला। शायद इसी वजह से नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास के पहिये को तेजी से दौड़ाने की तैयारी हुई।

इसे संयोग कहें या कुछ और, बीते 21 मार्च को जब छत्तीसगढ़ के बीजापुर और कांकेर में सुरक्षा बलों के हाथों तीस नक्सली मारे गए, उसी वक्त केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह संसद में नक्सलवाद के सफाए का ऐलान कर रहे थे। अमित शाह का कहना था कि अगले 375 दिनों में नक्सलवाद का सफाया हो जाएगा। अगर तारीखों के हिसाब से कहें तो केंद्र सरकार ने 31 मार्च 2026 तक कभी लाल आतंक के नाम से कुख्यात रहे नक्सलवाद के सफाए का लक्ष्य रखा है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या सचमुच नक्सलवाद आखिरी सांसे ले रहा है और जल्द ही आतंक का पर्याय रही ये विचारधारा अतीत बन जाएगी।

साल 2025 के अभी तीन महीने ही गुजरे हैं, लेकिन इस बीच नक्सलवाद को लेकर जो आंकड़े सामने हैं, उनसे तो लगता यही है कि नक्सलवाद अब गिने-चुने दिनों की ही बात है। केंद्रीय गृहमंत्रालय के आंकड़ों पर भरोसा करें तो बीते तीन महीनों में ही सुरक्षा बलों की कार्रवाई में 119 नक्सली मारे जा चुके हैं। नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों को यह कामयाबी सिर्फ 10 मुठभेड़ों में ही मिली हैं। बीते साल यानी 2024 में मुठभेड़ों में 239 नक्सली मारे गए थे। यानी सिर्फ सवा साल की अवधि में ही 358 नक्सली मारे जा चुके हैं। इतने नक्सलियों का मारे जाने और भारी संख्या में नक्सलियों के आत्म समर्पण करने का संकेत साफ है कि अब नक्सलियों की कमर टूटती जा रही है। शायद यही वजह है कि अमित शाह संसद में पूरे आत्मविश्वास के साथ ऐलान कर रहे हैं कि नक्सलवाद देश में आखिरी सांसे गिन रहा है। साल 2010 के आंकड़ों के हिसाब से देश के तकरीबन छठवें हिस्से में नक्सलवाद का प्रभाव था। झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश तक नक्सलवाद फैला हुआ था। गृहमंत्रालय के आंकड़ों के हिसाब से तब देश के 96 जिलों में आतंकवाद का खूनी पंजा फैला हुआ था। यूं तो हर सरकार नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाती रही है, लेकिन इसमें तेजी केंद्र में मोदी सरकार के आने के बाद आई। सड़कों और रेल लाइन की पहुंच नक्सल प्रभावित इलाकों में बढ़ाने की शुरूआत हुई। बीते आठ वर्षों में 10718 करोड़ की लागत से नक्सल प्रभावित इलाकों में करीब 9356 किमी सड़कों का निर्माण किया गया। इन इलाकों में तैनात केंद्रीय बलों तैनात केंद्रीय बलों द्वारा स्थानीय आबादी के लिए जहां स्वास्थ्य शिविर लगाए जाने शुरू हुए, वहीं उन्हें मुफ्त में जरूरी दवाएं दी जाने लगीं। इसी तरह उन इलाकों में पेयजल सुविधा बढ़ाने, सोलर लाइट की सुविधा देने के साथ ही खेती के उपकरण और बेहतर बीच आदि देने की कोशिश तेज हुई। गृहमंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, साल 2014 से अब तक इन मदों में नक्सल प्रभावित इलाकों में करीब 140 करोड़ रुपये के काम किए जा चुके हैं। डाक विभाग ने 90 नक्सलप्रभावत प्रभावित जिलों में, तकरीबन हर तीन किलोमीटर पर सिर्फ आठ वर्षों में ही 4903 नए डाकघर खोले हैं। इसी तरह अप्रैल-2015 से लेकर अब तक 30 सर्वाधिक नक्सल प्रभावित जिलों में 1258 नई बैंक शाखाएं और 1348 एटीएम लगाए गए हैं। नक्सल प्रभावित इलाकों में संचार की सुविधा बढ़ाने के लिए पहले चरण में 4080 करोड़ रुपए की लागत से 2343 मोबाइल टावर लगाए गए तो दूसरे चरण में 2210 करोड़ से 2542 मोबाइल टावर लगाए जा रहे हैं। इन इलाकों में 245 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बनाने की तैयारी है,जिनमें 121 काम शुरू कर चुके हैं।

इन समूहों को स्थानीय समर्थन मिलने के कारण सुरक्षा संस्थाओ को अपना काम करने में कई समस्याओं का सामना करना पड़ता था, परन्तु 2014 के बाद हालात बदले। दूसरी तरफ उग्रवादी समूहों को हो रही फंडिंग पर रोक लगाने के लिए चौकसी बढ़ाई गई। इसके तहत नक्सल प्रभावित राज्यों ने जहां 22 करोड़ की संपत्ति जब्त की,वहीं प्रवर्तन निदेशालय ने तीन और एनआईए ने पांच करोड़ की संपत्ति जब्त की। नक्सली हिंसा की जांच के लिए एनआईए में अलग से एक सेक्शन बनाया गया। जिसे अब तक 55 मामलों की जांच सौंपी जा चुकी है। इसी तरह विशेष कार्रवाई के लिए विशेषज्ञ सुरक्षा बलों पर जोर दिया गया और सूचनाओं को साझा करने का नेटवर्क विकसित किया गया। नक्सलरोधी ऑपरेशन के लिए केंद्रीय और राज्यों विशेष ऑपरेशन टीमें बनाई गईं। सुरक्षा बलों और नक्सलियों पर निगाह के लिए तकनीक को बढ़ावा भी दिया गया।

# ईश्वर ने मनुष्य के लिए एक बहुत अच्छी आदत बनायी है- भूलना




**अजयदीप बाधवा**

मोटिवेशन

जी हाँ, कई बार भूल जाना बहुत अच्छी बात होती है। मैंने कुछ दिन पूर्व किसी वैज्ञानिक का एक आलेख पढ़ा था की जो व्यक्ति चीजों को भूलता नहीं है उसका कई बार नकारात्मकता के कारण जीवन कष्टमय हो जाता है। वह व्यक्ति अपने साथ हुई छोटी सी छोटी हर गलत बात को जीवन भर याद रखता है और समय समय पर उसका उल्लेख करता रहता है; पर इस से उसके अंदर नकारात्मकता ही और बढ़ती जाती है। इस से ना सिर्फ उसका मस्तिष्क परेशान होता है बल्कि मानसिक परेशानी उसके शारीरिक कष्ट को भी बढ़ाती है ।आयु के साथ शरीर की व्याधियां भी बढ़ती हैं और जीवन कष्टमय हो जाता है । अनेकों बीमारियाँ उसे घेर लेती हैं । मान लिया कि आपका कोई संबंधी आपके तमाम उपकारों को भूल कर आपसे अच्छा संबंध नहीं निभाता, आपको अपने समारोहों में नहीं बुलाता व आपके और आपके परिवार की उपेक्षा करता है, तो आप मानसिक रूप से परेशान होते हैं। आपके हृदय में बार बार आपके साथ हुई उपेक्षा शूल की तरह चुभती है और आप उस कारण से मानसिक रूप से परेशान रहते हैं । धीरे धीरे आपकी मानसिक परेशानी ही आपकी शारीरिक समस्या में बदल जाती हैं ।

डॉक्टरों का भी कहना है कि जो व्यक्ति सदा तनाव में रहता है उसे ब्लड प्रेशर और शुगर की बीमारी होने की संभावना अधिक रहती है जो की बाद में और बड़ी बीमारियों का कारण बनती है। पर अगर आप के पास भूलने का हुनर होता है तो आप तमाम इन मानसिक और शारीरिक बीमारियों से बच सकते हैं । छोटी छोटी बातों को भूल जाने वाले लोग ज्यादा स्वस्थ रह पाते हैं। आपने



कई बार देखा कि किसी अपने के चले जाने से लोग बहुत रोते हैं । पर धीरे धीरे उनका रोना उदासी में बदल जाता है और कुछ दिनों बाद वे सामान्य जीवन जीने लगते हैं । अगर लोग अपनों के जाने का गम नहीं भूलते तो धीरे धीरे वे पागल हो जाते । हम सभी को इस भूलने के हुनर को सीखना चाहिए । व्यापार में हानि, कार्यालय में उच्च अधिकारी का बुरा व्यवहार, अपने भाई बहनो से हुई उपेक्षा, दोस्तों के द्वारा कभी कोई किये गए अपमान आदि को भूलना ही पड़ता है और भूलना भी चाहिये । अगर मनुष्य किसी घटना को भूलेगा नहीं तो दूसरे को उसकी गलती के लिए माफ भी नहीं कर पाएगा ।
भगवान महावीर का मानना था कि क्षमा मनुष्य का सबसे बड़ा गुण है जो उसे मनुष्य मानता है । आज भी जैन समुदाय के लोग वर्ष में एक बार सबसे अपने द्वारा जाने या अनजाने में किए गए गलत हरकतों के लिए सबसे क्षमा माँगते हैं । मेरे विचार से आप किसी को तभी क्षमा कर सकते हैं जब उस की द्वारा की गई गलतियों को आप भूल जायें। इसी कारण हमें भूलने की ताकत को समझना चाहिये । इस से हम कई शारीरिक या मानसिक बीमारियों से बच पाएंगे ।

**मोटिवेटर- काउंसलर सह वित्तीय सलाहकार,** रांची

**हिमालय स्थित केदारनाथ धाम का पट खोल दिया गया है। 50 लाख से अधिक श्रद्धालु इस बार केदारनाथ सहित बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री की यात्रा के लिये निबंधन करा चुके हैं। तस्वीरः अजय सानी**



## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### रामगढ़ में गुम हुए 21 मोबाइल बरामद



रामगढ़। रामगढ़ पुलिस तकनीकी शाखा के पदाधिकारी / पुलिसकर्मियों ने गुम हुए 21 मोबाइल बरामद किया। टावर लोकेशन निकाले जाने पर सभी मोबाईल अलग-अलग क्षेत्र में तथा कुछ मोबाइल रामगढ़ जिला के बाहर भी पाया गया। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने मोबाईल की बरामदगी हेतु अलग-अलग टीम का गठन किया। गठित टीम ने रामगढ़ जिला, रांची, हजारीबाग, बोकारो जाकर तकनीकी साक्ष्य के आधार पर छापामारी की, 21 व्यक्तियों के पास मोबाइल को बरामद किया। एसपी ने शुक्रवार को बरामद मोबाइलों को जिनका गुम हुआ था उनलोगों को दिया।

### तोपा में बंद घर से लाखों की चोरी



रामगढ़। कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत सीसीएल तोपा बी टाइप कालोनी के एक आवास का ताला तोड़कर गुरुवार रात चोरों ने 30000 नगद, चांदी के आभूषण सहित कई अन्य सामान चुरा ले गए। जानकारी के अनुसार सीसीएल तोपा परियोजना के विद्युत विभाग में कार्यरत लालदेव महतो गुरुवार शाम शादी समारोह में शामिल होने के लिए अपने बाल बच्चों के साथ अपने गांव कटरेहवा, बलसगरा गए। चोरों ने देर रात आवास के मेन गेट का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर गये। सभी कमरों की तलाशी लेकर चोरी की। सुबह पड़ोसियों की नजर पड़ी कि ताला टूटा है। इसकी जानकारी लालमोहन महतो को दी गई। लालमोहन महतो द्वारा मामले की लिखित सूचना कुजू ओपी पुलिस को दी गई।

### भुरकुंडा खुली खदान को तृतीय स्थान




भुरकुंडा (रामगढ़)। श्रमिक दिवस के शुभ अवसर पर दरभंगा हाउस सीसीएल रांची में वित्तीय वर्ष 2024-25 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले खदानों एवं श्रमिकों को सम्मानित किया गया। समारोह में पूरे सीसीएल ग्रुप-बी में कोयला उत्पादन में प्रथम स्थान और ओवर बर्डन निकासी में तृतीय स्थान का पुरस्कार भुरकुंडा खुली खदान को प्रदान किया गया। इसके अलावा बलकुदरा पीएसएमई में कार्यरत रमेश कुमार पासवान को बेस्ट डंपर ऑपरेटर और रामधनी उरांव को बेस्ट शॉवेल ऑपरेटर का पुरस्कार मिला है। इस अवसर पर बरका-सयाल एरिया के महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह, भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी कुमार राकेश सत्यार्थी, भुरकुंडा खान प्रबंधक कमर फहीम मुख्य रूप से उपस्थित थे। सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और श्रमिकों को इस सफलता पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी कुमार राकेश सत्यार्थी ने कहा सभी लोगों के सम्मिलित प्रयास एवं अथक परिश्रम के कारण ही यह सफलता मिली है। हमें आने वाले वर्ष में इससे भी बेहतर प्रदर्शन की अपेक्षा है।

### छात्र संसद का शपथ ग्रहण समारोह



भुरकुंडा (रामगढ़)। पावन क्रूस विद्यालय में छात्र संसद विद्यार्थी परिषद का शपथ ग्रहण समारोह एवं मजदूर दिवस का आयोजन धूमधाम से हुआ। कार्यक्रम का संचालन आशा मिंज, रजनी सिन्हा तथा मनीष लकड़ा ने संयुक्त रूप से किया। समारोह की शुरुआत विद्यालय के दोनों कैप्टन कक्षा 10 की रिया कुमारी और नैतिक उरांव और वाइस कैप्टन कक्षा 9 की सुरभि कुमारी और रोहित चौहान के शपथ ग्रहण से हुई। इसके बाद अनुशासन, सफाई, चित्रकला, प्रार्थना, खेल, सांस्कृतिक, स्वास्थ्य सहित अन्य मंत्रालयों के सदस्यों ने शपथ ली। सभी सदस्यों ने रजिस्टर पर हस्ताक्षर कर अपनी जिम्मेदारी को आधिकारिक रूप दिया। प्राचार्या सिस्टर सुमंती ने बुके देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि इसका मकसद बाल नेतृत्व क्षमता का विकास, विद्यालय प्रबंधन में सहयोग, स्वच्छता और सामूहिक कार्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और बच्चों को झारखंड के सीखनेका अवसर प्रदान करना है। मौके पर मो. कमरुद्दीन, सुधीर प्रसाद, रेणु पॉल, रजनी डुंगडुंग, निर्मला, कंचन मिंज, संगीता गिद्ध, सिस्टर संगीता सहित अन्य मौजूद थे।

### मजदूर यूनियन की पुरानी समिति भंग



रामगढ़ (भुरकुंडा)। दि झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन भुरकुंडा शाखा की पुरानी समिति को भंग कर दिया गया है। इसके साथ ही जवाहर नगर भुरकुंडा निवासी सह एसपीए माईनिंग सरदार वैजनाथ कुमार को दि झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन भुरकुंडा शाखा का नया सचिव नियुक्त किया गया है। दि झाकोमयू के बरका-सयाल क्षेत्रीय सचिव अनिल कुमार सिंह ने बैजनाथ कुमार को मनोनयन पत्र देते हुए बताया कि यह नियुक्ति तब तक प्रभावी रहेगी जब तक नई समिति का गठन नहीं हो जाता। नई नियुक्ति के साथ ही पीसीसी वेलफेयर कमेटी, हाउसिंग कमेटी एवं सेफ्टी कमेटी की समस्त सूचनाएं वैजनाथ कुमार को उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया है। इस अवसर पर यूनियन के बरका-सयाल क्षेत्रीय सचिव अनिल सिंह, भुन्नु सिंह, बीपी लाला, अवधेश कुमार, बबीता सिंह, रामबालक सिंह सहित कई लोग शामिल हैं।

### रंगदारी मांगने वाले आरोपी को नोटिस

भुरकुंडा (रामगढ़)। पुल निर्माण कार्य में बाधा डालने, मजदूरों के साथ मारपीट करने, आगजनी और रंगदारी मांगने के गंभीर आरोप में बासल थाना कांड के अप्राथमिक अभियुक्त मनोज मुंडा अब तक फरार है। बासल पुलिस के अनुसार मनोज मुंडा (पिता स्व. अर्जुन मुंडा), ग्राम नगुरवा बवरा टोला, थाना पिपरवार, जिला चतरा निवासी अपने 7-8 साथियों के साथ मिलकर पुल निर्माण स्थल पर हमला किया था। घटना के दौरान आरोपियों ने निर्माण कार्य में लगे मजदूरों के साथ मारपीट की, ट्रैक्टर ट्रेलर पर डीजल छिड़ककर आग लगा दी, दो मोबाइल फोन लूट लिए और जाते-जाते एक राउंड फायरिंग करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

# बड़े साहब के नाम पर चल रहा है कोयले का काला कारोबार

## हजारीबाग की धरती पर फूट सकता है भ्रष्टाचार का ज्वालामुखी

खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग। जिले के चरही और आंगो क्षेत्र इन दिनों कोयले की तस्करी का केंद्र बन चुका है। यहां बड़े साहब नाम की ऐसी ताकत है, जिसके नाम से पुलिस, प्रशासन और मीडिया सब खामोश हो जाते हैं। कोयले के इस काले कारोबार में रसूख, धमक और मिलीभगत का ऐसा जाल बिछा है, जहां सच्चाई की आवाज भी दम तोड़ देती है। चरही, चुरचू, विष्णुगढ़, टाटीझरिया, आंगो, दारू बारा, कजरी, फुकरी और साकरी जैसे इलाकों में अवैध कोयले के डिपो दिन-रात धड़ल्ले से चल रहे हैं। सरकारी कोलियरियों और रेलवे साइडिंग से हजारों टन कोयला चोरी कर 15 माइल और बिहार के बाजारों तक पहुंचाया जा रहा है। सबसे हैरानी की बात ये है कि ये सब कुछ खुलेआम हो रहा है,



लेकिन प्रशासन पूरी तरह चुप है। सूत्रों के मुताबिक, इस तस्करी के पीछे रंजन सिंह, राजेंद्र सिंह, प्रभात सिंह, अजय, सत्यम, संजय सिंह और त्रिदेव महतो जैसे रसूखदार नाम हैं। रंजन सिंह खुद को बड़े साहब का आदमी बताकर खुलेआम धमकाता है, जबकि अजय और सत्यम की प्रशासन से ऐसी सेटिंग है कि कोई अधिकारी इनके खिलाफ कदम उठाने की हिम्मत नहीं करता।

हर रात 10 बजे से सुबह 4:30 बजे तक 15 माइल, हड़कूप और मांडू इलाकों में लाखों की कोयले की ढुलाई होती है। संजय सिंह और त्रिदेव महतो इस नेटवर्क को संभाल रहे हैं, जबकि सतीश साहू (फैक्ट्री मालिक), रमेश कुमार (सप्लायर) और संजय अग्रवाल (धन लगाने वाला) इस पूरे सिस्टम की रीढ़ बने हैं। जब कोई मजदूर इन ट्रैक्टरों के नीचे दबकर मर भी जाता है, तब भी न मीडिया में खबर बनती है और न ही प्रशासन कार्रवाई करता है। स्थानीय लोग खुलेआम कहते हैं कि जब तक बड़े साहब का हाथ इनके ऊपर है, कोई उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकता। कुछ तस्कर तो रांची के मंत्रियों के नाम लेकर धमकी देते हैं। अगर समय रहते प्रशासन नहीं जागा, तो यह कोयले का काला ज्वालामुखी एक दिन पूरे हजारीबाग को अपनी चपेट में ले लेगा।

## हरी नगर में बीसीए के छात्र ने की आत्महत्या

खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग। जब एक शिक्षित, होनहार और मेहनती युवक फांसी का फंदा चुन लेता है, तो यह महज एक मौत नहीं होती है। यह समाज की चुप्पी, तंत्र की निष्क्रियता और गिरते मूल्यों की गूंज बन जाती है। हजारीबाग के हरी नगर में 25 वर्षीय बीसीए स्नातक जयकुमार हरि की आत्महत्या ने ऐसा ही भूचाल ला दिया है। इस दर्दनाक घटना ने इलाके में गहराई से जड़ें जमाए ड्रग्स रैकेट का पर्दाफाश कर दिया है। जयकुमार हरि, जिसने हाल ही में बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (बीसीए) की पढ़ाई पूरी की थी, 1 मई की रात अपने ही घर में फांसी पर झूल गया। वह वही युवक था जिसके पिता एक सफाई कर्मचारी होते हुए भी उसके उज्ज्वल भविष्य के लिए दिन-रात मेहनत करते रहे। परिवार ने जयकुमार की मौत के पीछे इलाके में फैले ड्रग्स नेटवर्क को जिम्मेदार ठहराया है। उनका आरोप है

**परिवार ने जयकुमार की मौत के पीछे इलाके में फैले ड्रग्स नेटवर्क को जिम्मेदार ठहराया**



कि जयकुमार पिछले कुछ महीनों से नशे की गिरफ्त में था, और उसका संपर्क जयप्रकाश मार्ग निवासी एक युवक मेंटोस से हुआ था। परिजनों ने कहा कि मेंटोस ने ही जयकुमार को नशे की लत लगाई और उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए उकसाया। घटना की रात मेंटोस लगातार जयकुमार को घर से बाहर बुला रहा था, जो संदेह को और गहरा करता है। यह घटना कोई अकेली नहीं है। हजारीबाग में बीते दिनों हुई कई संदिग्ध मौतें और हत्याएं इसी नेटवर्क की ओर इशारा करती हैं।

1. रेखा भारती केस: मटवारी, कृष्णापुरी गली नंबर 4 में एक युवती नशे की हालत में अचेत मिली, बाद में उसकी मौत हो गई।

2. वीरेंद्र कुमार मर्डर केस: (जनवरी 2024): जीएम कॉलेज छात्र की हत्या दोस्तों ने ड्रग्स के प्रभाव में की।

3. ड्रग्स ओवरडोज से मौतें (2023): हजारीबाग और रांची में ड्रग्स के ओवरडोज से चार युवाओं की मौतें हो चुकी हैं।

जयकुमार की असमय मौत न सिर्फ उसके परिवार के लिए, बल्कि पूरे शहर के लिए एक चेतावनी है। अब समय आ गया है कि हरी नगर जैसे इलाकों में फैले ड्रग्स माफिया के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई हो। स्थानीय लोग और जयकुमार के परिजन उपायुक्त से मांग कर रहे हैं कि मेंटोस सहित सभी संदिग्धों की जांच हो, उन्हें गिरफ्तार किया जाए, और ड्रग्स रैकेट की जड़ों को खत्म किया जाए।

### सांसद प्रतिनिधि मनोज गिरी ने बांटा लहंगा




रामगढ़। सांसद मनीष जायसवाल द्वारा दिए गए लहंगा सांसद प्रतिनिधि मनोज गिरी ने शुक्रवार को रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के दिगवार में गरीब परिवार की बेटी प्रीति कुमारी पिता तेज नारायण महतो, बोंगाबार में सुजाता कुमारी पिता कालिया महतो तिलैया में पिंकी कुमारी, छोटी कुमारी पिता विश्वनाथ बेदिया के घर पर जाकर दिया। मौके पर अर्जुन कुशवाहा, विनोद प्रसाद, महेंद्र राम, विजय गिरी, सुनील प्रसाद साहू, मालती देवी, सुनीता देवी, राम सहाय बेदिया, बिगू महतो, देवेंद्र गिरी, सुरेंद्र रविदास, सुनीता रविदास व अन्य मौजूद थे।

### ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज में व्यावसायिक कोर्स का शुभारंभ



रामगढ़ (भुरकुंडा)। ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज पतरातु (उच्चरिंगा) में नाबार्ड सह ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज द्वारा असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन एवं वेल्डर फैब्रिकेशन के 60 बच्चों का प्रशिक्षण शिविर का शुक्रवार को उद्घाटन किया गया। आरएस भगवाने जीएम नाबार्ड रांची, केबी सिंह प्लांट प्रमुख जिंदल पतरातु, शुभोदीप चक्रवर्ती नाबार्ड रांची को प्राचार्य संचित कुमार साहू द्वारा पुष्प गुच्छ देकर कर स्वागत किया गया। आरएस भगवाने ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज आपको एक बेहतर मंच मिल रहा है। यहां प्रशिक्षण प्राप्त कर आप अपना भविष्य को बेहतर बना सकते हैं। मन लगाकर प्रशिक्षण को पूरा करें नियोक्ता आपको आपकी गुणवत्ता से अवश्य नियुक्त करेंगे और आप अपना भविष्य बना सकते हैं। वहीं केबी सिंह ने कहा कि हमारे जिंदल ग्रुप के संस्थापक ओमप्रकाश जिंदल का जो सपना था वह साकार होता नजर आ रहा है। उन्होंने सपना देखा था हर जरूरतमंद को प्रशिक्षित बनाना और रोजगार दिलाना था। उनकी इस सपना को हमारे अध्यक्ष नवीन जिंदल जी ने पतरातु में व्यावसायिक केंद्र खोलकर क्षेत्र के युवाओं को प्रशिक्षित कर रोजगार से जोड़ रहे हैं। यहां पर आप असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन और वेल्डर फैब्रिकेशन में प्रशिक्षण लेकर आप अपना भविष्य उज्ज्वल बना सकते हैं। संस्थान के प्राचार्य संचित कुमार साहू ने कोर्स की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में संस्थान 60 बच्चों को प्रशिक्षण देगा जो की पूर्णता निशुल्क है। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को रहने और खाने की व्यवस्था संस्थान के हॉस्टल में किया जाएगा।

### जेएसपी में मना मई दिवस



भुरकुंडा। अंतरराष्ट्रीय श्रम दिवस के अवसर पर जिंदल स्टील एंड पावर पतरातु इकाई में गुरुवार को भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी श्रमिकों को शुभकामनाएं दी गई और उनके अथक परिश्रम व समर्पण को सम्मानपूर्वक सराहा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्लांट प्रमुख केबी सिंह ने कहा कि श्रमिक किसी भी राष्ट्र और उद्योग की प्रगति की रीढ़ होते हैं। उनका योगदान अमूल्य है और वे ही विकास की मुख्यधारा हैं। उन्होंने आगे कहा कि कंपनी श्रमिकों के कल्याण और कार्यस्थल पर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर जेएसपी पतरातु के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### माही रेस्टोरेंट मालिक की हत्या के आरोपी घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



भुरकुंडा। बासल थाना क्षेत्र के माही रेस्टोरेंट के मालिक रौशन साव की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। यह हत्या कांड थाना कांड संख्या 20/23 दिनांक 07.08.2023 के अंतर्गत दर्ज की गई थी, जिसमें धारा 302/120(बी)/34 भा.द.वि. एवं 25(1-बी) ए/26/27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। कांड के अप्राथमिक अभियुक्त जीतन कुमार उर्फ बादशाह, पिता-राजकुमार सिंह, ग्राम- बोहिया कमालपुर, थाना- अलीपुर, जिला-गया (बिहार) के विरुद्ध जांच के क्रम में न्यायालय द्वारा 23 दिसंबर 2023 को गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। पुलिस द्वारा कई बार छापेमारी की गई, लेकिन अभियुक्त लगातार फरार रहा। आखिरकार, न्यायालय के आदेश पर फरार आरोपी जीतन कुमार उर्फ बादशाह के विरुद्ध इश्तेहार जारी किया गया। 27 अप्रैल 2025 को ग्राम बोहिया कमालपुर स्थित उसके आवास पर ढोल-नगाड़े के साथ बासल थाना के एसआई निमिर हेस्सा द्वारा विधिवत मुनादी करवाई गई। पुलिस द्वारा बताया गया कि यदि आरोपी जल्द ही आत्मसमर्पण नहीं करता है, तो आगे कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। मामले में अन्य अभियुक्तों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

# नीट परीक्षा को लेकर डीसी ने की बैठक

## रामगढ़ में तीन केंद्रों पर कल होगी परीक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता

रामगढ़। रामगढ़ जिले में चार मई को होने वाले नीट परीक्षा को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय सभा कक्ष में बैठक हुई। प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा रीना कुजूर ने उपायुक्त, एसपी, केंद्र अधीक्षकों सहित अन्य को जानकारी दी कि नीट परीक्षा के तहत 4 मई को रामगढ़ जिले के तीन परीक्षा केंद्रों आर्मी पब्लिक स्कूल रामगढ़, केंद्रीय विद्यालय रामगढ़, केंद्रीय विद्यालय बरकाकाना में अपराह्न 2:00 बजे से 5:00 तक परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा में रामगढ़ जिला अंतर्गत तीन



केंद्रों पर 905 अभ्यर्थी परीक्षा में हिस्सा लेंगे। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा नीट परीक्षा के तहत जारी दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कदाचार मुक्त तरीके से परीक्षा का आयोजन कराने का निर्देश दिया गया। इस दौरान उपायुक्त ने परीक्षा केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी लेते हुए परीक्षा के दौरान उनकी पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा, नजारत उप समाहर्ता, जिला शिक्षा अधीक्षक, केंद्र अधीक्षकों सहित अन्य उपस्थित थे।

### डायल 112 पुलिस से आपातकालीन सेवा ले सकते हैं लोग : एसपी

रामगढ़। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली (ईआरएसएस) आपातकालीन स्थितियों में नागरिकों के लिए एक अखिल भारतीय एकल संख्या (112) आधारित आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली है।

झारखंड में कहीं भी पुलिस, अग्निशमन, स्वास्थ्य, महिला हेल्प लाईन एवं अन्य आपात स्थिति उत्पन्न होने पर जनता डायल-112 पर कॉल कर आपात स्थिति से संबंधित जानकारी साझा कर सकते हैं, ताकि आपात स्थिति में तत्काल सहायता उपलब्ध कराया जा सके। डायल-112 की सेवा पूर्णतः निःशुल्क है।

## एक नजर में

### पतरातू में 200 महिलाओं को मिला पोषण किट



हजारीबाग। सांसद मनीष जायसवाल की पहल पर पतरातु श्रम कल्याण केंद्र में सीसीएल व यूथ इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से स्वास्थ्य मेला सह निःशुल्क पोषण किट वितरण शिविर लगा। गर्भवती व धात्री महिलाओं को 1200 पोषण किट वितरित की गई। सांसद जायसवाल ने कहा कि स्वस्थ बच्चों की किलकारी से गुंजायमान हो हजारीबाग लोकसभा, यही प्रयास हमारा है। उन्होंने कुपोषण के खिलाफ सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि यह शुरुआत है, आगे भी क्षेत्र में ऐसे शिविर आयोजित किए जाएंगे। विधायक रोशन लाल चौधरी ने बताया कि सांसद की पहल से बड़कागांव क्षेत्र की 1200 महिलाओं को पोषण किट मिला। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने इसे सराहनीय कदम बताया। डॉ. नितीश कुमार ने पोषण किट की सामग्री व उपयोग के तरीके विस्तार से बताए। मौके पर सीसीएल व लोकसभा प्रतिनिधियों समेत अनेक जनप्रतिनिधि व सैकड़ों महिलाएं-पुरुष मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन राजीव कुमार व अध्यक्षता राजाराम प्रजापति ने की।

### शहीदों के सम्मान दिलाने राजभवन पहुंचे वंशज



हजारीबाग। 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के महानायक शहीद जयमंगल पांडेय के वंशज सच्चिदानंद पांडेय ने राज्यपाल से भेंट की। उन्होंने 1857 की क्रांति में झारखंड की भूमिका पर प्रकाश डाला और एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों के लिए विभिन्न मांगें रखीं। मुख्य मांगों में स्वतंत्रता सेनानी आयोग का गठन, सेनानी परिवारों को स्वास्थ्य, शिक्षा, सरकारी आवास, यात्रा भत्ता जैसी सुविधाएं देना, चतरा स्थित ऐतिहासिक फांसी स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना, शहीद जयमंगल पांडेय के पैतृक गांव खिरगांव को आदर्श ग्राम घोषित करना शामिल है। साथ ही, स्वतंत्रता सेनानी परिवारों को पेंशन व भारत रत्न जैसे सम्मान तथा झारखंड स्थापना दिवस पर राज्य सरकार से सम्मान देने की मांग भी की गई। राज्यपाल महोदय ने इन मांगों को उचित बताया और भरोसा दिलाया कि उन्हें राज्य व केंद्र सरकार तक पहुँचाया जाएगा। ज्ञापन सौंपने में शहीद शेख भिखारी, टिकैत उमराव सिंह और जीतराम बेदिया के परिजन भी उपस्थित थे।

### चरही : लूटपाट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

हजारीबाग। दासोखाप गांव में जल मीनार, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और पाइपलाइन निर्माण कार्य के दौरान वर्ष 2019 में हुए हमले और लूटपाट के मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह मामला 19 सितंबर 2019 को वादी अजय कुमार सिंह द्वारा दर्ज कराया गया था। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी चरही के नेतृत्व में छापामारी की गई, जिसमें दो अभियुक्त प्रेम गंझू उर्फ प्रेम भोक्ता उर्फ बंगाली (पिता- कीनू भोक्ता) और नूतन गंझू (पिता- तपेश्वर गंझू), दोनों ग्राम कजरी निवासी, को गिरफ्तार किया गया। छापामारी टीम में चरही थाना प्रभारी गौतम कुमार सहित पुलिस बल के अन्य सदस्य शामिल थे। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### मुखिया ने स्कूली बच्चों के बीच बांटे किट



बरही। पश्चिमी मुखिया शमशेर आलम ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरहीडीह में स्कूली बच्चों के बीच मुखिया शमशेर आलम एवं स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह ने विद्यालय के लगभग पांच सौ बच्चों के बीच वितरण किया जिनमें पेंसिल,रबर,कटर शामिल है किट पा कर बच्चे काफी उत्साहित दिखे मुखिया ने कक्षा से आठवीं तक के विद्यार्थियों के बीच किट का वितरण किया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि टिंकू आलम, वार्ड सदस्य उदय ठाकुर, विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक रवींद्र कुमार अग्रवाल, कंचन कुमारी, अजय प्रजापति, सोनामती कुमारी, रानी खातून, मनोज, कुमार रंजीत कुमार सिंह, दिनेश कुमार रविदास, लालमनी सिंह शाहनाज खातून सहित कई लोग मौजूद थे।

### बरही में बाल संस्कार केन्द्र का उद्घाटन



बरही। बरही प्रखंड में संघ के स्वयंसेवकों के माध्यम से डा. बसंत दिगंबर आगासे स्मृति सेवा संस्थान द्वारा संचालित 5वां बाल संस्कार केन्द्र खोला गया। जिसका उद्घाटन बरही के वरिष्ठ स्वयंसेवक डा. कृष्णा केशरी द्वारा दीप प्रज्वलन एवं नारियल फोड़कर किया गया। बताया गया कि उक्त संस्कार केन्द्र बेंदगी सेवा मोहल्ला के दिलीप रजक के आवास पर खोला गया जिसमें छोटे बच्चों के बीच मधुबाला देवी शिक्षका के सान्निध्य में शाम छः बजे से साढ़े सात बजे तक संचालित किया जाएगा। वहीं त्रिवेणी साव क्षेत्र सेवा प्रमुख द्वारा संस्कारक्षम केन्द्र चलाने की विधि व्यवस्था बतलाया गया। मौके पर बरही शिवाजी व्यावसायी शाखा सेवा कार्यकर्ता डा. बिनोद साव भी उपस्थित हुए और विचार रखा।

### वेव्स में डॉक्टर की कॉमिक्स को दूसरा स्थान



हजारीबाग। कल्पनाशक्ति और मानवीय संवेदनाओं को रेखाचित्रों में पिरोने वाले हजारीबाग के ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. पीयूष कुमार ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि सर्जन का हाथ सिर्फ चीरफाड़ तक सीमित नहीं, बल्कि समाज के मन को छूने वाली कहानियां भी गढ़ सकता है। मुंबई के जिओ वर्ल्ड सेंटर में आयोजित वेव्स 2025 शिखर सम्मेलन में उन्होंने कॉमिक्स रचनाकार प्रतियोगिता (पेशेवर श्रेणी) में देशभर के रचनाकारों को पीछे छोड़ते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया। भारतीय कॉमिक्स संघ द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 1500 से अधिक प्रविष्टियाँ शामिल थीं, जिनमें से केवल 10 टीमों को अंतिम दौर के लिए चुना गया। डॉ. पीयूष द्वारा लिखित मार्मिक कथा दो सैनिकों की है, जो अपने साथियों की नक्सली हमले में शहादत के बाद ग्रामीण क्षेत्र में शरण लेते हैं। वहाँ उन्हें अपनी जान बचाने और ग्रामीणों की सुरक्षा के बीच कठिन निर्णय लेना होता है। इस गहरी मानवीय द्वंद्व को गोरखपुर के कलाकार पुनीत शुक्ला ने प्रभावशाली चित्रों में ढाला। डॉ. पीयूष की इस रचना को प्रधानमंत्री मोदी ने भी सराहा। डॉ. पीयूष ने अपनी सफलता का श्रेय पत्नी डॉ. निधि नारायण और बेटी को दिया।

### पीसीसी रोड में अनियमितता को लेकर डीसी को पत्र

रामगढ़ (भुरकुंडा)। ग्राम पंचायत बुच बाजार दोतल्ला में ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य विभाग) द्वारा जिला योजना अनाबंधित निधि अंतर्गत बन रहे पीसीसी पथ निर्माण कार्य में भारी अनियमितता की शिकायत सामने आई है। यह पथ इकबाल खान के घर से पंचायत भवन तक बन रहा है, जिसकी कुल लागत 31,88,100 रुपये है। इस संदर्भ में प्रखंड उपप्रमुख बबीता पांडेय और दोतल्ला पंचायत की मुखिया सत्यवंती देवी ने उपायुक्त रामगढ़ को आवेदन देकर जांच की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि संवेदक द्वारा निर्माण कार्य प्राक्कलन के विरुद्ध किया गया, जिससे नव निर्मित पथ एक माह के भीतर ही कई स्थानों पर दरक गया है और टूटने-फूटने की स्थिति में आ गया है।

# कोडरमा में नीट यूजी की परीक्षा को लेकर 4 मई को सुरक्षा व्यवस्था रहेगी चाक-चौबंद

- शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा संपन्न करवाना सुनिश्चित करें : उपायुक्त
- परीक्षा केन्द्रों पर होगी पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था : पुलिस अधीक्षक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** जिले में 4 मई को आयोजित होने वाले नीट यूजी प्रवेश परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और कदाचारमुक्त वातावरण में सम्पन्न करवाने को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में शामिल अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि 4 मई को जिले के दो परीक्षा केंद्रों डीएवी पब्लिक स्कूल और सीएम ऑफ एक्सीलेंस सीडी बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय में आयोजित होने वाली नीट यूजी परीक्षा को शांतिपूर्ण, कदाचारमुक्त वातावरण और निष्पक्ष संपन्न करवाने को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखें। उन्होंने केंद्राधीक्षकों और संबंधित पदाधिकारियों को परीक्षा के दौरान सतर्क रहते हुए सख्त निगरानी करने और किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधियों को रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी रखी जायेगी। आपलोग प्रवेश द्वार पर कड़ी जांच करें, एक एक अभ्यर्थियों का पहचान पत्र अनिवार्य रूप से सत्यापित करें। उपायुक्त ने कहा कि परीक्षा को लेकर जारी एसओपी के अनुसार ही परीक्षा लें, किसी भी स्तर से चूक नहीं हो, इसका ख्याल रखें, किसी भी हाल में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उपायुक्त ने अधिकारियों को शांति व्यवस्था बनाये रखते हुए, समय पर रिपोर्टिंग करने, सुगम प्रवेश और परीक्षा के दौरान आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए तैयारियों को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया।

वहीं पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने कहा कि परीक्षा केंद्रों में दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी के साथ पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल को तैनात किया गया है, परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिला नियंत्रित कक्ष बनाया गया है, उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों में परीक्षार्थी सिर्फ एडमिट कार्ड और फोटो के साथ प्रवेश करेंगे, आपत्तिजनक इलेक्ट्रॉनिक्स चीजों पर प्रतिबंध लगाया गया है।

मौके पर डीसी एसपी के अलावे अपर समाहर्ता पूनम कुजूर, डीएसओ अविनाश पूर्णेन्दु, डीईओ अविनाश राम, प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार, नगर प्रशासक शंभु प्रसाद कुशवाहा, पुलिस पदाधिकारी, केंद्राधीक्षक आदि मौजूद थे।

## जनता दरबार में उमड़ी फरियादियों की भीड़, डीसी ने जल्द समाधान का दिया आश्वासन



कोडरमा। उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के दूरदराज से आये ग्रामीणों ने बारी बारी से अपनी समस्याओं को रखा और आवेदन देकर उपायुक्त से उचित कार्रवाई करने की गुहार लगायी, उपायुक्त ने फरियादियों को जल्द से जल्द न्याय दिलाने का आश्वासन देते हुए उनके आवेदनों को संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को प्रेषित कर मामले की जांच करते हुए, आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार में दाखिल खारिज, स्ट्रीट लाइट मरम्मती, भूमि विवाद आदि से संबंधित मामले आये।

## विधायक ने किया दशारो खुर्द गांव में तालाब का शिलान्यास



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड के दशारो खुर्द पंचायत अंतर्गत दशारो खुर्द गांव में जल संसाधन (लघु सिंचाई विभाग) द्वारा रामजी आहर प्राकलन राशि लगभग 62 लाख एवं बोना तालाब प्राकलन राशि लगभग 32 लाख की लागत से होने वाले जीर्णोद्धार का शिलान्यास शुक्रवार को विधायक डॉ नीरा यादव ने नारियल फोड़कर किया। वहीं इस शिलान्यास कार्यक्रम के मौके पर विधायक ने कहा कि गांव के लोगों की ये पुरानी मांग थी, जिसपर अमल करते हुए आज तालाब जीर्णोद्धार का शिलान्यास किया गया। इस तालाब के जीर्णोद्धार होने से आसपास क्षेत्र के कई गांव के ग्रामीण लाभान्वित होंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि हर गांव में चुनाव में जो वादा किया गया है, उसके हर एक काम को जल्द से जल्द पूरा करेंगे। मौके पर विजय यादव, सुनील यादव, सुरेंद्र यादव, सुदर्शन यादव, शंकर यादव उर्फ हेमलाल, मोहन वर्मा, पवन सिंह, लखन पासवान, महेश यादव आदि उपस्थित थे।

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल में मनाया गया श्रम दिवस



कोडरमा। मॉडर्न पब्लिक स्कूल में श्रम दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के सहायक कर्मचारियों के लिए विभिन्न खेल और कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरूवात सभी कर्मचारियों को तिलक लगाकर किया गया। इस अवसर पर निदेशिका संगीता शर्मा ने कर्मचारियों और छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि श्रम दिवस हमें अपने सहायक कर्मचारियों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है। वहीं प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार ने कहा की ये कर्मचारी स्कूल के दैनिक कार्यों को सुचारु रूप से चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा ये हमारे लिए अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। इस कार्यक्रम में सहायक कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छात्रों ने भी इस अवसर पर अपने सहायक कर्मचारियों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करते हुए शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के अंत में सभी कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में मजदूर दिवस पर चतुर्थ वर्गीय कर्मियों को किया गया सम्मानित



**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में मजदूर दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय में कार्यरत चतुर्थ वर्ग के कर्मियों को तिलक लगाकर उनका सम्मान किया गया। दूसरी ओर बच्चों के बीच कई कार्यक्रम हुए। डॉक्टर, नर्स, इंजीनियर, शिक्षक और मजदूर के वेशभूषा में सजे बच्चों ने लोगों का मन मोह लिया। अलग-अलग वेशभूषा में सजे बच्चों में निशांत, सुप्रिया, आरव, मनीष, आंचल, सौम्या, वीरू, नित्या, निशु, प्रवीण और दैविक सहित अन्य बच्चों के नाम शामिल हैं। आयोजन को सफल बनाने में शिक्षिका कामिनी सहाय, सीमा जैन, प्रियंका कुमारी गुप्ता, सरोज पांडेय, स्वीटी सिन्हा, रूबी कुमारी वर्मा, कुंतल जेठवा, अनुष्का शर्मा, दीक्षा सिंह का विशेष योगदान रहा। इसके पहले शिक्षिका सीमा जैन ने चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। इनमें राजू सिंह, विपिन कुमार यादव, रंजीत कुमार, रिंकी कुमारी, संगीता देवी, मुनवा देवी, मिन्ता देवी सहित अन्य के नाम शामिल हैं। इस मौके पर प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने समाज के विकास में मजदूरों के योगदान को सराहा और कहा कि मजदूरों ने अपने अथक परिश्रम से देश को सजाने और संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। समाज के विकास में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। मौके पर प्रवीण कुमार, शगुफ्ता परवीन, दीपक सर्राफ, राकेश पांडेय के अलावा अन्य लोग मौजूद थे।

## एसीबी की टीम ने राजस्व कर्मचारी को 10 हजार रुपए घूस लेते किया गिरफ्तार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने कोडरमा अंचल कार्यालय में राजस्व कर्मचारी के पद पर कार्यरत सुरेंद्र प्रसाद को 10 हजार रुपए घूस लेते गिरफ्तार कर लिया है। वहीं एसीबी की टीम ने उसके घर पर भी छापेमारी की, इसके बाद टीम उसे हजारीबाग ले गयी और पूछताछ कर रही है। एसीबी ने कांड संख्या 05/25 दर्ज किया है। यह कार्रवाई हजारीबाग एसीबी की टीम ने की है।

**जमीन की ऑनलाइन एंट्री के एवज में मांगी थी रिश्वत :** जिले के बेकोबार गांव के बहादुर राणा ने हजारीबाग भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से शिकायत की थी कि जमीन की ऑनलाइन एंट्री कराने और रसीद जारी करने के लिए अंचल कार्यालय में उनसे पैसे की मांग की जा रही है, वह रिश्वत देना नहीं चाहते हैं। उन्होंने राजस्व कर्मचारी द्वारा काम के एवज में पैसे मांगने की शिकायत की। एसीबी में शिकायत के बाद मामले की जांच की, जांच में मामला सही पाए जाने पर गिरफ्तारी के लिए जाल बिछाया गया, इसके बाद एसीबी की टीम ने अरेस्ट कर लिया।

**ऐसे दबोचा गया घूसखोर राजस्व कर्मचारी :** कोडरमा अंचल कार्यालय के राजस्व कर्मचारी सुरेंद्र प्रसाद ने पीड़ित बहादुर राणा से कहा था कि आपका जमीन का काम बहुत अधिक है, इसलिए आपको 50 हजार रुपए घूस देना होगा। बिना रिश्वत काम नहीं होगा। इसके बाद उन्होंने पहले अंचलाधिकारी फिर उपायुक्त को आवेदन दिया, फिर भी इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की गयी। इसके बाद उन्होंने मजबूर होकर एंटी करप्शन ब्यूरो हजारीबाग में घूसखोरी की शिकायत की। पूरे मामले की जांच के बाद एसीबी ने बड़ा एक्शन लिया और 10 हजार रुपए घूस लेते राजस्व कर्मचारी को दबोच लिया।

## अवैध कार्य छोड़कर मुख्य धारा से जुड़ें : थाना प्रभारी



**जयनगर (कोडरमा)।** अवैध कार्य छोड़कर मुख्य धारा से जुड़ें। उक्त बातें जयनगर थाना प्रभारी बबलू कुमार सिंह के द्वारा कहा गया है। बता दें कि जब से जयनगर थाना प्रभारी के रूप में बबलू सिंह पदभार ग्रहण किए हैं तब से क्षेत्र में बेहतर कार्य को लेकर जाने जाते हैं। वहीं थाना प्रभारी ने कहा है कि अवैध रूप से कार्य करने वाले लोग अवैध कार्य को छोड़कर मुख्य धारा से जुड़ने का काम करें, नहीं तो उनके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा है कि अगर जयनगर प्रखंड में किसी को भी किसी भी प्रकार की कोई समस्या होती है तो सीधे हमसे संपर्क करें, निश्चित तौर पर आपकी समस्या का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर मेरे कार्यकाल में किसी भी प्रकार का अवैध कार्य किया जाता है तो उसे बक्शा नहीं जाएगा और उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## बीडीओ ने किया उत्कमित उवि बगड़ो का औचक निरीक्षण

- विद्यालय में कुल 771 नामांकित बच्चों में 488 अनुपस्थित

**डोमचांच (कोडरमा)।** बीडीओ भोला पांडेय द्वारा शुक्रवार को उत्कमित उच्च विद्यालय बगड़ो का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में विद्यालय में कुल 771 नामांकित बच्चों में 283 उपस्थित तथा 488 अनुपस्थित पाये गये। इसे लेकर बीडीओ ने कहा कि बच्चों की अनुपस्थिति, विद्यालय की लापरवाही एवं मनमानी रवैये को दर्शाता है। साथ ही साथ आपके यहां प्रयास संचालित नहीं है, यह भी दर्शाता है। निर्देश दिया गया कि सभी शिक्षक टोला भ्रमण करते हुए विद्यालय में 80 प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावा कुल 12 शिक्षकों में 9 शिक्षक उपस्थित पाये गये तथा एक शिक्षक डायट कोडरमा प्रशिक्षण में गये थे और 2 शिक्षक आकस्मिक अवकाश में गये थे। वहीं निरीक्षण के क्रम में मध्याह्न भोजन 10 बजे तक नहीं बना था। रसोईया से पूछने पर पता चला कि अध्यक्ष के द्वारा सामग्री देर से देने के कारण नहीं बना। प्रतिदिन यही हाल रहता है एवं अण्डा केवल शुक्रवार को दिया जाता है एवं सोमवार को फल दिया जाता है, जबकि विभागीय आदेशानुसार उपरोक्त दोनों दिन अण्डा देना है। इस पर बीडीओ ने कहा कि ऐसे लापरवाह अध्यक्ष की जरूरत न विद्यालय परिवार और न ही विभाग के लिये ठीक है, जिससे कि इसे पद से हटाते हुए नये अध्यक्ष का चुनाव किया जाये। वहीं एक भी शिक्षक ने लेशन प्लान नहीं बनाये थे तथा विद्यालय प्रबंधन समिति की नियमित बैठक नहीं की गयी। इसके अलावा विद्यालय रूआर कार्यक्रम का संचालन नहीं पाया गया। सरस्वती वाहिनी माता समिति बैठक पंजी नहीं पाया गया। वहीं पिछले कई माह से चखना पंजी अद्यतन नहीं पाया गया। प्रोजेक्ट इम्पैक्ट अद्यतन नहीं पाया गया।

## कौशल विकास और प्रशिक्षण योजना पर कार्यशाला आयोजित

- सहकारी समितियां स्वाबलंबी बनकर व्यापक रूप से कार्य सकती हैं : मेघा भारद्वाज



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के तत्वावधान में सहकारिता प्रक्षेत्र के विभिन्न गतिविधियों के प्रचार प्रसार तथा कौशल विकास व प्रशिक्षण योजना के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि उपायुक्त मेघा भारद्वाज और डीएफओ सौमित्र शुक्ल ने किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि सहकारी समितियां स्वाबलंबी बनकर, व्यापक रूप से कार्य सकती हैं, कई समितियां ऐसी भी हैं जो सम्पूर्ण स्थापना खर्च स्वयं वहन करती हैं। उन्होंने सहकारी समिति के माध्यम से पेट्रोल पंप खोले जाने पर बल देते हुए प्रस्ताव देने को कहा। जिला सहकारिता पदाधिकारी रूमा झा द्वारा पीपीटी का प्रस्तुतिकरण कर, विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी, साथ ही कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। वहीं संयुक्त निबंधक सहयोग समितियां उतरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग के द्वारा बताया गया कि 13 जून 2024 को संयुक्त राष्ट्र के 79वीं आमसभा में वर्ष 2025 में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष मनाने का निर्णय लिया गया, इसके तहत सहकारी समितियों का निर्माण एवं नेतृत्व क्षमता पर बल दिया गया। कार्यक्रम के दौरान एमपीसीएस के अध्यक्षों और प्रबंधकों द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किया गया। मौके पर डीसीओ रूमा झा, जिला पशुपालन पदाधिकारी रामसरीख प्रसाद, पैक्स लैम्प्स के अध्यक्ष व विभिन्न विभागों के अधिकारी आदि मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### देवी मंडप प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ को लेकर निकाली गई भव्य कलशयात्रा



**इटखोरी।** प्रखंड के धुना में देवी मंड़प प्राण प्रतिष्ठा और नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ के मौके पर गुरुवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस आयोजन में श्रद्धालुओं का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। सैकड़ों श्रद्धालु कलश यात्रा में शामिल हुए, जो गांव के विभिन्न मार्गों से होते हुए भद्रकाली मंदिर स्थित उत्तर वाहिनी नदी तक पहुंचे। यहां श्रद्धालुओं ने कलशों में पवित्र जल भरा तथा जल भरे कलशों को वापस यज्ञशाला में लाकर स्थापित किया गया। इस मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजन समाज में एकता, आस्था और संस्कृति को मजबूत करते हैं। उन्होंने आयोजन समिति को सफल आयोजन की शुभकामनाएं दी और यज्ञ में भाग लिया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि नौ दिवसीय यज्ञ का समापन 09 मई को पूरे विधि विधान के साथ किया जाएगा। जिसमें पूणाहुति और भंडारे का आयोजन होगा।

### डीसी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक आयोजित



**चतरा।** उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक की गई। बैठक में सर्वप्रथम कल्याण विभाग अंतर्गत वनपट्टा से संबंधित अनुमंडल स्तरीय वन अधिकारी समिति द्वारा कुल 76 व्यक्तिगत वनपट्टा 3 सामुदायिक वनपट्टा प्रस्तुत किया गया। जिसकी मानक दस्तावेजों की गहनता से जांच करते हुए सर्वसम्मति से कुल 71 व्यक्तिगत वनपट्टा एवं कुल 3 सामुदायिक वनपट्टा स्वीकृत करने का निर्णय लिया गया। वहीं शेष प्राप्त त्रुटि दस्तावेज वाले वनपट्टा को अनुमंडल स्तर से ग्राम सभा से निराकरण हेतु वापस करने का निर्देश दिया गया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी मुकेश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज,प्रभारी जिला कल्याण पदाधिकारी शिशिर पंडित, वनाधिकार समिति के सदस्य समेत अन्य सभी सबंधित उपस्थित थे।

### शिक्षक के निधन पर शोक की लहर



**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड के 10. प्लस टू उच्च विद्यालय बासोडीह में पदस्थापित रसायन शास्त्र के शिक्षक सनातन टुडू के आकस्मिक निधन से क्षेत्र के साथ-साथ विद्यालय परिवार में शोक की लहर है। मिली जानकारी के मुताबिक बीते 30 अप्रैल की देर रात में अचानक उन्हें दिल का दौरा पड़ा, आनन फानन उन्हें निजी वाहन से रांची मेदांता अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान गुरुवार को उनका निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके आकस्मिक निधन पर शुक्रवार को शिक्षक सहित विद्यालय में अध्ययन रत छात्र-छात्राओं ने दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामना की और पूरा विद्यालय परिवार शोक व्यक्त किया। शोक व्यक्त करने वालों में शिक्षक रविन्द्र कुमार खाखा, राजेश कुमार, बसंत कुमार मेहता, विजय कुमार, कपिलदेव चैधरी के आलावे छात्र-छात्राएं शामिल थे।

### माताओं के बीच चाइल्ड किड्स और मदर किड्स का वितरण



**कोडरमा।** बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ कार्यक्रम के तहत जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा सदर अस्पताल में नवजात शिशु और उनकी माताओं के बीच चाइल्ड किड्स और मदर किड्स का वितरण किया गया। इस दौरान माताओं को अपने स्वास्थ्य के साथ साथ बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य पर ध्यान रखने, दिए गए उपयोगी वस्तुओं का इस्तेमाल करने आदि का निर्देश दिया। मौके पर डीएस डॉ रणजीत कुमार, डॉ मणिकांत, सागर कुमार, रजनीश कुमार, प्रियंका कुमारी, मदन, प्रेमलता और सखी वन स्टॉप की नोडल अर्चना ज्वाला आदि मौजूद थे।

### ब्रांच मैनेजर ने बच्चों के बीच किया वाटर बोतल, लंच बॉक्स एवं पेंसिल का वितरण



**कोडरमा।** आदर्श मध्य विद्यालय में बैंक ऑफ इंडिया के सौजन्य से ब्रांच मैनेजर रुचि रश्मि के द्वारा अध्ययनरत चयनित 40 मेधावी छात्र एवं छात्राओं के बीच वाटर बोतल, लंच बॉक्स एवं पेंसिल बॉक्स वितरित किया गया। मौके पर मैनेजर ने बच्चों को पूरे मन से पढ़ाई करने के लिए कई प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से प्रोत्साहित किया। साथ ही इन्होंने जल्द ही अन्य बच्चों के लिए उपयोगी सामग्रियों के वितरण करने का आश्वासन भी दिया। मौके पर प्रधानाध्यापक अश्विनी तिवारी ने मैनेजर रुचि रश्मि की छात्र एवं छात्राओं को प्रोत्साहित करने की इस सोच की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए बताया कि वे सरकारी विद्यालय प्रोजेक्ट गर्ल्स उच्च विद्यालय की छात्रा रही हैं एवं अपनी कठिन परिश्रम से आज बैंक मैनेजर के प्रतिष्ठापूर्ण पद पर आसीन हैं, जो इस जिले की छात्राओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। इन्होंने बैंक ऑफ इंडिया की कोडरमा शाखा परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक संजीत भारती के द्वारा किया गया।मौके पर शिक्षिका रजनी कुमारी, मंटू कुमार, इरशाद आलम, बैजयंती कुमारी,प्रमोद कुमार, बैंककर्मी राजेश कुमार एवं अभिभावक मनीष कुमार उपस्थित थे।

### राज इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने सीखा आग से सुरक्षा एवं बचाव के गुर



**कोडरमा।** राज इंटरनेशनल स्कूल ने जिला अग्निशमन विभाग को विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन कर छात्र को आग से सुरक्षा एवं बचाव के गुर बताए। इस कार्यक्रम में स्कूल के छात्र एवं छात्राओं को आग से बचाव की कई अहम जानकारी दी गई। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के सचिव सिद्धार्थ सिंह और प्राचार्य राहुल घोष ने किया। अग्निशमन पदाधिकारी ब्रज किशोर पासवान, अग्निशमन कर्मी रामचन्द्र महतो, जमेश्वर राम को शॉल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया और उनका आभार जताया। स्कूली बच्चों के बीच आग से बचाव के विभिन्न उपायों का प्रदर्शन मॉक ड्रिल के माध्यम से किया गया। अग्निशमन दस्ता के सदस्यों ने गैस सिलेंडर सहित विभिन्न वस्तुओं में आग लगाकर उसे बुझाकर दिखाया। इस दौरान सिलेंडर से निकले गैस में लगी आग पर नियंत्रण पाने के लिए पानी से भींगे हुए कपड़े को गैस सिलेंडर पर लगाकर आग बुझाया। मौके पर एमडी इकबाल, अनिता सिंह, अमृत छेत्री, शरद अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### नीट परीक्षा को निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त संपन्न कराने को लेकर चतरा उपायुक्त ने की बैठक

# 4 मई को नीट परीक्षा में 347 परीक्षार्थी होंगे शामिल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में नीट परीक्षा को निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त संपन्न कराने को लेकर उपायुक्त कार्यालय कक्ष में बैठक की गई। मौके पर नीट परीक्षा को निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त संपन्न कराने को लेकर विचार विमर्श किया गया। बताया गया कि परीक्षा मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय चतरा में होगी। परीक्षा चार मई को अपराह्न 2:00 बजे से 5:00 बजे तक होगी। केन्द्र में परीक्षार्थियों का प्रवेश पूर्वाह्न 11:00 बजे से शुरू हो जाएगा और दोपहर 1:30 बजे के बाद प्रवेश पर रोक लग जाएगी। उपायुक्त रमेश घोलप एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय ने अधिकारियों के साथ बैठक कर शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त परीक्षा के लिए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था करने और सतत निगरानी के अलावा प्रवेश द्वार पर कड़ी जांच और पहचान पत्र का अनिवार्य रूप से सत्यापन करने की बात कही। उन्होंने प्रश्न पत्र खोलने एवं सीलबंद करने की प्रक्रिया सहित अन्य सभी गतिविधि की वीडियोग्राफी सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। परीक्षा केन्द्र के निर्धारित दायरे में धारा 166 लागू कर भीड़ नियंत्रण सुनिश्चित करने समेत मेडिकल व आपातकालीन सुविधाओं की उपलब्धता तथा परीक्षा की गोपनीयता सुनिश्चित करने की बात कहीं। परीक्षा केंद्र परिसर में ही मोबाइल केंद्र बनाने का निर्देश दिया। जहां कार्य करने वाले कर्मी एवं पदाधिकारियों का मोबाइल जमा किया जाएगा। किसी भी पदाधिकारियों को परीक्षा केंद्र भवन में मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं होगी। उपायुक्त ने कहा कि परीक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षार्थियों को बिना किसी असुविधा के परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर मिलना चाहिए, इसके लिए आवश्यकतानुसार हेल्प डेस्क की स्थापना और समुचित सूचना बोर्ड लगाया जाए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के लिए परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किए जाएंगे। जिला नियंत्रण कक्ष के अलावा परीक्षा केन्द्रों में भी नियंत्रण कक्ष स्थापित होंगे। परीक्षा संचालन का कंट्रोल रूम से भी विशेष निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने परीक्षा केंद्र के बाहर 100 मीटर की दूरी तक पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करते हुए विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## विधायक जनार्दन पासवान ने जनता दरबार लगाकर फरियादियों की समस्या सुनी

- जनता दरबार में सबसे अधिक पेयजल की समस्या लेकर पहुंचे लोग
- गरीबों के निवाले पर डाका डालने वाले डीलरों पर विधायक ने दिया कार्रवाई का निर्देश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हंटरगंज/चतरा।** जन समस्याओं का समाधान करने के लिए चतरा विधायक जनार्दन पासवान ने हंटरगंज प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में जनता दरबार लगाया। विधायक द्वारा विभिन्न मामले को संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में खासकर जमीन संबंधित, पेयजल की समस्या, राशन, बिजली, भूमि विवाद के मामले सामने आये। सबसे अधिक पेयजल समस्या को लेकर विधायक ने पीएचडी अधिकारी को चिन्हित करके चापानल लगाने का निर्देश दिया। जमीन संबंधित मामले को लेकर विधायक ने अंचल अधिकारी को नियम संगत जल्द से जल्द समस्या को निष्पादन करने का निर्देश दिया। डीलर के द्वारा लाभुक को कम राशन के मामले पर एमओ से डीलर के खिलाफ शीघ्र संज्ञान लेकर कार्रवाई का निर्देश दिया। वहीं जनता दरबार में पेयजल की समस्या पर विधायक जनार्दन पासवान का विशेष ध्यान था। विधायक श्री पासवान ने कहा कि अफसर की लापरवाही किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आम जनता को बेफिजूल दौड़ाया न जाए। मौके पर बीडीओ निखिल गौरव कमान कच्छप, अंचलाधिकारी अरुण कुमार मुंडा, थाना प्रभारी प्रभात कुमार, पीएचडी एसडीओ फैसल अंसारी, बीपीओ विनोद कुमार गुप्ता, पंचायती राज पदाधिकारी योगेश शर्मा, वनपाल मनीष कुमार, पवन कुमार, भाजपा प्रखंड मण्डल अध्यक्ष अरुण चौरसिया, कोषाध्यक्ष रौशन कुमार सिंह, प्रो. जलेंद्र सिंह, अरमेंद्र कुमार केशरी, प्रखण्ड के सभी पंचायत सचिव, रोजगार सेवक आदि सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# लातेहार में नक्सलियों ने दो गाड़ियों को किया आग के हवाले, मुंशी मो अयूब की गोली मारकर की हत्या

**खबर मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड।** लातेहार जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र के ओरसापाट गांव में बुधवार की देर रात नक्सलियों ने जमकर उत्पात मचाया. इस दौरान नक्सलियों ने सड़क निर्माण कार्य में लगी दो गाड़ियों में आग लगा दी. जबकि सड़क निर्माण कार्य के मुंशी मोहम्मद अयूब की गोली मारकर हत्या कर दी. घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम घटनास्थल पहुंची।


जेसीबी को जला दिया गया।

### पहले पीटा फिर मार दी गोली

दरअसल, लातेहार का ओरसापाट का इलाका छत्तीसगढ़ से बिल्कुल सटा है। यहां एक सड़क बनाई जा रही है। बुधवार रात लगभग 10 की संख्या में नक्सली घटनास्थल पर पहुंचे और वहां खड़ी एक जेसीबी में आग लगा दी। जिससे जेसीबी पूरी तरह जलकर खाक हो गई। नक्सलियों ने एक अन्य वाहन में भी आग लगाई लेकिन वह वाहन आंशिक रूप से ही जल सका। इसके बाद नक्सलियों ने निर्माण कार्य के मुंशी मोहम्मद अयूब को कब्जे में लिया और पिटाई करने के बाद उसे गोली मार दी। जिससे अयूब की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। नक्सली काफी देर तक घटनास्थल पर जमे रहे। इसके बाद नक्सली नारेबाजी करते हुए वहां से चले गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन आरंभ कर दी है।

### काफी दिनों के बाद हुई हत्या

लातेहार एसपी कुमार गौरव ने मीडिया से बातचीत में बताया की लातेहार जिले में नक्सलियों के कमजोर होने के बाद से नक्सली छिटपुट घटनाओं को अंजाम देते थे। लेकिन इस बार नक्सलियों ने वाहनों को जलाने के साथ-साथ एक व्यक्ति को गोली भी मार दी। संभावना जताई जा रही है कि अपने समाप्त हो रहे वर्चस्व को कायम रखने के लिए नक्सलियों ने इस प्रकार की घटना को अंजाम दिया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस द्वारा इलाके को सील कर दिया है और नक्सलियों के खिलाफ इलाके में सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

## मनिका प्रखंड के एसबीआई बैंक में विदाई सह सम्मान समारोह की गई आयोजित


कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

- सीनियर एसोसिएट को दी गई विदाई।
- कार्यकाल में सहयोग और सम्मान सभी से मिला जिसे नहीं भुलाया जा सकता: मागा रामदास।

**खबर मंत्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित एसबीआई बैंक में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित कर शाखा के सीनियर एसोसिएट मागा रामदास को रिटायर होने पर उन्हें सम्मान के साथ विदाई दी गई। इस दौरान शाखा प्रबंधक मनीष कुमार सिन्हा, लेखापाल नियंता कुमार मिश्रा, प्रियतम कुणाल, विनोद लोहरा, बली यादव, रमेश गुप्ता, डी.के.राणा, विकास यादव, सुजीत कुमार यादव, समेत अन्यों ने संयुक्त रूप से उन्हें शॉल ओढ़ाकर और स्मृतिचिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। मौके पर शाखा प्रबंधक ने कहा कि नौकरी में रिटायर होना एक सामान्य प्रक्रिया है। इस प्रक्रिया से सभी नौकरी करने वालों को गुजरना पड़ता है। उन्होंने उनके उतम स्वास्थ्य की कामना की। वहीं मागा रामदास ने कहा कि लातेहार जिले में अपने नौकरी के कार्यकाल में बैंक के पदाधिकारियों,कर्मियों एवं सभी से सहयोग व सम्मान मिला जिसे भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि यहां के लोग और यहां की यादें हमेशा मेरे जेहन मे रहेगा। मौके पर बैंक के पदाधिकारी और कर्मियों ने भी उनके व्यवहार और कार्यकुशलता की सराहना किया। और कहा कि ग्राहकों का कार्य करना ही उनकी प्राथमिकता में शामिल रहा है। बता दें कि इसके पूर्व लातेहार एसबीआई बैंक में भी सात वर्षो तक मागा रामदास अपना योगदान दे चुके हैं। मौके पर दुर्गा दास नायक, अंजनी कुमार ठाकुर, विवेक सिंह, राजेश नायक, अलका कुमारी, सुदीप्त लकड़ा मनोहर कुमार उर्फ डोली, गोपाल प्रसाद, समेत लातेहार के कई लोगों ने उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना किया है।

## सड़क हादसे मे सात लोग घायल, तीन रेफर


हादसे में घायल लोग।

**खबर मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ थाना क्षेत्र से सटे परामातु गांव के पास सड़क हादसे में बैंड-बाजा बजा कर लौट रहे पिकअप वैंन के पलटने से सात लोग घायल हो गए। घटना के बाद सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर ध्रुव कुमार द्वारा सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। घायलो में सुनिल राम, रंजन कुमार, कुंदन कुमार, अनुज कुमार दिलिप कुमार, प्रदीप कुमार, संजय राम शामिल है। वही घटना में दिलीप कुमार, प्रदीप कुमार एवं संजय राम को गंभीर चोट लगने की वजह से बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया। घटना के सबंध में मिली जानकारी के अनुसार उक्त सभी लोग सिमरिया थाना क्षेत्र के टिकुलिया गांव से प्रतापपुर में बैंड बाजा बजाकर वापस अपने घर भगिया बालूमाथ लौट रहे थे। इसी दौरान परामातु गांव के पास पिकअप वैन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

# वज्रपात से एक की मौत चार घायल

**खबर मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत चेटूवाग ग्राम में गुरुवार को मजदूर दिवस के अवसर पर मजदूरों से कराया जा रहा था काम। इसी दौरान तेज बारिश के साथ वज्रपात होने से एक मजदूर की मौत हो गई। वहीं चार मजदूर घायल हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार चेटूवाग ग्राम में सिकंदर महतो अवैध रूप से बांग्ला ईट भट्ठा निर्माण कार्य के लिए बाहर के कई मजदूर को लाकर ईंट बनाने का कार्य करता था। गुरुवार को मजदूर दिवस के दिन भी उनके द्वारा मजदूरों को छुट्टी नहीं दिया गया जिस कारण मजदूर मिट्टी में पानी मिलाकर ईंट बनाने के लिये तैयार कर रहे थे। तभी तेज गर्जन के साथ बारिश होने लगा। तभी मजदूर एक झोपड़ी में जा छुपा तभी बज्रपात हो गया। जिससे महादली भुइया 35 वर्ष पिता दोखन भुइया ग्राम सोनपुर थाना पांकी की मौत घटना स्थल पर हो गई। जबकि राहुल कुमार 28 वर्ष पिता अनाड़ी भुइया ग्राम खाप थाना पाकी, आशीष भुइया 26 पिता पिता शनिचरा भुइया ग्राम भकासी थाना लेस्लीगंज, छोटू कुमार 6 वर्ष पिता राहुल भुइया ग्राम खाप थाना पाकी, सीटू भुइया 10 वर्ष पिता महादेवा भुइया ग्राम सोनपुर थाना पाकी घायल हो गया। आसपास के ग्रामीण एवं बरियातू झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र गंझू के सहयोग से सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉ सुरेंद्र कुमार एवं डॉ अलीशा टोप्पो द्वारा प्राथमिक उपचार की गई। जहाँ सभी घायल मजदुर खतरे से बताए जाते है। इधर पुलिस शव को कब्जे में कर लिया है।


वज्रपात से घायल लोग।

बताया जाता है कि सिकंदर महतो द्वारा अवैध रूप से बांग्ला इट भठा का निर्माण कराया जा रहा था। जिसमें ना तो मजदूर का लाइसेंस है ना ही उसके पास गिराया जा रहा कोयले का किसी भी प्रकार का कागजात एवं सारे नियम को कानून को धत्ता बताते हुए मजदूर दिवस के अवसर पर भी मजदूरों से काम करवाया जा रहा था।

## पोखरी खुर्द निवासी मंजीत राम को श्रद्धांजलि



**बरवाडीह।** बरवाडीह-कुटमू मार्ग पर 19 अप्रैल को हुए सड़क हादसे में पोखरी खुर्द निवासी मंजीत राम की मौत के बाद आज उनके निवास स्थान पर श्रद्धांजलि सह भोज का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्थानीय जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर शामिल हुईं और मृतक के परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। संतोषी शेखर ने बताया कि विधायक रामचंद्र सिंह की पहल पर मृतक की पत्नी को 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई है। साथ ही उन्होंने यह भरोसा भी दिलाया कि सरकार की ओर से मिलने वाली अन्य सभी सुविधाएं दिलाने के साथ तीनों बच्चों की पढ़ाई में भी मदद की जाएगी। संतोषी शेखर ने कहा कि इस दुख की घड़ी में माननीय विधायक और मैं पूरे परिवार के साथ खड़ी हूं। भविष्य में भी हर संभव सहायता दी जाएगी।

## शादी समारोह में आए युवक की गोली मारकर की हत्या

**खबर मंत्र संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा में शादी समारोह में आए युवक उपेन्द्र उरांव पिता कालेश्वर उरांव (ग्राम जोभिया, पंचायत जालिम लातेहार) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्याकांड को अंजाम देने का आरोप किसी और पर नहीं बल्कि मृतक के चचेरे भाई अमृत उरांव पर लगा है। पूरी घटना चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत सासंग पंचायत के सोंस गांव में शुक्रवार सुबह लगभग साढ़े 6 बजे की है।

घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई व गांव में शादी की खुशी मातम में बदल गई। जानकारी के अनुसार गुरुवार की देर रात्रि लातेहार के जालिम पंचायत से सोंस गांव में रवींद्र उरांव के घर बरात आई हुई थी। जिसमें मृतक उपेन्द्र उरांव अपने चचेरे भाई अमृत उरांव एवं 4-5 दोस्तो से साथ आया हुआ था, इसी दौरान शनिवार की सुबह हत्या का आरोपी अमृत उरांव मृतक उपेन्द्र उरांव को शौच के बहाने गांव से कुछ दूर रेलवे लाइन किनारे तालाब की ओर ले गया, जहां कनपटी पर सटाकर गोली मार कर हत्या कर दी। गोली चलने की आवाज के बाद लोग सहम गए, मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि गोली मारने के बाद अमृत उरांव हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गया।

### सूचना के बाद पहुंची पुलिस, शव को कब्जे में लेकर कर रही है अग्रतर कार्रवाई


मृतक उपेन्द्र उरांव।

इधर घटना की सूचना चंदवा पुलिस को दिए जाने के बाद चंदवा पुलिस घटना स्थल पहुंचकर मामले की जानकारी ली व शव को कब्जे में लेकर अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है साथ ही हत्या के आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस के द्वारा संभावित ठिकानों पर छापामारी की जा रही है। खबर लिखे जाने तक हत्याकांड के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया था, पुलिस सभी तथ्यों एवं बिंदुओं के मद्देनजर जांच में जुटी थी। मृतक अपने पीछे पत्नी व एक बेटी को पीछे छोड़ गया है, जिनका घटना के बाद से रो रोकर बुरा हाल है।

## मनरेगा अबुआ आवास व पीएम आवास को लेकर समीक्षा बैठक

**खबर मंत्र संवाददाता**


पीएम आवास को लेकर समीक्षा बैठक किया गया।

**बारियातू।** प्रखण्ड कार्यालय सभागार परिसर मे शुक्रवार को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवान की अध्यक्षता मे मनरेगा,अबुआ आवास व पीएम आवास को लेकर समीक्षा बैठक किया गया। बैठक मे मनरेगा के तहत 2025-26 के तहत जितने भी योजना आम भगवानी स्वीकृत किया गया है उसे 10 मई तक गड्ढा खुदाई करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावे सभी अबुआ आवास योजना को मनरेगा के तहत डिमांड लगाने की निर्देश दिया। मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत जितने भी लाभुक को चयन हुआ है उन्हें यथाशीघ्र सेड निर्माण करने का निर्देश दिया गया। अबुआ आवास 2023-24 मे विभिन्न पंचायतों मे 150 दिन बीत जाने के बाद भी 37 आवास लंबित है उसे पीलिंथ करने का निर्देश दिया गया। 2024-25 मे अबुआ आवास का राशि लाभुक की खाता मे भेज दी गई है। जिसमे 418 आवास लंवित है कार्य को प्रगति मे लाने की बात कही। पीएम आवास 2016-17 से लेकर 2021-22 तक 114 पुराने आवास को पूर्ण करने का भी निर्देश दिया गया। 2024-25 मे पीएम आवास 374 लाभुक को प्रथम किस्त की राशि चालीस हजार बैंक खाता मे भेज दिया गया है। वैसे लाभुक जल्द ही कार्य को शुरू करे। चार अंबेडकर आवास लंबित है उसे भी जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। आवास को ऑर्डिनेटर शशि पूनम कुजूर ने बताया कि वर्तमान में चल रहे पीएम आवास सर्वे करने के लिए अगले 15 मई तक तिथि को बढ़ाया गया है। इसमें जरूरतमंद लोग को सर्वे करने की निर्देश दिया गया है। साथ में उन्हों ने कहा कि अबुआ आवास के लाभुक पीलिंथ के बाद अपने मोबाईल फोन से भी जियो टैग कर सकते है। मौके पर बीपीओ केतन गुप्ता, पंचायत सेवक प्रकाश कुमार,आशीष गुप्ता, सतेंद्र उरांव रोजगार सेवक सुरेन्द्र यादव, अविनाश पाठक, रवि यादव, नमन कुमार राणा, सुजीत कुमार, सुनील कुमार, सहित सभी प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## बालूमाथ में आंधी व तेज बारिश से भारी नुकसान

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में गुरुवार को आंधी व तेज बारिश से भारी नुकसान हुआ है। शेरेगड़ा रोड निवासी इलियास मियां का अल्बेस्टर उड़ गया जबकि मुरपा मोड़ के समीप महेश साव (पेट्रोल पंप)के द्वारा लगाए गए अल्बेस्टर शीट की दुकान उड़कर दूर चला गया। बालूमाथ ट्रामा सेंटर के समीप एक विशाल पेड़ गिर गया। जबकि बालूमाथ थाना के सामने में भी कई पेड़ की टहनियों नीचे गिर गई ,हिंदुस्तान ढाबा के समीप यज्ञ के लिए बनाए गए तोरण द्वार टूट गया जिस कारण कुछ देरी के लिए आवागमन भी बाधित रहा। जबकि तेज वारिश के साथ हुवे बज्रपात में चेतुवाग के एक मजदूर की मौत हो गई व चार मजदूर घायल हो गए।वही कई जगह पर बिजली के तार टूटने एवं आपस में सट जाने के कारण गुरुवार की रात्रि बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय को छोड़कर सभी गांव एवं बरियातू , हेरहंज प्रखंड में अंधेरा छाया रहा। वहीं कई दुकान के बोर्ड एवं एलिवेस्टर सीट भी उड़ गए हैं। सेरेगड़ा, गणेशपुर इलाकों में भारी ओलावृष्टि भी हुई है। इधर गर्मी के मौसम में हुए एकाएक बारिश से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली है लेकिन इस उमश भरी गर्मी के कारण बीमारी की आशंका बढ़ गया है। इस भारी बारिश के कारण सबसे ज्यादा नुकसान इट भट्ठा संचालकों को हुआ है। जहां पारा गया इट भारी मात्रा में बर्बाद हो गया है।

# बरवाडीह में तीन दिवसीय विशेष शिविर शुरू

- मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों की त्रुटियां होंगी दुरुस्त

**खबर मंत्र संवाददाता**


शिविर में मौजूद अधिकारी व अन्य।

**बरवाडीह।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभार्थियों के दस्तावेजों में पाई गई त्रुटियों को दुरुस्त करने के लिए शुक्रवार से प्रखंड परिसर में तीन दिवसीय विशेष शिविर की शुरूआत हुई। इस शिविर में लाभुकों के बैंक खाता, आधार कार्ड और राशन कार्ड संबंधी गड़बड़ियों की जांच कर सुधार के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं। प्रखंड स्तरीय यह शिविर शनिवार और सोमवार को भी चलेगा। शिविर में पेंशन कोषांग के कर्मियों के साथ-साथ विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इस दौरान लाभुकों के आधार लिंकिंग, डीबीटी सत्यापन और अन्य जरूरी सुधारों की प्रक्रिया की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज ने जानकारी दी कि उपायुक्त महोदय के निर्देश पर यह विशेष शिविर आयोजित किया गया है, ताकि सभी पंचायतों के लाभार्थी अपनी त्रुटियाँ सुधारवा सकें। जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर भी मौके पर पहुंचीं और लाभुकों की समस्याओं को सुलझाने में सहयोग किया। शाम तक शिविर में 500 से अधिक लाभार्थियों के दस्तावेजों की जांच और सत्यापन हो चुका था। मौके पर विजय कुमार पप्पू, नवल किशोर, अरुण कुमार समेत अन्य कर्मी सक्रिय रूप से मौजूद रहे।

## बाल सृष्टि ने मनाया विद्यालय का वार्षिकोत्सव


17 वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

**चंदवा।** बाल सृष्टि उच्च विद्यालय चंदवा का 17 वां वार्षिकोत्सव शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय के बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। शिक्षकों व बच्चों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा में असहायों के बीच मच्छरदानी, साड़ी और किताब कॉपी वितरित किया गया। इसके पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा में विद्यालय परिवार द्वारा कुपोषित बच्चों के बीच उपहार भी वितरण किया गया। मौके पर उप प्रमुख अश्विनी मिश्र, समाजसेवी राजेश चंद्र पांडेय, सत्येंद्र प्रसाद, रवि डे, डॉ. कंचन बाड़ा, विद्यालय के संचालक मनोज सिंह पप्पू समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

## टीकाकरण अभियान को सफल बनाने को लेकर नसीम अंसारी की अपील, मॉनिटरिंग टीम का गठन

**बरवाडीह।** राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत पशुओं को विभिन्न रोगों से बचाव हेतु चलाए जाने वाले टीकाकरण अभियान को लेकर शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में 20 सूत्री कार्यक्रम के प्रखंड अध्यक्ष नसीम अंसारी ने पशुपालकों और जनप्रतिनिधियों से अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग की अपील की। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज ने की। इस दौरान प्रखंड स्तर पर एक मॉनिटरिंग टीम का गठन भी किया गया। बैठक में प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी, जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू, पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार, प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी रामनाथ यादव, एटीएम सपना सिंह, मुखिया कालो देवी, पसस संगीता समेत कई लोग उपस्थित रहे। बैठक में जानकारी दी गई कि टीकाकरण अभियान 19 मई से 18 जुलाई तक पूरे प्रखंड में संचालित किया जाएगा। डॉ प्रमोद कुमार ने बताया कि पशुओं को रोगों से बचाने के लिए यह विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन जागरूकता की कमी के कारण कई पशुपालक टीका लगवाने से परहेज करते हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर निकाली रैली

**खबर मंत्र संवाददाता**



मजदूर दिवस कै मौकेपर निकाली गयी रैली।

**चंदवा।** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के मौके पर गुरुवार को झारखंड दैनिक मजदूर यूनियन चंदवा के द्वारा स्थानीय कृषि फार्म परिसर से रैली निकाली गई। रैली चंदवा मुख्य बाजार होते हुए बाईपास से गुजर कर सुभाष चौक होते हुए पुनः कृषि फार्म पहुंच कर सम्पन्न हो गई। रैली का नेतृत्व प्रमोद साहू, अलाउद्दीन पप्पू, धनेश्वर तुरी, अनिल साहू, सुरेश बासपति व अन्य कर रहे थे। रैली के बाद कृषि फार्म में एक सभा किया गया, जिसकी अध्यक्षता धनेश्वर तुरी एवं संचालन सुरेश बासपति ने किया। सभा को संबोधित करते हुए यूनियन के अध्यक्ष प्रमोद साहू ने कहा कि हम लोग आज अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मना रहे हैं, इसे पूरी दुनिया में अलग-अलग नाम से मनाया जाता है। मजदूर दिवस मनाने का मतलब है मजदूरों की शक्ति समाज में उनकी भूमिका और कई जिम्मेवारियों के बावजूद उनकी कड़ी मेहनत को सम्मान देना। मजदूर दिवस की शुरूआत 1 मे 1886 ई से शुरू हुई थी, जब पश्चिमी देशों में औद्योगिक क्रांति का दौर चला था, तब मजदूर की आवश्यकता हुई और फैक्ट्री कल कारखानों में उन्हें 12 से 16 घंटे तक काम कराया जाता था, इससे तंग आकर अमेरिका के शिकागो शहर में मजदूर अपने हक और अधिकार एवं काम के घंटे के मांग को लेकर सड़क पर उतर गए कल कारखाने बंद हुई हड़ताल शुरू हुआ। जिसका नेतृत्व कम्युनिस्ट लोग कर रहे थे, वहां के व्यवस्था ने मजदूरों के आंदोलन को दबाने के लिए उन पर गोली चलवा दिया जिसमें कई एक मजदूर मारे गए और सैकड़ो मजदूर घायल हुए पर आंदोलन चला रहा। 1889 में जब पेरिस में इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस हुई तो 1 मे को मजदूरों को समर्पित करने का फैसला लिया गया और 1 मे मजदूरों को समर्पित हो गया और तब से 1 मे को मजदूर दिवस मनाने की शुरूआत हुई। भारत में पहली बार कम्युनिस्ट के नेतृत्व में मद्रास के चेन्नई में 1923 को पहली बार मजदूर दिवस मनाया गया। प्रमोद साहू ने आगे कहा कि आज भी मजदूरो को शोषित होना पड़ता है, काम के अभाव में और थोड़ा लालच के चक्कर में हमारे क्षेत्र के मजदूर अन्य राज्यों में पलायन कर जाते हैं वहां उन्हें गंभीर समस्या का सामना करना पड़ता है। इसलिए पलायन एक बड़ा समस्या है। पलायन के खिलाफ संगठित होकर संघर्ष करना पड़ेगा। सभा में पांच प्रस्ताव लिए गए जिसमें मजदूरों को 300 दिन काम और पलायन पर रोक लगाने, ऑनलाइन हुई जमीन में गड़बड़ी में सुधार और चंदवा में हाथियों के आतंक निजात, गैरमजरूआ जमीन का रसीद काटने तथा प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन करने का प्रस्ताव पारित किया गया। सभा में बड़ी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

## मजदूर संघ ने मनाया अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस

**खबर मंत्र संवाददाता**




**चंदवा।** जीएसएमडीसी द्वारा संचालित सिकनी कोल परियोजना परिसर में गुरुवार को झारखंड खनिज मजदूर संघ के बैनर तले अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया गया। इसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष सत्येंद्र प्रसाद यादव ने की। सबसे पहले मजदूरों के हक अधिकार की लड़ाई में शहीद हुए मजदूर नेताओं की याद में 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। यादव ने कहा कि मजदूरों को रोजगार एवं उनके हक अधिकार के लिए संघ की पहल पर संघर्ष हमेशा जारी रहेगा। दुःख की बात है कि पिछले 6 महीने से यह कोलियरी बंद पड़ी है। इसके बंद होने के पीछे मुख्य दोषी निगम के ऊपर के अधिकारी है। इस कोलियरी में प्रचुर मात्रा में कोयला है। निगम के द्वारा टेंडर नहीं निकलने के कारण आज यह स्थिति हुई है। हजारों मजदूर व उनके परिजन कोलियरी बंद होने के कारण खस्ताहाल जीवन जीने को मजबूर हैं। इस संबंध में कई बार अधिकारियों को लिखित पत्राचार कर जानकारी दी गई है बावजूद सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की है कि मजदूर हित में जल्द से जल्द उक्त कोलियरी शुरू की जाए। वहीं रवि डे ने कहा कि यह कोलियरी झारखंड सरकार के अधीन है, बावजूद यह बंद पड़ा है यह हास्यापद है। यहां से सीसीएल के कोलियरी से रैक के रैक कोयला बाहर भेजा जा रहा है जबकि स्थानीय लोग बगैर काम के पलायन कर रहे हैं। राज्य सरकार को इस दिशा में बेहतर सोचना चाहिए। यूनियन के लोगों ने कहा कि जल्द ही इस कोलियरी के विषय में सरकार ने नहीं सोचा तो सर्वसमिति से बैठक कर जोरदार आंदोलन शुरू होगा। बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया कि लोहरदगा जिला अंतर्गत किस्को प्रखंड में इंटक यूनियन नेता धीरज प्रसाद साहू के नेतृत्व में होने वाले यूनियन अधिवेशन कार्यक्रम में अधिक से अधिक मजदूर हिस्सा लेंगे।

मौके पर जगा उरांव, राजनाथ उरांव, लाल बिहारी यादव, मुनेश्वर राम,रामलाल यादव, विजय साह, रघुवीर सिंह मोतीराम, धनेश्वर राम, अर्जुन राम, महेश राम समेत बड़ी संख्या में मजदूर मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## हिंद आईटीआई का 16 वां वार्षिकोत्सव संपन्न



जमशेदपुर। हिंद आईटीआई ने अपने 16वें स्थापना दिवस को पूरे उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया। इस भव्य वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आदित्यपुर के प्रसिद्ध इंजीनियर और पूर्व लायंस क्लब गवर्नर आनंद चौधरी ने शिरकत की। उनके साथ मुख्य अतिथि के रूप में बीआईटी-एन-एच कंपनी के पीएलसी अटोमेशन विशेषज्ञ मिथु नाथ कारक भी उपस्थित रहे। नगर निगम के ब्रांड एम्बेसडर सुशील कुमार सिंह और हिंद आईटीआई के निदेशक व नगर निगम के ब्रांड एम्बेसडर। डॉ ताहिर हुसैन ने सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में अपनी भूमिका को बखूबी निभाते हुए आयोजन को और भी प्रेरणादायक बनाया।इस समारोह में हिंद पावर कंसल्टेंसी केराजा सर, आयूब सर, सतेंद्र सिंह सर, पीक़े.पल सर, हाजी आफताब सर, बख्शी सर, मनन सर, खदीजा मैम और सायमा मैम सहित शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों ने मिलकर इस उत्सव को अविस्मरणीय बनाया। समारोह में मेधावी छात्रों को प्रमाण पत्र, मेडल और शॉल देकर सम्मानित किया गया। शिक्षकों और छात्रों की सक्रिय भागीदारी ने इस आयोजन को और भी रंगीन और जीवंत बनाया। सुशील कुमार सिंह ने संस्थान के 100 प्रतिशत प्लेसमेंट रिकर्ड की प्रशंसा करते हुए कहा, हिंद आईटीआई न केवल शिक्षा प्रदान करता है, बल्कि छात्रों को उनके करियर में सफलता की नई ऊंचाइयों तक ले जाता है। हमारे कई छात्र आज अपने क्षेत्र में उत्ष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। डॉ ताहिर हुसैन ने अपने सामाजिक कार्यो के रूप में अपने योगदान से न केवल संस्थान की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, बल्कि इस आयोजन में भी अपनी प्रेरणादायक उपस्थिति से सभी को प्रभावित किया। यह आयोजन सभी के लिए प्रेरणादायक रहा और भविष्य में व अधिक सफलता प्राप्त करने का संकल्प दिलाया।

## सिदगोड़ा में पहलगाम में शहीद हुए पर्यटकों को दी गयी श्रद्धांजलि



जमशेदपुर। गत एक मई को 'अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस' के शुभ अवसर पर सिंहभूम असंगठित कामगार यूनियन के द्वारा विशेश्वर खां सार्वजनिक छठ घाट मैदान सिद्गोड़ा में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए दुस्साहसी आतंकी हमले में शहीद हुए 26 पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित थे लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत, झारखंड इंटक के प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडे, कंग्रेस नेता अशोक चौधरी, प्रदेश कांग्रेस महासचिव अजय सिंह, प्रदेश सचिव प्रिंस सिंह, पूर्वी सिंहभूम जिला कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर, बिरसानगर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष संजय घोष, जिला युवा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नीरज सिंह, जिला कंग्रेस सचिव अंकुश बनर्जी, युवा कंग्रेस नेता नवीन मिश्रा, अजितेश उज्जैन, संजय झा, पवन कुमार बबलू, विशेष खां, चंदन पांडे, सौरभ झा, भानु भास्कर,आशीष टांडी, आकाश झा, रूबी ठाकुर, प्रीति कुमारी, मारिया किस्कू, रोहित शर्मा सहित यूनियन के नेता उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंटक के राष्ट्रीय सचिव विजय खान ने किया, धन्यवाद ज्ञापन सिंहभूम असंगठित कामगार यूनियन के महामंत्री संजय झा ने किया।

## एनसीपी ने आजादनगर में मनाया मजदूर दिवस



जमशेदपुर। गत एक मई को मानगो आजादनगर में एनसीपी पार्टी कार्यालय में मजदूर दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एनसीपी पार्टी के युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव सह प्रवक्ता ड पवन पांडेय एवं प्रदेश उपाध्यक्ष अनवर हुसैन एवं मोहम्मद रिजवान उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ड पवन पांडेय ने कहा कि 01 मई को एनसीपी पार्टी द्वारा पूरे देश में मजदूर अधिकार दिवस के रूप में मनाया जा रहा है पार्टी चाहती है कि पूरे देश में एनसीपी के संगठन द्वारा मजदूर भाईयों को उनके अधिकार को बताया जाए। क्योंकि किसी भी कंपनी द्वारा किसी भी मजदूर का शोषण उसके जानकारी के आधार पर किया जाता है।कई कई कंपनियों द्वारा मजदूरों को सरकार द्वारा निर्धारित दैनिक मजदूरी तक नहीं दिया जाता है। पीएफ ईएसआई सुविधाएं उपलब्ध कराने में भी उनके साथ आंख मिचौली का खेल खेला जाता है। प्रशिक्षित और अप्रशिक्षित दोनों प्रकार के मजदूरों कि मजदूरी अलग-अलग होनी चाहिए। लेकिन जानकारी के अभाव में प्रशिक्षित होने के बाद भी उनको अप्रशिक्षित मजदूरों कि ही मजदूरी दि जाती है। कहीं कहीं मजदूरों से 12 घण्टे तक काम लिया जाता है लेकिन उन्हें किसी भी प्रकार का कोई ओभरटाईम नहीं दिया जाता है।

# जमशेदपुर : जनता दल (यूनाइटेड) का मजदूर सम्मान समारोह सह कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

## भारत में ऐसे ही शोषण जारी रहा तो एक वक्त आयेगा, जब मजदूर नहीं मिलेंगे : खीरू महतो

- केंद्र और राज्य सरकार मजदूरों को लेकर गंभीर नहीं
- मजदूरों की सुनी नहीं जाती, इनका जागरुक न होना बड़ी समस्या
- असंगठित क्षेत्र के मजदूर हो रहे हैं शोषण के शिकार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



मजदूर सम्मान समारोह में उपस्थित खीरू महतो व सरयू राय।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने गुरुवार को कहा कि देश में असंगठित मजदूरों की संख्या बेतहाशा बढ़ रही है। इनमें ठेका मजदूर भी शामिल हैं। अब तो ऐसा समय आ गया है कि ठेकेदार ही मजदूरों के भाग्य विधाता बन गये हैं। मजदूरों को अब उनकी सेवा के बदले में सुरक्षा नहीं मिलती। उदारीकरण के बाद से ही असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की संख्या बढ़ रही है जबकि संगठित क्षेत्र के मजदूरों की संख्या निरंतर कम होती चली गई है। यहां बिष्टुपुर स्थित मिलानी हल में जनता दल (यूनाइटेड) के तत्वावधान में मजदूर दिवस के अवसर पर आयोजित मजदूर सम्मान समारोह सह कार्यकर्ता समेमलन में पधारे राज्यसभा के सदस्य और जनता दल (यूनाइटेड) के झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष खीरू महतो ने कहा है कि असंगठित मजदूरों की देश में स्थिति बेहद खराब है। इनकी मजदूरी भी एकसमान नहीं है। आउटसोर्सिंग कंपनियों की भरमार के कारण इन मजदूरों की मजदूरी असमान हो गई है। अब वक्त आ गया है कि असंगटित मजदूरों की स्थिति में सुधार के लिए बड़ा आंदोलन किया जाए। खीरू महतो ने कहा कि राज्य सरकार हो या केंद्र की सरकार, मजदूरों की मजदूरी को एकसमान बनाने में किसी की कोई दिलचस्पी नहीं है। मनमाने तरीके से न्यूनतम मजदूरी तय कर दी जाती है।

जब मजदूरी तय की जाती है तो कोई मजदूर प्रतिनिधि नहीं होता। जिसके जो मन में आता है, तय कर देता है। खीरू महतो ने कहा कि अब मजदूरों को जोड़ने की जरूरत है। मजदूरों का पैसा सरकारों के पास होता है लेकिन ये जानकारी के अभाव में उस पैसे को निकाल नहीं पाते। मजदूरों को शिक्षित करने की जरूरत है।

जो स्थिति बन रही है, जिस तरीके से मजदूरों का शोषण हो रहा है, उससे तो यही प्रतीत होता है कि आने वाले वक्त में खोजने से भी मजदूर नहीं मिलेंगे। उन्होंने कहा कि असंगठित मजदूरों का आइडेंटिटी कार्ड जारी होना चाहिए, ताकि उनकी पहचान हो सके। सरयू राय जी को देख कर लगता है कि हमारे बीच नीतीश कुमार ही बैठे हुए हैं। बतौर विशिष्ट अतिथि उन्होंने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार का रवैया मजदूरों को लेकर बेहद खराब है। वे उनके बारे में सहदयतापूर्ण तरीके से नहीं सोचते। मजदूरों की सुनी नहीं जाती। राय ने कहा कि जिन समस्याओं को कोई मजदूर यूनियन नहीं उठाता, उन समस्याओं को हमें उठाना चाहिए। न सिर्फ उठाना चाहिए वरन उनके लिए जोरदार संघर्ष भी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अब मजदूरों की परिभाषा भी बदल रही है। स्किल डेवलपमेंट भी अब मजदूरी की श्रेणी में है तो बौद्धिकता विकास भी अब मजदूरी की श्रेणी में आ गया है। इसके पूर्व जनता दल (यूनाइटेड) के समस्त प्रकल्पों के जिम्मेदारों का एक-एक कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर जदयू के पूर्वी सिंहभूम के जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, आशुतोष राय, विश्राम प्रसाद, कौशल सिंह, अंजलि सिंह, राणा प्रताप सिंह, बलविंदर सिंह, राजकुमार सिंह समेत बड़ी संख्या में जद यू कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कल्याण नगर में युवक की हत्या

## मृतक के भाई ने उसकी पत्नी पर लगाया हत्या का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



मृतक छवि रंजन की फाइल फोटो



जांच करने पहुंची टीम और शोकाकुल परिजनर।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के सीतारामडेरा थाना अंतर्गत भुइयांडीह के कल्याण नगर में एक युवक का खून से लथपथ शव उसके कमरे से पुलिस ने बरामद किया है। जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गयी है।

मृतक छवि रंजन के शव और कमरे में फैले खून को देखकर आसपास के लोगों का कहना है कि युवक पर किसी धारदार हथियार से हमला हुआ है। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। घटना गुरुवार देर रात की बतायी जा रही है। इधर, घटना की जानकारी पर स्थानीय लोगों के द्वारा सूचना पुलिस को दी गयी। मौके पर पहुंची सीतारामडेरा थाना की पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम मेडिकल कलेज भेज दिया है। घटना के संबंध में मृतक छवि लोहार के भाई संतोष लोहार ने बताया कि उसका भाई अत्याधिक शराब का सेवन करता था। लेकिन, उसका किसी से भी कोई विवाद नहीं था। मृतक के भाई ने आरोप लगाया कि शव के पीछे सिर और कंधे पर किसी धारदार हथियार से हमला किया गया है। वहीं घुटने पर भी चोट के निशान है। भाई ने आरोप लगाया कि घटना के वक्त उसके भाई की पत्नी घर में ही मौजूद थी और उसका दावा है कि छवि लोहार की उसकी पत्नी ने ही हत्या की है। मृतक के भाई ने आगे गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उसके भाई की पत्नी का किसी अन्य युवक के साथ प्रेम संबंध है। यही उसके भाई के हत्या का कारण बना। दूसरी ओर पुलिस पूरे मामले की तहकीकात में जुटी है और सभी पहलुओं की बारीकी से जांच कर रही है। वहीं पुलिस मृतक की पत्नी और भाई दोनों से ही पूछताछ कर रही है।

## महाकालेश्वर छठ घाट जुगसलाई के समीप टीओपी बनाने की मांग

**जमशेदपुर।** हाल के दिनों में जुगसलाई में बढ़ते आपराधिक घटनाएं एवं जुगसलाई महाकालेश्वर छठ घाट नदी किनारे हो रही घटनाओं को देखते हुए जुगसलाई एम. ई स्कूल रोड एवं आसपास के सभी निवासियों ने संसद एवं उपायुक्त से एक टीओपाी बनाने की मांग महाकालेश्वर छठ घाट में की है। बताया जाता है कि महाकालेश्वर छठ घाट में जो खड़काई नदी बहती है उसका पानी का स्तर बहुत ही कम रहता है जिस कारण आदित्यपुर सरायकेला खरसांवा के असामाजिक तत्व महाकालेश्वर घाट नदी जुगशलाई के रास्ते जमशेदपुर आ जाते हैं एवं जुगसलाई जमशेदपुर के असामाजिक तत्व नदी के रास्ते आदित्यपुर सरायकेला खरसावां चले जाते हैं। इस कारण पुलिस को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

एक नजर में

## मजदूर दिवस पर असंगठित मजदूर यूनियन ने निकाला विशाल जुलूस



जमशेदपुर। मजदूर दिवस के अवसर पर एटक से संबद्ध झारखंड असंगठित मजदूर यूनियन कि ओर से शुक्रवार को सिद्गोड़ा ट्रांसपोर्ट मैदान से मजदूरों का एक विशाल जुलूस निकाला गया जुलूस एग्रिको भालूवासा होते हुए आदिवासी एसोसिएशन सीतारामडेरा हल पहुंच कर संयुक्त सभा किया गया जिसमें झारखंड मुक्ति मोर्चा के यूनियन और माले के यूनियन भी शामिल हुए। वक्ताओं ने इस अवसर पर कहा कि अमेरिकी के शिकागो में सन् 1886 में मजदूर ने लम्बे संघर्ष कर आठ घंटे का काम आठ घंटे आराम और आठ घंटे मनोरंजन जैसे मांगों को हासिल किया इस पर गंभीरता पूर्वक विचार मंथन किया गया जिसके लिए लाखों मजदूरों ने शहादत दीं थी और इन मांगों को हासिल किया था आज पूरे विश्व में वर्तमान समय में मजदूरों के सारे अधिकार सरकार एवं पूंजिपतियों के गठजोड़ से नयी नयी नितीयां ला कर धीरे धीरे समाप्त कर रही है। वक्ताओं ने कहा कि इसलिए संघर्ष को और तेज करने के लिए हम कई मांगें सरकार के समक्ष रख रहे हैं। सरकार को स्थाई एवं लगातार चलने वाले कार्यों में लगे मजदूरों को स्थाई करना चाहिए। स्थाई एवं लगातार चलने वाले कार्यों को ठेका के माध्यम से करवाना प्रतिबंधित हो एवं दंडनीय अपराध घोषित किया जाए। एक अकुशल मजदूर का राष्ट्रीय न्यूनतम मजदूरी 25000 हजार रुपए प्रतिमाह तय किया जाए। मजदुरों के बच्चों व परिवार के लिए बेहतर शिक्षा एवं बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था मुफ्त में उपलब्ध करवायी जाए। 8 घंटे के बदले 6 घंटे का कार्य दिवस घोषित करो (एक पाली) और रोजगार के अवसर बढ़ाओ। इस सम्मेलन में यूनियन के अध्यक्ष कामरेड सपन कुमार घोषाल अपने संबोधन में व्यापक मजदूरों के एकजुटता का आह्वान किया। महासचिव रमेश मुखी ने जुलूस का नेतृत्व किया सहयोग कर्ताओं में भरत बहादुर, करन हेंब्रम नरसिंह राव, चुड़ा हांसदा, जमीरूद्दीन खान, मोतीलाल जातराम, सोमवती हेंब्रम, सरिता दिग्गी, संतोष मुखी लालमनि प्रजापति, प्रभाकर, राजू मुखी सुमंत मुखी, रामदास करूवा, चंद्रभूषण चौरसिया, राधा सांडील, शांति, राणा प्रताप सिंह आदि नेतृत्वकर्ता एवं मजदूर शामिल हुए।

## चार आश्रितों को वर्ग-3 एवं दो आश्रितों को वर्ग-4 के पद पर नियुक्ति



जमशेदपुर। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में डीसी अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में जिला अनुकंपा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कुल 14 मामलों को समिति के निर्णय के लिए रखा गया, इसमें 06 मामलों में नियुक्त के लिए सहमति प्रदान की गई। जिला स्थापना समिति सदस्यों ने क्रमवार आवेदक द्वारा किए गए आवेदन के आलोक में अभिभावक का मृत्यु प्रमाण पत्र एवं परिवार के सदस्यों की जानकारी, एनओसी एवं संबंधित विभागों में रिक्तपड़े पदों की जानकारी ली तत्पश्चात छह आवेदकों के नियुक्ति की सहमति प्रदान की गई तथा शेष आवेदकों को आवश्यक त्रुटि सुधार एवं कागजात जमा कराने हेतु सूचित करने का निर्देश दिया गया। चार आश्रितों को वर्ग-3 में नियुक्ति की सहमति दी गई जिनमें 1.भाष्कर दास, पुत्र स्व. कांचन कुमार दास (शिक्षक), 2.मुस्कान मार्डी, पुत्री स्व लखिन्द्र मार्डी (आदेशपाल), 3. शंकर सिंह, आश्रित स्व.पिंकी कुमारी (लिपिक), 4. कुनाल सिंह, पुत्र, स्व.दिलीप कुमार सिंह (शिक्षक) शामिल हैं, वहीं वर्ग-4 के लिए राम ष्ण सरदार, पुत्र, स्व. बयार सिंह सरदार (शिक्षक) एवं दोला साहू, पत्नी, स्व गौरी शंकर साहू (कल्याण पर्यवेक्षक) शामिल हैं। बैठक में धालभूम के अनुमंडल पदाधिकारी शताब्दी मजूमदार, अपर डीसी भगीरथ प्रसाद, जिला कल्याण पदाधिकारी शंकराचार्य समद, डीईओ मनोज कुमार समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## टीएसडीपीएल के नये प्रबंध निदेशक जगजीत सिंह से यूनियन का हुआ बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील डाउन स्ट्रीम प्रोडक्ट लिमिटेड के नए प्रबंध निदेशक जगजीत सिंह ने कल ही अपना योगदान दिया और शुक्रवार को कंपनी यूनियन के साथ परिचयात्मक बैठक बारा सभागार में संपन्न हुई। यूनियन के सभी सदस्यों से बारी बारी परिचय प्राप्त करने के बाद उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जमशेदपुर में ही पले बड़े है पढ़ाई लिखाई से ले कर सभी चीजें जमशेदपुर में संपन्न हुई है। यूनियन अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय ने भरोसा दिलाया की यूनियन और कर्मचारियों का पूरा सहयोग कंपनी को बढ़ाने में जो भी कार्य होगा उनको बखूबी निभाया जाएगा, प्रबंधन और यूनियन तालमेल के साथ आगे बढ़ेगी। बैठक में जीएम अश्वनी कुमार, चीफ एच आर संजय मजूमदार, यूनियन की ओर से संजीव कुमार सिंह, दिनेश कुमार, त्रिदेव सिंह, सच्चिदानंद, शशि वीर राणा, रमेश चौधरी, अनीश झा, आर रवि, बी डी सिंह, मनोज कुमार सिंह, प्रमोद उपाध्याय, रंजन मिश्रा, राकेश कुमार सिंह, हरिशंकर प्रसाद उपस्थित थे।

## शहर की बिटिया आद्या सिंह का एनडीए में हुआ चयन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर/आदित्यपुर।** नेशनल डीफेंस एकेडमी (एनडीए) में चयनित कल्पनापुरी, आदित्यपुर की आद्या सिंह का पूर्व सैनिकों ने अभिनंदन किया है। इस अवसर सैन्य मातृशक्ति महानगर एवं राष्ट्र चेतना कल्पनापुरी निवास पर पहुंच कर आद्या सिंह का अभिनंदन किया। पूर्व सैनिक सेवा परिषद के वरुण कुमार ने बताया कि आद्या एनडीए में चयनित होने वाली झारखंड की पहली लड़की हैं। इनकी सफलता के बाद से उनकी संख्या लगातार बढ़ रही है। इस बार फिर बड़ी संख्या में लड़कियां एनडीए में शामिल हुई हैं। 126 महिला कैडेट एनडीए में शामिल हो चुकी हैं। इस दौरान झारखंड की एक भी लड़की एनडीए में चयनित नहीं हुई थीं। पहली बार आद्या सिंह के रूप में झारखंड से पहली लड़की एनडीए में चयनित हुई है।

**मम्मी की पढ़ाई और मामा की प्रेरणा ने एनडीए तक पहुंचाया**

आद्या सिंह ने बताया कि मम्मही की पढ़ाई और मामा की प्रेरणा से उन्हें एनडीए में जाने का हौसला मिला है। इन्होंने हमेशा उन्हें डिफेंस एकेडमी में शामिल होने और देश की रक्षा करने के लिए प्रेरित किया। आद्या ने यह भी कहा कि उनकी मां ने भी घर पर ही उन्हें पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित कराया, जिसका नतीजा है कि आज वह सफल हुई हैं। गौरतलब है कि आध्या सिंह बैडमिंटन की राष्ट्रीय खिलाड़ी भी रह चुकी हैं और कई राष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुकी हैं। एनडीए की सफल प्रतिभागी आद्या सिंह ने कहा है कि लड़कियों को देश सेवा की भावना के साथ एनडीए में जरूर शामिल होना चाहिए।

## चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ राजीव ठाकुर अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में आमंत्रित



जमशेदपुर। 13 वें साउथ एशियन रीजनल कन्फ्रेंस ऑफ डर्मेटोलोजी का आयोजन मंगोलोर के डॉ टीएमए पाई इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया है। इस कांफ्रेंस में झारखंड से चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ राजीव कुमार ठाकुर (जमशेदपुर) को आमंत्रित किया गया है। तीन दिवसीय इस सम्मेलन में शहर के जानेमाने चार्म रोग विशेषज्ञ डा.राजीव कुमार ठाकुर वर्तमान परिप्रेक्ष्य में एग्समेर लेजर की उपयोगिता पर प्रकाश डालेंगे। डॉ राजीव ठाकुर झारखंड के एकमात्र चर्म रोग विशेषज्ञ हैं जिन्हें इस कांफ्रेंस में आमंत्रित किया गया है।

## श्रीनाथ विवि में टेक्निकल कन्क्लेव का आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** श्रीनाथ यूनिवर्सिटी जमशेदपुर में 1 और 2 मई को आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय टेक्निकल कन्क्लेव 'तरुश 20 2125' का आयोजन अत्यंत उत्साह और सफलता के साथ हुआ। यह भव्य आयोजन तकनीकी उत्ष्टता, सांसतिक विविधता और वैश्विक संवाद का अद्वितीय संगम रहा, जिसमें छात्रों, शिक्षकों और उद्योग जगत के विशेषज्ञों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें विवि के कुलाधिपति सुखदेव महतो, कुलपति प्रो. (डॉ) एन. एन. सिंह, डीन एकेडमिक्स डॉ दीपक शुक्ला, एसोसिएट डीन एकेडमिक्स डा. भाव्या भूषण, डीन एडमिनिस्ट्रेशन जे. राजेश और इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख शशिकांत सिंह के साथ अन्य प्रोफेसरों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस दो दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिवस में कैपजेमिनी बेंगलुरु से शोविक बनर्जी, सीएसआईआर-एनएमएल के चीफ साइंटिस्ट डॉ प्रेम कुमार, पश्चिम बंगाल से वेबसोल के सीनियर मैनेजर डा.अनुपम नंदी, अस्ट्रेलिया से सॉफ्टवेयर डेवलपर संदीप आनंद और मर्सिडीज बेंज यूएसए से कौशिक बोस जैसे अंतराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने अपने बहुमूल्य विचार साझा किए।

## झारखंड बंगभाषी समन्वय समिति ने रजत जयंती पर आयोजित किया भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** झारखंड बंगभाषी समन्वय समिति ने अपनी रजत जयंती के अवसर पर बृहस्पतिवार को साकची स्थित रविन्द्र भवन में एक भव्य रंगारंग सांसतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत जी बांग्ला सारेगामापा 2024 की शीर्ष प्रतियोगी आरात्रिका सिन्हा की सुरीली आवाज से हुई, जिन्होंने रवींद्र संगीत के साथ-साथ देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नृत्यांगन की सौमी बोस और उनकी टीम ने रवींद्र संगीत पर भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत कर समा बांध दिया। कार्यक्रम में टाटा स्टील के चीफ प्रोसेस एंड टेक्नोलजी अतनु रंजन पाल मुख्य अतिथि के रूप में और टैगोर सोसाइटी के महासचिव आशीष चौधरी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समिति के अध्यक्ष विकास मुखर्जी ने स्वागत भाषण देते हुए संस्था की 25 वर्षों की यात्रा और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

## मजदूर दिवस के अवसर पर सहारा सिटी मानगो में 53 यूनिट रक्तदान



जमशेदपुर। मजदूर दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सहारा सिटी मानगो के कम्युनिटी हल में सहारा सिटी अनर्स वेलफेयर एसोसिएशन एवं भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन पूर्वी सिंहभूम के संयुक्त तत्वाधान में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 53 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि ब्रिगेडियर प्रदीप कुमार झा अवकाश प्राप्त विशिष्ट अतिथि सोसाइटी के अध्यक्ष विपिन शर्मा सचिव सुशील कुमार सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्घाटन सम्मानित अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसमें कई ऐसे युवा जिन्होंने अभी अभी 18 बर्ष पूराकर रक्तदान किए। आज कलोनी के लोगों में काफी उत्साह देखने मिला और वे लोग खुद से आगे बढ़ कर इस विशाल रक्तदान शिविर में सम्मिलित होकर अपनी सहभागिता प्रदान की।सभी रक्तदाताओं को संगठन की ओर से पुष्प गुच्छ, सम्मान पत्र, प्रतीक चिन्ह एवं उपहार प्रदान किया गया। सभी रक्तदाताओं के लिए नाश्ते एवं खाने की समुचित व्यवस्था की गई। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कोवा के सचिव पूर्व नौसैनिक सुशील कुमार सिंह एवं मानवाधिकार के जिला अध्यक्ष एस एन पल ने किया। कार्यक्रम का संचालन संगठन के जिला प्रशासनिक सचिव धीरज कुमार झा एवं जिला सचिव वेद प्रकाश ने किया।

## पर्यावरण शिक्षा को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभा रहा नेचर इंटरप्रिटेशन सेंटर

**चाईबासा में वन विभाग ने टाटा स्टील के सहयोग से विकसित किया है एनरआइसी**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के केंद्र में स्थित चाईबासा में राज्य का पहला नेचर इंटरप्रिटेशन सेंटर (एनआईसी) जुलाई 2024 में स्थापित किया गया, जो देश के गिने-चुने ऐसे केंद्रों में से एक है। झारखंड सरकार के वन विभाग, टाटा स्टील लिमिटेड - ओएमक्यू डिवीजन और सेंटर फर एनवायरनमेंट एक्सीलेंस (सीईई) के साझा प्रयासों के परिणामस्वरूप, यह परियोजना पर्यावरण शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई। इसने न केवल राज्य की समृद्ध वनस्पति और जीव-जंतु विरासत के संरक्षण के महत्व को रेखांकित किया, बल्कि सतत विकास और पर्यावरणीय संतुलन की आवश्यकता पर भी जोर दिया। लगभग 5000 वर्ग फुट में फैला एनआईसी जिसकी आधारशिला 2022 में रखी गई थी, केवल एक भौतिक संरचना नहीं, बल्कि जैव विविधता संरक्षण और पर्यावरणीय शिक्षा का एक जीवंत केंद्र है। यह केंद्र पर्यावरण जागरूकता, जैव विविधता की निरंतरता, वन्यजीव संरक्षण, और झारखंड की समृद्ध संसति व विरासत जैसे विविध विषयों पर आधारित है। सात (7) विशिष्ट खंडों में विभाजित, यहां सूचनात्मक प्रदर्शन पैनलों के माध्यम से दर्शकों को जागरूक और संवेदनशील बनाने का प्रयास किया गया है। प्रत्येक खंड एक विशिष्ट विषय को समर्पित है, जो शिक्षाप्रद और प्रेरणादायी अनुभव प्रदान करता है। यह केंद्र न केवल पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों में प्रति के प्रति जिम्मेदार दृष्टिकोण विकसित करने की दिशा में एक ठोस पहल के रूप में कार्य करता है। एनआईसी की सबसे विशिष्ट विशेषताओं में से एक है इसका इमर्सिव अनुभव, जो आगंतुकों को केवल जानकारी ही नहीं देता, बल्कि उन्हें प्रति के जीवंत संसार में प्रवेश कराता है। थ्री-डी विजुअल्स और वन्यजीवों एवं पौधों के जीवन-आकार के मडलों के माध्यम से दर्शकों को ऐसा अनुभव होता है मानो वे स्वयं जंगल के बीच खड़े हों। प्रत्येक सेक्शन में स्थापित स्पर्श-आधारित इंटरैक्टिव बोर्ड्स विषय-वस्तु से जुड़ी विस्तृत जानकारी प्रदान करते हैं, जिससे सीखने की प्रक्रिया रोचक और सहभागिता आधारित बनती है।

## गुजराती इंग्लिश स्कूल ने मजदूरों को किया सम्मानित

जमशेदपुर। विद्यार्थियों में श्रमिकों के प्रति संवेदनशीलता, समानता और सम्मान की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से साकची स्थित श्री गुजराती इंग्लिश स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस बड़े ही उत्साह और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को आनंद बहादुर, झुननु देवी, प्रमिला दास, दिपा तथा अन्य को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्या ड मौसमी के भाषण से हुई। उन्होंने कहा कि श्रमिक समाज की रीढ़ होते हैं और उनके प्रति सम्मान प्रकट करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। मौके पर विद्यालय के मुख्य सचिव केतन आदेशरा और अध्यक्ष रश्मिन रामपारा एंव विनोद देसाइ ने मजदूरों का हमारे जीवन में समर्पित योगदान के बारे में संक्षेप में बताया।

# औद्योगिक इकाइयों को एसडब्ल्यूएमटी प्लांट अधिष्ठापन का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** समाहरणालय स्थित सभागार में जिला गंगा समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त विजया जाधव ने किया। मौके पर डीएफओ रजनीश कुमार क्षेत्रीय उप निदेशक मनोज कुमार नमामि गंगे के नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार आदि उपस्थित थे। बैठक में नदियों को स्वच्छ रखने के दिशा में विभिन्न औद्योगिक इकाइयों द्वारा किए गए कार्यों झ प्रयासों के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। इकाइयों द्वारा ठोस कचड़ा प्रबंधन उपचार प्लांट अधिष्ठापन के दिशा में क्रमवार जानकारी ली गई। इस दौरान डीसी ने बीएसएल सीटीपीएस बीटीपीस बीपीएससीएल एवं बियाडा क्षेत्र के विभिन्न औद्योगिक इकाइयों को एसडब्ल्यूएमटी प्लांट का अधिष्ठापन अविलंब करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने नोडल पदाधिकारी को निरीक्षण कर विभिन्न औद्योगिक इकाइयों का कचड़ा निस्तारण की वर्तमान स्थिति का जायजा लेने को कहा। पूर्व में जिन्हें नोटिस दिया गया- उनके जवाब का अध्ययन कर अग्रेतर कार्रवाई को कहा। उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित प्रदूषण बोर्ड धनबाद द्वारा औद्योगिक इकाईयों का निरीक्षण कर वायु व जल प्रदूषण पर कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने प्रदूषण बोर्ड द्वारा की जा रही सुस्त कार्रवाई पर नाराजगी जताई। बोर्ड के प्रतिनिधि को निरीक्षण/जांच का कैलेंडर बनाकर उसे साझा करने और अब तक की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन जिला को समर्पित करने का निर्देश दिया। उन्होंने आगामी 22 मई को विश्व बायोडायवर्सिटी दिवस के दिन पौधरोपण का मेगा अभियान चलाने का निर्देश दिया। बैठक में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा जारी दिशा- निर्देश से भी सभी इकाइयों को अवगत कराया गया। मौके पर कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग राम प्रवेश राम कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल डीपीआरओ रवि कुमार एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह समेत जिले में संचालित विभिन्न औद्योगिक इकाईयों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### ओपी के रूप में छटन महतो ने पदभार किया ग्रहण

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट।** तेनुघाट ओपी प्रभारी के पद छटन महतो दिया योगदान अजीत कुमार का तबादला चास थाना में किया गया है। ओपी प्रभारी छटन महतो ने 30 अप्रैल को शाम 7:30 बजे योगदान दिया तत्कालीन ओपी प्रभारी अजीत कुमार अपने निजी कार्यों से छूटी पर गए हुए है। वर्तमान ओपी प्रभारी छटन महतो ने बताया कि इससे पूर्व सिटी थाना में एस आई के पद पर कार्यरत थे। क्षेत्र में विधि व्यवस्था कायम रखना पहली प्राथमिकता होगी और क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ न्याय होगा। बीटीपीएस थाना प्रभारी बदले गये।

### धर्म सम्मेलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोगों से आने का आह्वान

**दुमका।** दिसोम मांझी बाबा बीनीलाल टुडू के निदेर्शानुसार धर्म सम्मेलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। शुक्रवार को शिकारीपाड़ा प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में सुनील मरांडी, ईमेल मरांडी, रविन्द्र सोरेन, होपना मुर्मू, शिबराम टुडू, आलोक मुर्मू और सुरजू ने आगामी 'धर्म सम्मेलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम' में आने का आमंत्रण ग्राम प्रधान व ग्रामीणों को दिया। क्षेत्र में घूम रहे सुनील मरांडी ने बताया कि प्रखंड के सभी गांवों में जा जाकर ग्राम प्रधान व ग्रामीणों से मिलकर उक्त कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रण पत्र दिया जा रहा है। जो भी गांव अभी तक नहीं पहुंच पाए हैं। उन सभी गांवों तक पहुंच कर लोगों को उक्त कार्यक्रम के प्रति जागरूक करना ही हमारा लक्ष्य है। आपको बता दें दिसोम मांझी थान और जाहेर थान समिति संताल परगना प्रमंडल, दुमका की ओर से एक दिवसीय 'धर्म सम्मेलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम' 12 मई को आहूत की गई है। सम्मेलन कार्यक्रम आउटडोर स्टेडियम में आयोजित होगी। धर्म सम्मेलन 12 मई को सुबह 10 बजे दिसोम मांझी थान और जाहेर थान में बोंगा बुरु की पूजा–अर्चना कर प्रारंभ होगी। धर्म गुरु द्वारा कथा और सांस्कृतिक कार्यक्रम संध्या 3 से सुबह 6 बजे तक होगी। जिसमें विश्व प्रसिद्ध धर्म गुरु, लेखक सोमाय किस्कू द्वारा संतालों के उद्भव और विकास, धर्म और संस्कृति के बारे में विस्तार से बताएंगे। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए संताली सिंगर सिंगराय सोरेन, डिगिर सोरेन, बनाम राजा नारायण टुडू समेत अन्य कलाकार शामिल होंगे।

### सामाजिक कुरितियां के प्रति महिलाओं एवं किशोरियों को किया गया जागरूक

**दुमका।** सामाजिक कुरीति एवं व्यक्तिगत स्वच्छता के विषय को लेकर सदर प्रखंड के हेठ मुगार्थाली के महिलाओं एवं किशोरियों को स्वयंसेवी संस्था प्रयास फाउंडेशन के द्वारा जागरूक किया गया। संस्था सदस्यों ने ग्रामीणों को विभिन्न प्रकार के सामाजिक कुरीति जैसे बाल विवाह, कन्या भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा, बालश्रम उन्मूलन एवं बच्चियों को मुफ्त शिक्षा, मुक्त स्वास्थ्य के विषय में विस्तृत जानकारी दिया। बच्चियों के स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं जैसे खून की कमी के लिए पौष्टिक भोजन उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। सरकारी अस्तर पर भी किशोरियों के लिए कई सारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। आंगनबाड़ी में किशोरियों का नियमित स्वास्थ्य जांच की भी व्यवस्था के विषय में बतलाया। किशोरियों को आंगनबाड़ी से मिलने वाले पौष्टिक आहार एवं खून की कमी के लिए आयरन गोली की भी जानकारी दी।

## कसमार के चंडीपुर में जमीन विवाद को लेकर
# दो पक्षों के बीच मारपीट



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड अंतर्गत चंडीपुर में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में एक पक्ष की 35 वर्षीय महिला पूर्णिमा देवी बुरी तरह जख्मी हो गई। उसके माथे पर गहरी चोट आई है तथा बीच बचाव करने गए राहुल कुमार को भी दूसरे पक्ष वालों ने मारकर जख्मी कर दिया। इस बीच दोनों घायलों को कसमार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए बोकारो जनरल अस्पताल रेफर कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चंडीपुर निवासी फूलचंद महतो के मोर टंगवा में निजी जमीन के पास कुछ गैर मजूरवा जमीन है- जिस पर वो आना जाना करते हैं। परन्तु लगभग दो वर्षों से चंडीपुर के ही बोरवाटोली निवासी लालू महतो उस गैर-मजूरवा जमीन पर कब्जा किए हुए है।

इसपर फूलचंद महतो ने अंचलाधिकारी को शिकायत भी की थी जिस पर अंचलाधिकारी द्वारा उक्त जमीन पर से अतिक्रमण हटाने का आदेश भी जारी किया गया था। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई जो मारपीट में बदल गई। घायल महिला फूलचंद महतो के छोटे भाई की पत्नी है। मारपीट का मामला जब थाना पहुंचा तो थाना प्रभारी द्वारा केस दर्ज कर लिया गया है।

### नये थाना प्रभारी के रूप में सुषमा कुमारी संभालेगी चार्ज

बेरमो /बीते दिनों जिला पुलिस कप्तान द्वारा जारी आदेशानुसार विभिन्न थाना व ओपी के प्रभारियों का तबादला कर दिया गया जिसके अनुसार बोकारो थर्मल थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह का तबादला जरीडीह के अंचल निरीक्षक के रुप की गई है तथा उनके स्थान पर सुषमा कुमारी को बोकारो थर्मल की नयी थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है।

# सेवानिवृत कर्मचारियों को किये गये उपहार भेंट

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**बोकारो।** बीएसएल से अप्रैल में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों के लिए मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में आयोजित विदाई समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ईडी सीआर महापात्रा एवं सीजीएम हरिमोहन झा उपस्थित रहे। सीजीएम श्री झा ने मुख्य अतिथि व आगंतुकों का स्वागत किया। एजीएम डॉ नन्दा प्रियदर्शिनी ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को अंतिम निपटारा व मैत्री भवन की जानकारी दी और प्रत्येक सेवानिवृत्त कर्मी का बायोडाटा प्रस्तुत किया। ईडी श्री महापात्रा ने सेवानिवृत्त हो रहे सभी कर्मियों को उनके निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई देते हुए उनके सुखद एवं समृद्ध भविष्य की कामना की। उन्होंने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को सेवा प्रमाण पत्र तथा उपहार भी भेंट किए। अप्रैल 2025 में बोकारो स्टील प्लांट से कुल 07 अधिशासी एवं 38 अनाधिशासी कर्मी सेवानिवृत्त हुए हैं। सीजीएम राजीव धवन के लिए आयोजित एक अन्य विदाई समारोह में डीआई बीके तिवारी ईडी सीआर महापात्रा सुरेश रंगानी सुश्री राजश्री बनर्जी व विकास मनवटी सहित विभिन्न विभागों के सीजीएम एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। निदेशक प्रभारी श्री तिवारी ने श्री राजीव धवन को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उल्लेखनीय योगदान की सराहना की और उपस्थित सभी ने उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। समारोह के अंत में सभी पदाधिकारियों ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों तथा उनके परिवारजनों से मुलाकात की तथा उनके सुखमय जीवन की कामना की। कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन एजीएम डॉ नन्दा प्रियदर्शिनी ने किया।

# किसानों और जनप्रतिनिधियों का अनिश्चितकालीन धरना दूसरे दिन भी जारी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**महागामा (गोड्डा)।** हुरासी कोल परियोजना द्वारा ऐतिहासिक राजडांड़ सिंचाई नहर पर दो वर्षों से हो रहे अतिक्रमण के खिलाफ किसानों और जनप्रतिनिधियों का अनिश्चितकालीन धरना दूसरे दिन भी महागामा अनुमंडल कार्यालय के समीप जारी रहा। प्रदर्शन में मंत्री दीपिका पांडेय सिंह के प्रतिनिधि विपिन बिहारी सिंह, कांग्रेस नेता याहया सिद्दीकी, मुखिया प्रतिनिधि बबलू सिंह, सिंधु देवी, बंदना कुमारी, सावित्री हेम्ब्रम, प्रवीण मिश्रा, निलेश सिंह, सामुएल हांसदा समेत दर्जनों पंचायत प्रतिनिधि और किसान शामिल रहे।धरनास्थल से प्रशासन और ईसीएल प्रबंधन को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और उग्र होगा। किसानों का आरोप है कि कोल उत्खनन के दौरान निकली मिट्टी और कचरा नहर में डाला गया है, जिससे सिंचाई ठप हो गई है। वर्ष 2023 से लगातार विभाग को आवेदन और ज्ञापन दिए गए, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। एसडीओ आलोक वरण केसरी ने हाल ही में स्थल निरीक्षण कर पुष्टि की कि नहर को मिट्टी, डस्ट आदि से पाट दिया गया है, जिससे आसपास के गांवों रोहिणी, नारायणपुर, फुलवरिया, हरिपुर, भेसावरण आदि के किसान प्रभावित हो रहे हैं।

# सभी के योगदान से ही डीवीसी विकासोन्मुख है : विजया नन्द शर्मा

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**बोकारो/चंद्रपुरा।** डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र के तेजस भवन सम्मेलन कक्ष में आयोजित समारोह में सेवानिवृत्त 2 डीवीसी कर्मी वकील अहमद खान और बबलू प्रमाणिक को उपहार भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया । आयोजित समारोह में वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान विजया नन्द शर्मा ने कहा कि लोगों के सकारात्मक सहयोग से ही डीवीसी आज विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति सेवा का एक अंग है। डीवीसी कर्मियों के सहयोग से ही हम आज विकास की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद लोगों को अपना दिनचर्या को और अधिक मजबूत रखना जरूरी है ताकि स्वस्थ जीवन जी सकें। वरिष्ठ महाप्रबंधक अविजीत घोष ने कहा कि डीवीसी 7 दशक से अधिक का सफर कर चुका है। उप महाप्रबंधक- स्वास्थ्य सेवाएं डॉक्टर पीके घोष ने सेवानिवृत्ति कर्मियों के कर्तव्य निष्ठा का व्याख्यान करते हुए कहा कि हम सब लोगों को खुशहाल जीवन जीने के लिए हमेशा प्रयत्नशील होना जरूरी है। प्रबंधक राजकुमार चौधरी ने सेवानिवृत कर्मचारी को स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की जरूरत पर जोर दिया। समारोह को राकेश कुमार पीसी मंडल आदि ने संबोधित किया। संचालन रामजी रजक ने किया किया। समारोह में अक्षय कुमार नंदलाल साहू आदि उपस्थित थे।

# प्रो अंजुला मुर्मू गैर-आधिकारिक निदेशक के रूप में हुई मनोनीत



प्रो अंजुला मुर्मू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के प्रो अंजुला मुर्मू को भारत सरकार की नियुक्ति ने राष्ट्रीय रसायन एवं उर्वरक लिमिटेड, मुंबई के निदेशक मंडल में गैर-आधिकारिक निदेशक के रूप में मनोनीत किया है। यह नियुक्ति की अवधी एक वर्ष की होगी या अगले आदेश तक लिए प्रभावी होगी।

प्रो अंजुला मुर्मू, जो शिक्षा, अनुसंधान और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में एक प्रेरणादायी नाम हैं। पूर्व में फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स ट्रावनकोर लिमिटेड, कोच्चि (केरल) के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में स्वतंत्रत निदेशक के रूप में तीन वर्षों तक अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। अपने पूर्ववर्ती कार्यकाल में उन्होंने संस्थागत पारदर्शिता और उत्तरदायित्व को मजबूती प्रदान करते हुए नीति निर्माण में उल्लेखनीय भूमिका निभाई। उनकी यह नियुक्ति उर्वरक विभाग के प्रस्ताव पर 19 मार्च को हुई सर्च कमेटी की अनुशंसा पर की गई है। इस अवसर पर प्रो अंजुला मुर्मू ने भारत सरकार द्वारा दिए गए इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह नियुक्ति न केवल मेरे लिए, बल्कि संथाल परगना और देशभर की आदिवासी बेटियों के लिए एक प्रेरणा है।

निष्ठा और पारदर्शिता के साथ इस दायित्व का निर्वहन करने एवं अपने अनुभव का उपयोग देश के सार्वजनिक उपक्रमों को सशक्त बनाने के दिशा में प्रयास का भरोसा दी। 28 मई 1980 को जन्मी प्रोफेसर मुर्मू उच्च शिक्षा जगत की एक सशक्त हस्ती हैं और झारखंड विशेषकर संथाल परगना क्षेत्र की अग्रणी महिला नेतृत्वकर्ता के रूप में प्रतिष्ठित हैं। उनकी यह नियुक्ति नारी सशक्तिकरण और सामाजिक समावेशन की दिशा में एक मील का पत्थर है।

## प्रशिक्षु आईपीएस मो सैयद मुस्तफा हाशमी को किया गया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** पुलिस लाईन में दुमका पुलिस ने सम्मान समारोह का आयोजन किया। सम्मान समारोह में एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने प्रशिक्षु आईपीएस मो सैयद मुस्तफा हाशमी के प्रशिक्षण काल के सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुफस्सिल थाना के एएसआई विजीत कुमार के पुत्र अनीश कुमार द्वारा यूपीएससी के परीक्षा में 542 वां स्थान हासिल कर पुलिस परिवार के नाम रोशन करने के उपलक्ष में एसपी ने विजीत कुमार को सम्मानित किया। एसपी श्री खेरवार ने प्रशिक्षु आईपीएस मो मुस्तफा हाशमी एवं एएसआई विजीत कुमार को शॉल ओढ़ा एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# दुष्कर्म व हत्या कांड का आरोपी ने किया आत्महत्या

**खबर मन्त्र संवाददाता**



शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाती पुलिस

**दुमका।** भतीजी से दुष्कर्म व हत्या के मामले में जेल गए आरोपी चाचा ने केंद्रीय कारा में फांसी के फंदे से झूल जान दे दिया। आरोपी चाचा जिला के मसलिया थाना क्षेत्र के शिकारपुर गांव का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार मसलिया थाना की पुलिस ने 17 अप्रैल को शिकारपुर के खेत से एक किशोरी का शव बरामद किया था। किशोरी की हत्या की घटना को किसी और ने नहीं बल्कि पड़ोस में रहने वाले चचेरे चाचा पवन राय ने अंजाम दिया था। दुष्कर्म के बाद किशोरी ने जब यह कहा कि वह घर में बता देगी, तो पकड़े जाने के डर से पहले उस पर डंडा से वार किया और लात घूंसों से प्रहार कर उसकी जान ले ली। मामले का उद्भेदन करते हुए पुलिस रविवार को आरोपी चाचा को जेल भेज दिया था। आरोपी की पत्नी गर्भवती है। रविवार की शाम आवासीय कार्यालय में एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया था कि शव मिलने के बाद पुलिस ने हर स्तर से अनुसंधान किया। इसमें पता चला कि हत्याकांड में पड़ोस में रहने वाले चचेरे चाचा का हाथ है। बीते 16 अप्रैल की शाम सात बजे जब किशोरी शौच के लिए निकली तो पवन भी अपने घर से निकल गया। जब किशोरी के घरवाले उसकी तलाश कर रहे थे। उसी समय पवन की पत्नी अपने पति की तलाश में निकली थी। खोजी कुत्ता भी पवन के घर तक गया था। इसी आधार पर पवन से सख्ती से पूछताछ हुई। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि उसने ही भतीजी की हत्या की है। आरोपी के आत्महत्या के बाद प्रशासन शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है।

## एक नजर में

### नवनिर्मित भवन का सांसद ने किया उद्घाटन

**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिला के शिकारीपाड़ा महाविद्यालय में नवनिर्मित भवन का दुमका सांसद नलिन सोरेन ने विधिवत रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान सांसद नलिन सोरेन ने कहा कि महाविद्यालय परिसर में बने इस नए भवन से छात्र छात्राओं को निश्चित ही पहले से ज्यादा लाभ मिलेगा। इस महाविद्यालय में काफी संख्या में स्टूडेंट है और नए भवन के बनने से अब पठन पाठन में कोई असुविधा नहीं है, सांसद ने महाविद्यालय के प्राचार्य और कर्मी को इस भवन का निर्माण करने को लेकर ध्यानवाद दिया। यहां बताते चले कि इस भवन के निर्माण में करीब 64 लाख रुपया खर्च हुए है भवन में ही छात्र छात्राओं के लिए सब सुविधा उपलब्ध है।

### शत-प्रतिशत उपस्थिति के लिए डीपीएस बोकारो के 213 विद्यार्थी पुरस्कृत

बोकारो। आज के विद्यार्थी कल के सितारे हैं। ये सितारे ही कल अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी चमक बिखेरेंगे। अपने काम व लक्ष्य और अपनी पढ़ाई के प्रति पूरे समर्पण-भाव से नियमितता बनाए रखेंगे तो निश्चित ही सफलता आपके कदम चूमेगी। उक्त बातें जैप- 4 एवं राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल के समादेष्टा मुकेश कुमार ने डीपीएस बोकारो की प्राथमिक इकाई में शत-प्रतिशत उपस्थिति के लिए विद्यार्थियों को पुरस्कृत करने के उपरांत बतौर मुख्य अतिथि कहीं। उन्होंने कहा कि शत-प्रतिशत उपस्थिति मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए भी प्रेरित करती है क्योंकि स्वस्थ बच्चे ही रोज विद्यालय आ सकते हैं। श्री कुमार ने सत्र 2024-25 में पूरे वर्ष एक भी दिन अनुपस्थित हुए बिना रोज विद्यालय आने वाले कुल 213 छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट देकर और मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने पुरस्कृत सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने बच्चों से कहा - विद्यालय में यह शत-प्रतिशत उपस्थिति जीवन में आपकी उत्कृष्टता की यात्रा की शुरूआत है। प्राचार्य ने समारोह के दौरान मुख्य अतिथि को शॉल से अलंकृत कर तथा स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। नन्हें छात्र-छात्राओं ने स्वागत गान की सुरीली प्रस्तुति के बाद राधा-कृष्ण की लीला पर आधारित मनभावन नृत्य से उन्होंने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

### डालसा ने चलाया जागरूकता कार्यक्रम

**दुमका।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सचिव उत्तम सागर राणा के निदेर्शानुसार जिले भर के विभिन्न प्रखंड, पंचायत एवं गांवों में मजदूर दिवस मनाया। इस अवसर पर पैरा लीगल वॉलिंटियर्स ने जागरूकता शिविर का आयोजन किया। उनके द्वारा असंगठित एवं प्रवासी मजदूरों के बीच जागरूकता कार्यक्रम में लोगों को बताया गया कि किसी भी समाज, देश, संस्था और उद्योग में मजदूरों, कामगारों और मेहनतकसो की अहम भूमिका होती है। कामगारों के बिना कोई भी औद्योगिक ढांचा खड़ा नहीं रह सकता है। कानून से संबंधित न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, कारखाना अधिनियम, समान पारिश्रमिक अधिनियम, बाल श्रम अधिनियम, ठेका श्रम आदि के बारे में लोगों को विस्तारपूर्वक समझा कर उन्हें जागरूक किया गया। इस बीच पंपलेट एवं पुस्तिकाओं का भी वितरण कर लोगों को जागरूक किया गया।

### जवाहर पुरस्कार विजेता डॉ. अशोक कुमार पंडा बने सेल के निदेशक

**बोकारो।** डॉ अशोक कुमार पंडा ने 30 अप्रैल 2025 को सेल के निदेशक (वित्त) का पदभार संभाला है। डॉ पंडा ने 1992 में सेल में प्रबंधन प्रशिक्षु के रूप में अपना करियर शुरू किया था। अपने करियर के दौरान, डॉ. पंडा ने सेल के विभिन्न संयंत्रों और इकाइयों में विभिन्न पदों पर काम किया है। अपने वित्तीय एवं तकनीकी ज्ञान और प्रोएक्टिव अप्रोच के लिए व्यापक रूप से जाने जाने वाले डॉ पंडा को वित्तीय लेखांकन- लागत और बजट- बिजनेस प्लानिंग- राजकोष संचालन- टैक्सेशन और रणनीतिक प्रबंधन तक के क्षेत्रों में भी विशेषज्ञता हासिल है। अपने कार्यकाल के दौरान डॉ. पंडा ने सेल की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डॉ पंडा ने सेल के कई संयुक्त उद्यमों और सहायक कंपनियों के बोर्ड में नामित निदेशक के रूप में काम किया है जिससे कंपनी के वित्तीय प्रशासन को और मजबूती मिली है। वित्त क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों के अलावा उन्होंने खनन संयंत्र संचालन परियोजनाओं आदि के क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है जिसके लिए उन्हें लागत प्रबंधन में उत्कृष्टता के लिए जवाहर पुरस्कार - 2012 जैसे पुरस्कार मिले हैं। वे युवा प्रबंधकों के लिए चेयरमैन ट्रॉफी में उपविजेता भी रहे जिसने उनके करियर के शुरूआती चरण में उनके नेतृत्व और समस्या समाधान कौशल को उजागर किया। उन्होंने विदेशी और घरेलू संस्थानों से कई प्रशिक्षण प्राप्त किए हैं। डॉ पंडा की वित्तीय प्रबंधन में रणनीतिक दृष्टि और नेतृत्व- लाभप्रदता और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### करगली में दो दिवसीय जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता सपंन्न

**बेरमो।** करगली गेट स्थित बिनोद बिहारी महतो फुटबॉल मैदान में दो दिवसीय जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता बुधवार को पारितोषिक वितरण के साथ संपन्न हो गया। बोकारो जिला एथलेटिक एसोसिएशन की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में 47 यूनिट के लगभग 530 खिलाड़ी (अंडर-12, अंडर -14, अंडर -16, अंडर-18 तथा अंडर-20) के पांच ग्रुप में प्रतिभागियों के बीच विभिन्न स्पर्धा आयोजित था. 100, 200, 400, 800, 1000, 1500, 3000 मीटर सहित लंबी कूद, गोला फेंक, भाला फेंक सहित कई स्पधाएं आयोजित हुयी। जिसमे विजेता प्रतिभागी बीएसीसी, बोकारो थर्मल एवं उपबिजेता प्रतिभा खोज युवा क्लब, बोकारो थर्मल रहे। मुख्य अतिथि सीसीएल के बीएंडके जीएम चितरंजन कुमार ने प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया। जब श्री कुमार ने कहा कोई भी हारने वाले खिलाड़ी इस खेल को अंतिम ना समझे। मेहनत करें और जो खामियां है उसे दूर करें। जिला का नाम राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर रौशन करें।खेल सभी को निरोगी रखने में भी सहायक है। खेल सामाजिक एकजुटता का भी संदेश देता है। मौके पर एल चक्रवर्ती, प्रकाश कुमार, लीलघारी गुप्ता,अशोक भट्टाचार्य आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

### वरीय अधिवक्ता के निधन के बाद परिजनों को दिया गया पच्चास हजार की राशि

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट।** तेनुघाट अधिवक्ता संघ के वरीय सदस्य फलाहारी महतो का शुक्रवार को निधन हो गया। मालूम हो कि दिवंगत फलाहारी महतो जो लगभग 85 वर्ष के थे। वह पिछले कुछ समय से बीमार थे और जिनका इलाज चल रहा था। निधन के बाद उनके पार्थिव शरीर को उनके पैतृक निवास बगदा ले जाया गया जहाँ दाह संस्कार किया गया। बताते चले की दिवंगत फलाहारी महतो जो सिविल के एक बहुत ही अच्छे वकील थे। उनके निधन हो जाने से उनकी कमी को शायद ही कोई पूरा कर सके। वह अपने पीछे पुत्र पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़कर गए हैं। अधिवक्ता संघ के महासचिव वकील प्रसाद महतो ने बताया कि जैसा की हमारी परंपरा है किसी भी अधिवक्ता के निधन के बाद अधिवक्ता संघ के सदस्य के परिवार को अधिवक्ता संघ के द्वारा मरणोपरांत 50हजार रुपए की राशि आर्थिक मदद के लिये दिये जाते है उसी क्रम में आज उनके आवास तेनुघाट आई टाईप जाकर उनके बड़े पुत्र प्रदीप कुमार को दिया गया साथ ही श्री महतो ने बताया की संघ के द्वारा समय समय पर जो भी बन पायेगा मदद की जायेगी। आगे बताया कि बार काउंसिल से मिलने वाली राशि भी दिलाने में मदद करेंगे।

# आतंकियों को पनाह देता है पाकिस्तान

## अब बिलावल ने भी कबूला सच, दुनिया के सामने खोली पोल

एजेंसी

- पूर्व विदेश मंत्री बोले आतंक को बढ़ावा देने का खामियाजा हमने सबसे ज्यादा भुगता
- अफगान युद्ध के दौरान मुजाहिदीन को धन और समर्थन देने में पाक की सक्रिय भूमिका की ओर इशारा किया



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने कबूल किया है कि उनके देश में आतंकियों को पनाह और पैसा मिलता रहा है। बिलावल भुट्टो ने कहा है कि पाकिस्तान का अतीत आतंकी समूहों से जुड़ा रहा है, यह कोई रहस्य नहीं है। ये एक सच है कि देश में ये सब हुआ है। भुट्टों से पहले पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने माना था कि पाकिस्तान ने अमेरिका और ब्रिटेन के कहने पर आतंक को बढ़ावा देने का काम अपनी धरती पर किया है। भारत के खिलाफ लगातार आक्रामक बयान दे रहे बिलावल ने स्काई न्यूज से बातचीत में पाकिस्तान में आतंकी गुटों के पनपने की ऐतिहासिक सच्चाई को माना है। उन्होंने पहले अफगान युद्ध के दौरान मुजाहिदीन को धन और समर्थन देने में पाकिस्तान की सक्रिय भूमिका की ओर इशारा किया। ख्वाजा आसिफ की तरह उन्होंने भी कहा कि पाकिस्तान ने यह काम पश्चिमी देशों के साथ मिलकर किया, जिसका खामियाजा बाद में उनके देश ने भुगता है। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के चेयरमैन बिलावल भुट्टो ने कहा कि आतंक को बढ़ावा देने का खामियाजा हमने सबसे ज्यादा भुगता है। हमने अपने देश में कट्टरपंथ और आतंक के कई दौर देखे लेकिन हाल के वर्षों में स्थिति बदल गई। पाकिस्तान में हालिया वर्षों में आतंक को कोई पनाह नहीं मिली है बल्कि हम खुद इससे पीड़ित और आतंक के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं। भुट्टो ने कहा कि यह सच है कि आतंक हमारे इतिहास का एक दुर्भाग्यपूर्ण हिस्सा रहा लेकिन हमने इससे सबक सीखा है। खासतौर से मेरी मां पूर्व पीएम बेनजीर भुट्टो की हत्या के बाद आतंक पर हमारी नीति पूरी तरह बदल गए। पाकिस्तान ने बीते वर्षों में आतंकी समूहों के खिलाफ गंभीर और सफल कार्रवाई की है।

पाकिस्तान के रक्षा मंत्रा ख्वाजा आसिफ ने भी हाल ही में अपने इंटरव्यू में स्वीकार किया है कि पाकिस्तान ने अमेरिका, ब्रिटेन और पश्चिमी देशों के इशारे पर आतंक को बढ़ावा दिया। उन्होंने कहा कि यह एक गलती थी और पाकिस्तान ने इसके लिए भारी नुकसान उठाया। अगर पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में अमेरिका से दूरी बनाई होती तो आज उसका ट्रैक रिकॉर्ड बेदाग होता। पाकिस्तानी नेताओं के ये बयान कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद आए हैं। इस हमले का आरोप पाकिस्तान पर लगा है। ऐसे में पाकिस्तानी नेताओं को लगातार आतंकवाद के सवाल पर घेरा जा रहा है।

## आर्मी चीफ मुनीर ने रची थी पहलगाम हमले की साजिश

एजेंसी

- पाकिस्तानी सेना के पूर्व अधिकारी ने किया खुलासा पाकिस्तान पर 10 साल तक राज करना चाहते हैं आसिम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सेना के एक पूर्व अधिकारी ने हैरान करने वाला दावा किया। पूर्व सैन्य अधिकारी मेजर (रि.) आदिल रजा ने एक भारतीय पत्रिका के साथ बातचीत में कहा कि पहलगाम हमले की साजिश पाकिस्तान आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर ने रची थी। रजा ने कहा कि जनरल मुनीर की निजी ख्वाहिश 10 साल तक पाकिस्तान पर राज करने की है। ये सब उसी योजना का हिस्सा है। पूर्व पाकिस्तानी सैन्य अधिकारी ने कहा कि पाकिस्तान ने यह अकेले नहीं किया है। इसके लिए चीन ने उसे तैयार किया है। आदिल ने कहा कि चीन को पहलगाम हमले से जोड़ने वाला कोई सीधा कनेक्शन भले नहीं है, लेकिन भारत के कमजोर होने से चीन को लाभ होता है। उन्होंने पाकिस्तान के पूर्व विदेश सचिव शमशाद अहमद खान के एक हालिया बयान का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि चीनी कभी भी खुद से नहीं लड़ते हैं। वे कभी खुद नहीं शामिल नहीं होते हैं। चीन पहले ही बांग्लादेश, म्यांमार और श्रीलंका में अपनी पैठ जमा चुका है और अब मुनीर के नेतृत्व में पाकिस्तान भी उसकी रेंज में आ गया है। रजा ने बताया कि इसके पीछे वैश्विक स्तर पर चल रही अमेरिका और चीन की प्रतिद्वंद्विता है। अमेरिका के टैरिफ वार के बाद बड़ी कंपनियां चीन से निकलने की तैयारी कर रही हैं। उनके लिए भारत एक बढ़िया विकल्प है, लेकिन चीन ये नहीं होने दे सकता है। चीन दुनिया की फैक्ट्री होने का तमगा छोड़ने को तैयार नहीं है। इसके लिए सबसे सही है कि भारत को अस्थिर किया जाए, क्योंकि वैश्विक कंपनियां उस जगह नहीं जाना चाहेंगी जहां जंग के हालात हों।

## भारत की एक और डिजिटल स्ट्राइक

### पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ का यूट्यूब किया ब्लॉक

एजेंसी



**पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब अख्तर, पत्रकार आरजू काजमी और कमेंटेटर सैयद मुज्जमिल शाह के चैनल भी हुए हैं ब्लॉक**

**नयी दिल्ली।** भारत ने शुक्रवार को पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के आधिकारिक यूट्यूब अकाउंट को ब्लॉक कर दिया। शरीफ का चैनल अब तक का सबसे हाई-प्रोफाइल सोशल मीडिया अकाउंट है, जिसे भारत सरकार ने ब्लॉक किया। शहबाज शरीफ के ब्लॉक किए गए प्रोफाइल में लिखा है कि राष्ट्रीय सुरक्षा या सार्वजनिक व्यवस्था से संबंधित सरकार के आदेश के कारण यह कंटेंट फिलहाल इस देश में उपलब्ध नहीं है। सरकार की तरफ से हटाए जाने के अनुरोधों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया गूगल पारदर्शिता रिपोर्ट देखें। भारत सरकार इससे पहले पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के एक्स अकाउंट को ब्लॉक कर चुकी है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद सरकार ने पाकिस्तान से आने वाली गलत सूचनाओं और भारत विरोधी दुष्प्रचार का मुकाबला करने के लिए अपनी कोशिशें तेज कर दी हैं। ब्लॉक किए गए प्रमुख यूट्यूब चैनलों में पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब अख्तर, पत्रकार आरजू काजमी और कमेंटेटर सैयद मुज्जमिल शाह के चैनल शामिल हैं। ओलंपियन अरशद नदीम का इंस्टाग्राम अकाउंट और पूर्व क्रिकेटर शाहिद अफरीदी के यूट्यूब अकाउंट भी सस्पेंड किए गए हैं। 30 अप्रैल को, प्रमुख पाकिस्तानी अभिनेत्रियों हनिया आमिर और माहिरा खान के इंस्टाग्राम प्रोफाइल को ब्लॉक कर दिया गया।

## पीओके में 1000 से अधिक मदरसे बंद

**हमले की आशंका से पाकिस्तान में दहशत दो महीने का राशन जमा करके रखें**

**मुजफ्फराबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में 1000 से अधिक मदरसे कम से कम 10 दिनों के लिए बंद कर दिए गए हैं। स्थानीय अधिकारियों ने शुक्रवार को यह घोषणा की। विश्वसनीय सूत्रों ने बताया कि भारत की तरफ से हमले के डर की वजह से पीओके में स्थित मदरसों को बंद कर दिया गया। भारत यह दावा करता रहा है कि इन संस्थानों का इस्तेमाल आतंकवादियों के छिपने के ठिकाने के रूप में किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का मानना है कि भारत पाकिस्तान के साथ पूर्ण पैमाने पर युद्ध शुरू नहीं करेगा, लेकिन नियंत्रण रेखा (एलओसी) के साथ पीओके क्षेत्रों में कुछ हमले जरूर करेगा। पीओके ने वास्तविक सीमा रेखा (एलओसी) के पास रहने वाले लोगों को शुक्रवार को खाने-पीने का सामान स्टॉक करने का निर्देश दिया। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बाद यह अपील की गई। पीओके के प्रधानमंत्री चौधरी अनवर उल हक ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा ने कहा कि एलओसी के पास स्थित 13 निर्वाचन क्षेत्रों में दो महीने के लिए खाद्य आपूर्ति का भंडारण करने के निर्देश जारी किए गए हैं। हक ने कहा कि क्षेत्रीय सरकार ने 13 निर्वाचन क्षेत्रों में 'खाद्य, दवाइयां और अन्य सभी बुनियादी आवश्यकताओं' की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एक अरब रुपये ($3.5 मिलियन) का आपातकालीन कोष भी बनाया है।

## ट्रंप से गिड़गिड़ाए पाकिस्तानी राजदूत

### सईद शेख ने भारत से बचाने की लगाई गुहार, मुनीर की गीदड़भभकी की खुली पोल

एजेंसी



**वॉशिंगटन।** पहलगाम हमले के बाद भारत की जवाबी कार्रवाई की आशंका के बीच पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर गुरुवार को सामने आए। इस दौरान जनरल मुनीर ने चेतावनी देते हुए कहा कि भारत के किसी भी दुस्साहस का त्वरित, दृढ़ और कड़ा जवाब दिया जाएगा। वहीं दूसरी तरफ तरफ वॉशिंगटन में पाकिस्तानी राजदूत ट्रंप के सामने तनाव कम करने के लिए गिड़गिड़ा रहे थे। न्यूजवीक की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका में पाकिस्तान के राजदूत रिजवान सईद शेख ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से भारत के साथ तनाव कम करने की गुहार लगाई है। पाकिस्तानी राजदूत ने कहा कि एक राष्ट्रपति के लिए, जिसका प्रशासन दुनिया में शांति के लिए एक स्पष्ट उद्येश्य के रूप में खड़ा है, उसके लिए कश्मीर से अधिक 'उच्च या ज्वलंत मुद्दा' नहीं हो सकता है। पाकिस्तानी राजदूत ने कहा कि हम एक या दो पड़ोसी देशों की बात नहीं कर रहे हैं, यह दो परमाणु क्षमता से संपन्न देशों के बारे में है। यह बहत गंभीर बात है।'

शेख ने तर्क दिया कि ट्रंप प्रशासन को पाकिस्तान और भारत के बीच तनाव को कम करने के लिए पिछले अमेरिकी प्रयासों की तुलना में अधिक व्यापक और निरंतर पहल करने की आवश्यकता होगी। राजदूत ने कहा कि मुझे लगता है कि जिस खतरे का हम सामने कर रहे हैं, उसे देखते हुए स्थिति को संबोधित करने का गुप्त अवसर है।



राजागीर स्थित खेल परिसर में इंडोर हॉल का उद्घाटन करते सीएम नीतीश कुमार।

## सेंसेक्स 259 और निफ्टी 12 अंक चढ़ा



**मुंबई ।** भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ बंद हुआ। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 259 अंक या 0.32 प्रतिशत की तेजी के साथ 80,501 और निफ्टी 12 अंक या 0.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,346 पर था। सेक्टोल आधार पर आईटी, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, मीडिया और इन्फ्रा सबसे ज्यादा बढ़ने वाले इंडेक्स थे। फार्मा, ऑटो, एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप में खरीदारी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 419 अंक या 0.78 प्रतिशत की गिरावट के साथ 53,705 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 7 अंक की मामूली गिरावट के साथ 16,441 पर था। वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही के मजबूत नतीजों के कारण अदाणी पोर्ट्स के शेयरों में तेजी रही। 4 प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ यह सेंसेक्स का टॉप गेनर था। बजाज फाइनेंस, इंडसइंड बैंक, एसबीआई, मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स, आईटीसी, टाटा स्टील, जोमैटो, आईसीआईसीआई , इन्फोसिस, एचसीएल टेक और टीसीएस टॉप गेनर्स थे। नेस्ले, एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन, पावर ग्रिड, टेक महिंद्रा, एचयूएल, एयरटेल और एशियन पेंट्स टॉप लूजर्स थे।

## नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया, राहुल को नोटिस

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को नेशनल हेराल्ड धन शोधन मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी को नोटिस जारी किया। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने कहा कि आरोपपत्र पर संज्ञान लेने के समय सोनिया गांधी और राहुल गांधी को अपना पक्ष रखने का अधिकार है। न्यायाधीश ने कहा कि किसी भी स्तर पर पक्ष रखने का अधिकार है। उन्होंने मामले की अगली सुनवाई आठ मई के लिए तय की। हाल में आरोपपत्र दाखिल करने वाले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 2021 में अपनी जांच शुरू की थी, जब एक मजिस्ट्रेट अदालत ने 26 जून 2014 को भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी द्वारा दायर एक निजी शिकायत पर संज्ञान लिया था। ईडी ने कहा कि शिकायत में कई प्रमुख राजनीतिक हस्तियों द्वारा एक आपराधिक साजिश को उजागर किया गया है, जिसमें कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, उनके सांसद पुत्र राहुल गांधी, कांग्रेस के दिवंगत नेता मोतीलाल वोरा और ऑस्कर फर्नांडीस के अलावा अन्य नेताओं और एक निजी कंपनी यंग इंडियन शामिल हैं। इन सभी पर एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) से संबंधित 2,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की संपत्तियों का गलत तरह से अधिग्रहण कर धन शोधन में शामिल होने का आरोप है। सोनिया और राहुल यंग इंडियन के शेयरधारक हैं और दोनों के पास 38-38 प्रतिशत शेयर हैं।

## भविष्य के मार्गदर्शक होते हैं बुजुर्ग

### माता-पिता का सम्मान करना हमारी संस्कृति का हिस्सा : मुर्मू

एजेंसी



**नयी दिल्ली ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुजुर्गों को अतीत की कड़ी और भविष्य का मार्गदर्शक बताते हुए कहा है कि सभी को उनके मार्गदर्शन को महत्व देकर उनके बहुमूल्य सानिध्य का आनंद लेना चाहिए।

मुर्मू ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए पहल सम्मान के साथ वृद्धावस्था नामक कार्यक्रम में भाग लिया। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक कल्याण पोर्टल का शुभारंभ, वरिष्ठ नागरिक के लिए आवासों का वर्चुअल उद्घाटन, सहायक उपकरणों का वितरण और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा ब्रह्माकुमारी संगठन के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर कहा कि माता-पिता और बुजुर्गों का सम्मान करना हमारी संस्कृति का हिस्सा है। आमतौर पर परिवारों में देखा जाता है कि बच्चे अपने दादा-दादी के साथ बहुत सहज होते हैं। बुजुर्ग परिवार के लिए भावनात्मक स्तंभ की तरह काम करते हैं। जब बुजुर्ग अपने परिवार को फलते-फूलते देखते हैं तो वे भी शारीरिक और भावनात्मक रूप से स्वस्थ रहते हैं।राष्ट्रपति ने कहा कि प्रतिस्पर्धात्मक और भागदौड़ भरी जिंदगी में वरिष्ठ नागरिकों का सहयोग, प्रेरणा और मार्गदर्शन युवा पीढ़ी के लिए बेहद जरूरी है। वरिष्ठ नागरिकों के पास जो अनुभव और ज्ञान है, वह युवा पीढ़ी को जटिल चुनौतियों का सामना करने में मदद कर सकता है। उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था आध्यात्मिक रूप से खुद को सशक्त बनाने, अपने जीवन और कार्यों का विश्लेषण करने तथा सार्थक जीवन जीने का भी एक चरण है। आध्यात्मिक रूप से सशक्त वरिष्ठ नागरिक देश और समाज को अधिक समृद्धि तथा प्रगति की ओर ले जा सकते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि बुजुर्ग अतीत की कड़ी होते हैं और भविष्य के मार्गदर्शक भी होते हैं। एक राष्ट्र के रूप में यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम सुनिश्चित करें कि हमारे वरिष्ठ नागरिक अपना बुढ़ापा गरिमा और सक्रियता के साथ जिएं।

स्पीड न्यूज

### वेव्स सरकार की एक खूबसूरत पहल :हेमा



**मुंबई।** बॉलीवुड की ड्रीम गर्ल और भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) की प्रशंसा करते हुये कहा कि यह भारत सरकार की एक खूबसूरत पहल है और उन्हें इसका हिस्सा बनकर खुशी हो रही है। मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में गुरुवार को पहली बार वेव्स की भव्य शुरूआत हुई, जिसमें एक दमदार पैनल चर्चा हुई, जिसका शीर्षक लीजेंड्स एंड लेगेसीज: द स्टोरीज दैट शेप्ड इंडियाज सोल था।

### यूपी में ट्रांसजेंडर समुदाय को मिलेगा राशन कार्ड

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने विशेष अभियान चलाकर ट्रांसजेंडर नागरिकों को राशन कार्ड मुहैया कराने का फैसला किया है। इसके तहत उन्हें पात्र गृहस्थी राशन कार्ड जारी कर खाद्यान्न की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार, राज्य के सभी जिलों में विशेष अभियान चलाकर ऐसे ट्रांसजेंडर व्यक्तियों की पहचान की जाएगी, जो अभी तक किसी कारणवश राशन कार्ड से वंचित हैं। यह कदम समाज के इस उपेक्षित वर्ग को न केवल भोजन की सुरक्षा देगा, बल्कि उन्हें शासन की मुख्यधारा से भी जोड़ेगा।

### ऑडी की कारें होंगी 2 फीसदी तक महंगी

**मुंबई।** जर्मन लग्जरी कार निर्माता ऑडी ने भारत में अपने सभी मॉडल रेंज की कीमतों में 2 प्रतिशत तक वृद्धि करने की शुक्रवार को घोषणा की। ऑडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लों ने कहा कि हम विनिमय दर और इनपुट लागत में वृद्धि के कारण 2 प्रतिशत तक की कीमत समायोजन लागू कर रहे हैं। यह सुधार ऑडी इंडिया और हमारे डीलर भागीदारों के लिए सतत विकास सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। हम अपने मूल्यवान ग्राहकों पर मूल्य वृद्धि के प्रभाव को कम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### गिरिजा व्यास का हुआ अंतिम संस्कार

**उदयपुर ।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं कांग्रेस की वरिष्ठ नेता डा गिरिजा व्यास का शुक्रवार को अंतिम संस्कार किया गया। व्यास का अशोक नगर मोक्षधाम में अंतिम संस्कार किया गया। इससे पहले डा व्यास की अंतिम यात्रा उनके निवास से शुरू हुई और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उनकी अर्थी को कंधा दिया। डा व्यास का पार्थिव शरीर गुरुवार देर रात उदयपुर पहुंचा और शुक्रवार को उनके निवास पर श्री गहलोत, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित कांग्रेस के कई नेताओं ने उनके अंतिम दर्शन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### आइटीबीपी ने माउंट मकालू फतह कर बनायी कीर्तिमान

**नयी दिल्ली ।** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) ने विश्व की पाँचवीं सबसे ऊँची चोटी नेपाल की माउंट मकालू (8,485 मीटर) पर सफल आरोहण कर एक और ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया।

आइटीबीपी के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि बल के दल ने पिछले महीने की 19 तारीख को यह उपलब्धि हासिल की। यह किसी भी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल द्वारा इस शिखर पर किया गया पहला आरोहण है।



PR No.351547 (IPRD) 25-26 Women, Child Development & Social Security